फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 334 प्रभात जयपुर, गुरुवार 6 जुलाई, 2023 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 3.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू


# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

Metro

epaper.rashtradoot.com

ARBiT




Mohammed Ali Khan Executed Without Trial

Having gained marks in excess of all European pupils, both civil and military. But what was the result? I was nominated to the rank of 'jemadar' of the Company

Getting Kids Into Science

To get kids into science, it's best to engage them alongside their families.




*कहा जा रहा है कि, पीले बॉर्डर वाली, अतिलोकप्रिय नैशनल जियोग्राफिक मैगज़ीन ने अपने अंतिम स्टाफ लेखकों को भी हटा दिया है। पहली बार 1988 में छपी यह मैगज़ीन अब बंद होने के कगार पर है। एक दशक से यह मैगज़ीन डिजिटल पब्लिशिंग की चुनौतियों से जूझ रही थी। वॉशिंगटन पोस्ट के अनुसार, विज्ञान और प्रकृति से सम्बंधित आलेख आम जनता तक पहुंचाने और सुंदर तस्वीरों के लिए विख्यात यह मैगज़ीन अगले वर्ष तक अमेरिका में न्यूज़ स्टैंड से भी गायब हो जाएगी। रिपोर्ट के अनुसार गत 9 महीनों में दूसरी बार और 2015 में स्वामित्व परिवर्तन के बाद से चौथी बार इस मैगज़ीन के स्टाफ की छंटनी हुई है। वर्तमान में कम्पनी के 73 प्रतिशत शेयर्स वॉल्ट डिज़नी के पास हैं और वही कम्पनी इस मैगज़ीन की स्वामी है। सितम्बर में डिज़नी ने 7 टॉप संपादकों को हटा दिया था। मैगज़ीन के कर्मचारियों ने बताया कि, मैगज़ीन ने लागत कम करने के कई फैसले किए और फोटोग्राफर्स के साथ अनुबंध भी कम कर दिए गए, जिनकी बदौलत फोटो ग्राफर्स महीनों फील्ड में रहकर अभूतपूर्व तस्वीरें खींचते थे। नवीनतम कटौती में संपादकीय स्टाफ से 19 लोगों को हटाया गया है, इन सभी को अप्रैल में नोटिफाई कर दिया गया था। हटाए गए संपादकों ने ट्विटर पर मैगज़ीन के साथ अपने अनुभव साझा किए। वरिष्ठ लेखक क्रेग वैल्च ने लिखा ''मैं भाग्यशाली हूँ मुझे असाधारण पत्रकारों के साथ काम करने और वैश्विक कहानियाँ बताने का मौका मिला। यह बहुत सम्मान की बात है।'' बताया जाता है कि, अब पत्रिका फ्रीलांसर्स और अतिथि लेखकों के साथ काम करेगी।*

# ए.आई.सी.सी. ने एक बार फिर शांति धारीवाल, महेश जोशी व धर्मेन्द्र सिंह को ''अवांछनीय'' माना

## ए.आई.सी.सी. ने डोटासरा की अधिकृत सिफारिश के बावजूद इन तीनों नेताओं को आमंत्रित नहीं किया

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- **आमंत्रण तो मिलेगा ही, यह मान कर धारीवाल दिल्ली पहुंच गये थे, पर, उन्हें मायूसी ही मिली।**
- **जैसा कि विदित ही है, गुरूवार को प्रातः राजस्थान के आगामी चुनाव के मुताल्लिक भारी बैठक बुलायी गयी है, जिसमें खड़गे, रंधावा, डोटासरा, वेणु गोपाल व सचिन पायलट भाग लेंगे। राहुल गांधी के आने की भी संभावना है तथा गहलोत संभवतया ''ज़ूम'' के मार्फत भाग लेंगे।**
- **इस मीटिंग में कांग्रेस के लगभग 25-30 नेता सम्मिलित होंगे।**
- **इसके बाद शाम को कुछ लोगों की छोटी पर महत्वपूर्ण बैठक होगी, जिसमें पायलट-गहलोत मुद्दे पर कुछ निर्णय होने की संभावना है।**

नई दिल्ली, 5 जुलाई। राजस्थान के परिदृश्य में चर्चा करने के लिये कल दो महत्वपूर्ण मीटिंग होनी हैं।

सुबह होने वाली मीटिंग में करीब 25-30 नेता भाग लेंगे तथा इनमें से अधिकांश लोग दिल्ली पहुँच चुके हैं। ऐसी अपेक्षा की जा रही है कि इस मीटिंग का फोकस राजस्थान के आगामी विधानसभा चुनावों पर होगा तथा इस बात पर चर्चा होगी कि आगामी चुनावों के लिये पार्टी की रणनीति क्या रहनी चाहिये, जिससे भाजपा को हराया जा सके।

समझा जाता है कि राजस्थान पी.सी.सी. ने इस मीटिंग में आमंत्रित किये जाने के लिये शांति धारीवाल, महेश जोशी तथा देवेन्द्र के नाम भेजे थे। लेकिन ए.आई.सी.सी. ने इन्हें उपकृत नहीं किया, अर्थात इनमें से किसी के पास आमंत्रण नहीं भेजा गया है, जबकि धारीवाल तो इस उम्मीद में दिल्ली में ही थे कि उन्हें आमंत्रित किया जायेगा।

ज्ञातव्य है कि इन तीनों ही सज्जनों के पास कांग्रेस अध्यक्ष के खिलाफ विद्रोह को अंजाम देने के मामले में ''कारण बताओ'' नोटिस भेजे गये थे लेकिन इसके बाद, इन लोगों के खिलाफ कोई भी कार्यवाही नहीं की गई।

लेकिन, वस्तुतः, ये लोग ब्लैकलिस्ट कर दिये गये हैं तथा इन्हें फरवरी में रायपुर में आयोजित ए.आई.सी.सी. के सम्मेलन में भी आमंत्रित नहीं किया गया था।

ऐसी आशा की जा रही है कि अशोक गहलोत ज़ूम के ज़रिये इस मीटिंग में शामिल होंगे, वहीं ऐसी भी जानकारी मिली है कि आज शाम हरीश चौधरी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से भेंट की।

कल शाम को एक और मीटिंग होने की उम्मीद है, जो काफी छोटी होगी तथा संभवतः इस मीटिंग में पार्टी की अंदरूनी स्थिति का जायजा लेने के साथ ही, अशोक गहलोत या सचिन पालयट के बीच चल रही कटु लड़ाई के समाधान के तरीकों और साधनों पर विचार किया जायेगा।

इस मीटिंग में, रंधावा, डोटासरा, मल्लिकार्जुन खड़गे, के.सी. वेणुगोपाल तथा सचिन पायलट के उपस्थित होने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

क्या आपको कम सुनाई देता है।?
ऑटोमेटिक कान की मशीनें
स्पीच थैरेपी
कॉकलियर इम्पलांट, ऑटिज्म
डिले स्पीच, हकलाना, तुतलाना
PERFECT SPEECH AND HEARING SOLUTIONS
Tonk Road, JAIPUR | Vaishali Nagar, JAIPUR
सम्पर्क- 94602 07080

# मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने मुसलमानों को यू.सी.सी. के दायरे से बाहर रखने की पैरवी की

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- **लॉ कमिशन को लिखे पत्र में यह तर्क दिया गया है कि, जिस प्रकार आदिवासी (ट्राइबल्स) को यू.सी.सी. से पृथक रखने का प्रस्ताव आया है, ऐसा प्रावधान धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिये भी होना चाहिये।**

नई दिल्ली, 5 जुलाई। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने मांग की है कि आदिवासियों के अलावा धार्मिक अल्पसंख्यकों को भी प्रस्तावित यूनिफॉर्म सिविल कोड (यू.सी.सी.) के दायरे से बाहर रखा जाए।

विधि आयोग के समक्ष अपना पक्ष प्रस्तुत करते हुए पर्सनल लॉ बोर्ड ने कहा कि यू.सी.सी. के नाम पर एकीकृत कानून लाने से भारत जैसे विविधता सम्पन्न देश में लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन होगा।

क्योंकि यहां कई धर्मों, पंथों व संस्कृतियों को मानने वाले लोग रहते हैं। विधि आयोग ने यू.सी.सी. पर कोई भी आपत्ति के प्रस्तुत करने के लिए सभी पक्षों को 14 जुलाई तक का समय दिया है।

हाल ही में भोपाल में एक सभा को संबोधित करते हुए प्रधानंत्री नरेन्द्र मोदी ने यू.सी.सी. के क्रियान्वयन की आवश्यकता पर जोर दिया, साथ ही विपक्षी दलों पर आरोप लगाया कि वे इस मुद्दे का उपयोग कर मुसलमानों को उकसाती हैं और गुमराह करती हैं।

रोचक बात यह है कि भाजपा के सांसद सुशील मोदी, जो कि विधि संबंधी संसदीय समिति के प्रमुख हैं, ने आदिवासी समूहों को यू.सी.सी. के दायरे से बाहर रखने का सुझाव दिया, इसमें पूर्वोत्तर भाग के आदिवासी प्रमुख रूप से शामिल हैं।

सोमवार को संसदीय पैनल की बैठक में कांग्रेस व द्रमुक ने यू.सी.सी. का जोरदार विरोध किया, वहीं शिव सेना (उद्धव ठाकरे गुट) ने कहा कि पहले 22वें विधि आयोग की रिपोर्ट जारी की जाए। वी.आर.एस. जैसी पार्टियों ने कोई राय नहीं दी, वहीं मायावती की बसपा व शिव सेना के शिंदे गुट ने यू.सी.सी. का समर्थन किया।

22वें विधि आयोग की रिपोर्ट में 2018 में कंसलटेशन पेपर बनाते समय यू.सी.सी. पर सुझाव व टिप्पणियां मांगी गई थीं।

संसदीय समिति के सदस्यों ने जानना चाहा कि विधि आयोग यू.सी.सी. पर फिर से लोगों से राय क्यों मांग रहा है।

कांग्रेस प्रतिनिधि ने कहा इस समय यू.सी.सी. की जरूरत नहीं है। इसकी बजाय उन्होंने कहा कि हरेक कानून को स्पष्ट किया जाए और पक्षपाती प्रावधान हटा दिए जाएं।

# कैप्टन अमरिंदर होंगे जम्मू-कश्मीर के नए राज्यपाल?

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- **बताया जाता है कि, सुनील जाखड़ को पंजाब भाजपा का अध्यक्ष बनाए जाने से नाराज कैप्टन अररिंदर को खुश करने के लिए, उन्हें जम्मू-कश्मीर का राज्यपाल बनाने का प्रस्ताव दिया गया है।**

नई दिल्ली, 5 जुलाई। अगले साल अप्रैल में होने वाले अगले लोकसभा चुनावों की तैयारी की दृष्टि से, जहाँ केन्द्रीय मंत्रिमण्डल एवं भाजपा संगठन में फेरबदल किया जा रहा है, वही ऐसी भी अटकलें यहाँ चर्चा में हैं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कुछ राज्यों के राज्यपालों को भी बदल सकते हैं।

जिन राज्यपालों के नाम इस बाबत चर्चा में है, उनमें पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिन्दर सिंह (81) का नाम भी शामिल है, जो अपनी असफल क्षेत्रीय पार्टी को भंग करने के बाद भाजपा में शामिल हो गये थे, यह

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# महाराष्ट्र व गोवा, कर्नाटक के उद्योगों को लुभाने की कोशिश में

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- **इन राज्यों ने कर्नाटक में हाल ही में बिजली के दामों में हुई भारी वृद्धि की मार से बचने के लिये कम बिजली की दर के अलावा कई और रियायती पैकेज देने का प्रस्ताव रखा है।**
- **जैसा कि विदित ही है, बिजली की दर में भारी वृद्धि होने से कर्नाटक के छोटे, लघु व मध्यम स्तर के उद्योग बंद होने के कगार पर हैं।**

नई दिल्ली, 5 जुलाई। कर्नाटक के पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र और गोवा वहाँ पैदा हो रहे संकट का लाभ उठाने की कोशिश कर रहे हैं। दरअसल, कर्नाटक का उद्योग जगत वहाँ बिजली की दरों में की गई भारी वृद्धि का विरोध कर रहा है। बिजली की दरें बढ़ने से छोटे तथा मँझोले उद्योग संकट में पड़ गये हैं।

महाराष्ट्र तथा गोवा प्रशासन ने कर्नाटक के सीमावर्ती क्षेत्रों में अपने ''फीलर्स'' (टोह लेने वाले) भेजना शुरु कर दिया। ये फीलर्स वहाँ के उद्योगों को सस्ती बिजली तथा अन्य सुविधाओं की पेशकश करते हुये, यूनिटों का अपनी दुकानें सीमा-पार स्थापित करने के लिये आमंत्रित कर रहे हैं।

बेलागावी चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष हेमेन्द्र पोरवाल ने कहा, ''मैं बेलागावी में बैठता हूँ तथा यहाँ से महाराष्ट्र सिर्फ 13 किमी के फासले पर है लेकिन इस प्रकार से किसी उद्योग को शिफ्ट करना आसान नहीं होता। इसके अलावा, मुझे बेलागावी से इतना लगाव है कि मैं सीमा पार जाने की सोच भी नहीं सकता। लेकिन उन्होंने इस बात की पुष्टि की कि उनके कुछ साथी व्यवसायियों के पास ''फीलर्स'' आ रहे हैं।

उन्होंने कहा, ''लेकिन ऐसे फीलर्स तो यहाँ हमेशा ही आते रहते हैं। महाराष्ट्र और गोवा हमें (यहाँ के उद्योगों को) अनेक वर्षों से वहाँ आमंत्रित करते आ रहे हैं तथा वे अपने आमंत्रणों का फॉलो-अप करने की दिशा में नये-नये प्रयास करते रहते हैं।''

बी.सी.सी.आई. के इस पदाधिकारी ने कहा कि सीमा-पार से की जा रही इन नई पहलों की ज्यादा गहराई में नहीं जाना चाहिये। लेकिन उन्होंने यह भी कहा, ''अगर स्थितियाँ प्रतिकूल बनी रहीं, तथा बेलगाम को इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं विकास की आवश्यक सुविधा उस मात्रा में नहीं मिली, जिस मात्रा में मिलनी चाहिये, तो कुछ लोग निश्चित रूप से इन प्रस्तावों पर पुनर्विचार करने लगेंगे।''

पोरवाल ने कहा कि कोल्हापुर को देखिये तथा वहाँ के उद्योगों के पास जिस प्रकार की सुविधाएँ तथा इन्फ्रास्ट्रक्चर है, उस पर नज़र डालिए। उन्होंने कहा कि कर्नाटक सरकार को राज्य के सभी भागों में इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास को

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# नकद लेन देन पर सरकार की पैनी नज़र

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- **आयकर विभाग का निर्देश हैं कि, बैंक में दस लाख रू. नकद जमा करने, क्रेडिट कार्ड के एक लाख रू. या उससे अधिक के बिल का नकद भुगतान करने और 30 लाख रू. की सम्पत्ति को खरीदने या बेचने पर नकद भुगतान की जानकारी दी जाए।**

नई दिल्ली, 5 जुलाई। आयकर विभाग ने एक वर्ष में 10 लाख रू. से अधिक के नकद लेन-देन का पर्यवेक्षण करने के आदेश दिए हैं। ये लेन-देन एक वित्तीय वर्ष में बैंक की सावधि जमा और बचत खाता, शेयर की खरीद, म्युचुअल फंड, डिबेंचर और बाँड में हो सकते हैं।दो अन्य नकद लेन-देन जिन पर निगरानी रखी जाएगी वे हैं, एक बार में 1 लाख रूपए से अधिक क्रेडिट कार्ड बिलों का नकद भुगतान या संपत्ति के रजिस्ट्रार के यहाँ बड़ा नकद लेन-देन। रजिस्ट्रारों को निर्देश हैं कि यदि कोई 30 लाख रूपए से अधिक की सम्पत्ति नकद में बेचता या खरीदता है, तो उसकी सूचना आयकर विभाग को दी जाएगी। आयकर अधिकारियों को निर्देश दिए गए है कि वे संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर नकद भुगतान के धन का स्त्रोत मालूम करें।

# शरद पवार ने एन.सी.पी. की कार्यकारिणी की बैठक बुलायी गुरूवार को दिल्ली में

## दूसरी ओर चुनाव आयोग को अजीत पवार का पत्र प्राप्त हुआ है, जिसमें उन्होंने पार्टी के नाम व चुनाव चिन्ह पर अपना हक मांगा है

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- **पत्र में अजीत पवार ने यह भी दावा किया है कि, अजीत पवार पार्टी के नये अध्यक्ष हैं। पर, पत्र में यह स्पष्ट नहीं किया गया कि, कब व कैसे वे अध्यक्ष निर्वाचित हुए और उन बैठक में कितने और किन-किन लोगों ने भाग लिया था।**
- **शरद पवार ने भी चुनाव आयोग को पत्र लिखा कि, कोई भी व्यक्ति एन.सी.पी. का अध्यक्ष नहीं बन सकता, क्योंकि शरद पवार पार्टी के संविधान में अंकित प्रावधान के अनुसार जीवन पर्यन्त अध्यक्ष रहेंगे।**
- **इसके अलावा यह भी उल्लेखनीय है कि, शरद पवार ने तीन जुलाई को एक ''केविएट'' दाखिल की थी कि, अजीत पवार के किसी भी पत्र पर कार्यवाही नहीं हो, जब तक शरद पवार को भी सुन नहीं लिया जाता।**

नई दिल्ली, 5 जुलाई। नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एन.सी.पी.) के सुप्रीमो शरद पवार ने गुरूवार को यहां राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक बुलाई है ताकि उनके भतीजे अजीत पवार द्वारा विद्रोह करने से हुए विकास की समीक्षा हो सके और चुनाव आयोग तथा सुप्रीम कोर्ट में इससे निपटने की रणनीति बनाई जा सके।

पवार ने कार्यकारिणी की बैठक दिल्ली में अपने आवास पर बुलाई है। वे बुधवार की शाम दिल्ली रवाना हो गए। इससे पहले बुधवार को मुम्बई में दोनों धड़ों की बैठक हुई।

शरद पवार ने अपने निवास पर गुरूवार दोपहर 3 बजे बैठक बुलाई है।

शरद पवार गुट ने कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल द्वारा 30 जून को बुलाई गई राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक को अवैध बताया है, यह बैठक कथित तौर पर अजीत पवार को पार्टी का नया अध्यक्ष बनाने के लिए बुलाई गई थी। शरद पवार गुट ने कहा कि 30 जून को ऐसी कोई बैठक नहीं हुई और कम से कम आठ ऐसे सदस्यों के नाम बताए जिन्हें कोई नोटिस नहीं मिला।

अजीत गुट का 30 जून का पत्र चुनाव आयोग को 5 जुलाई को प्राप्त हुआ जिसमें दावा किया गया है कि अजीत पवार ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का कार्यभार संभाल लिया है और उनके धड़े को पार्टी का नाम और चिन्ह दिया जाय। पत्र में यह नहीं बताया गया है कि, अजीत पवार कब और कहां पार्टी अध्यक्ष निर्वाचित हुए और कितने लोगों ने मतदान में भाग लिया।

शरद पवार गुट ने दावा किया कि एन.सी.पी. का अध्यक्ष कोई और नहीं बन सकता, क्योंकि चुनाव आयोग द्वारा स्वीकृत पार्टी के संविधान के अनुसार शरद पवार आजीवन पार्टी अध्यक्ष हैं।

चुनाव आयोग के सूत्रों ने कहा कि उसे दोनों पक्षों से पत्र मिले हैं लेकिन उनके साथ आवश्यक दस्तावेज नहीं है जिससे चुनाव आयोग उनके दावों का परीक्षण कर सके।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पेन्नियार नदी जल विवाद की सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट के दो जजों का इन्कार

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- **जस्टिस ए.एस. बोपन्ना और एम.एम. सुंद्रेश जो क्रमशः कर्नाटक व तमिलनाडू के हैं, ने दोनों राज्यों के इस विवाद की सुनवाई से यह कह कर खुद को अलग कर लिया कि, अगर वे बैंच में बैठे तो लड़ने लगेंगे।**

नई दिल्ली, 5 जुलाई। सुप्रीम कोर्ट के जजों जस्टिस ए.एस. बोपन्ना और एम.एस. सुंद्रेश ने कर्नाटक और तमिलनाडू के बीच चल रहे पेन्नियार नदी के जल बंटवारे के मुकदमे से खुद को अलग कर लिया है। उनका कहना है कि वे इन दो राज्यों से हैं और बैंच में बैठेंगे

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**प्रकृति अपरिमित ज्ञान का भंडार है, पत्ते-पत्ते में शिक्षापूर्ण पाठ हैं, परंतु उससे लाभ उठाने के लिए अनुभव आवश्यक है। –हरिऔध**

# वर्षा जल की एक-एक बूंद है अनमोल

देश में हर साल मानसून आता है और सर्वत्र बारिश होती है, इसके बावजूद लोग पानी के लिए तरस जाते है। इसका एक मुख्य कारण है हम वर्षा जल का संचयन नहीं कर पाते। मौसम विभाग की माने तो मानसून भारत में प्रवेश कर चुका है। कश्मीर से कन्याकुमारी तक बारिश शुरू हो गई है। मानसून अपने साथ अपार खुशियां लेकर आता है। लोगों को पीने के लिए जहाँ पानी मिलता है वहां किसान अपने खेतों में बुवाई शुरू कर देते है। बारिश से कई जगह बाढ़ की हालत भी हो गई है। वर्षा जल की एक-एक बूंद अनमोल है। जल है तो जीवन है। इसका संचय, संरक्षण से ही मानव जीवन की रक्षा संभव है। जल की अनावश्यक बर्बादी नहीं होने दें। जल संरक्षण के लिए सभी को जागरूक होना होगा और सामूहिक प्रयास करना होगा। इससे जल संरक्षण की दिशा में बेहतर परिणाम देखने को मिलेंगे।

वर्षा के जल को किसी खास माध्यम से संचय करने या इकट्ठा करने की प्रक्रिया को वर्षा जल संचयन कहा जाता है। विश्व भर में पेयजल की कमी एक संकट बनती जा रही है। इसका कारण पृथ्वी के जलस्तर का लगातार नीचे जाना भी है। इसके लिये अधिशेष मानसून अपवाह जो बहकर सागर में मिल जाता है, उसका संचयन और पुनर्भरण किया जाना आवश्यक है ताकि भूजल संसाधनों का संवर्धन हो पाये। अकेले भारत में ही व्यवहार्य भूजल भण्डारण का आकलन 214 बिलियन घन मी. (बीसीएम) के रूप में किया गया है जिसमें से 160 बीसीएम की पुनः प्राप्ति हो सकती है। इस समस्या का एक समाधान जल संचयन है। यहाँ सवाल यह उत्पन्न होता है की भारी मात्रा में मानसूनी जल उपलब्ध होने के बावजूद हम जल संकट सामना क्यों कर रहे है। इसका जवाब है हमने अपने परंरागत जल श्रोत समाप्त कर दिए।

भारत को कुए-बावड़ी टांकों और तालाबों का देश कहा जाता है। यहाँ लाखों की संख्या में परंपरागत जल श्रोत थे। नदियां हर समय पानी से लबालब भरी होती थी। इसके बावजूद हम जल समस्या का सामना कर रहे है। यह समस्या हर साल गहराती जा रही है। खेत तो दूर की बात पीने को भी पानी नहीं मिल पा रहा है। यही कारण है की भारत सरकार ने जल शक्ति मंत्रालय का गठन कर जल संचयन का बीड़ा उठाया है। हमारे देश में हर साल मानसून में बहुत सा पानी व्यर्थ बह जाता है जिसके संचयन की कारगर व्यवस्था अब तक नहीं खोजी जा सकी है। साल भर में होने वाली बारिश का कम से कम 31 प्रतिशत पानी धरती के भीतर रिचार्ज के लिए जाना चाहिए। जब की केवल 13 प्रतिशत पानी ही धरती में समाता है। रिचार्ज नहीं होने की वजह से भूगर्भ में पानी की कमी हो जाती है और उसका खामियाजा हमें भुगतना पड़ता है।

**हमारे देश में सूखा और बाढ़ की अजब गजब स्थिति है। देश के किसी भाग में सूखा तो किसी में बाढ़ अक्सर हम देखते है। यह समय मानसून का है और मानसून ने देश में प्रवेश कर लिया है। भारत सरकार द्वारा कैच द रैन कार्यक्रम के तहत वर्षा जल संचयन अभियान देश भर में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में चलाया जा रहा है और इसका नारा है जहां भी गिरे और जब भी गिरे, वर्षा का पानी इकट्ठा करें।**

मौसम विभाग ने अनुमान लगाया है कि इस वर्ष देश में बंपर बारिश हो सकती है। इस अच्छी बारिश का संचय कर पेयजल संकट से निपटने के साथ खेतों में बंपर पैदावार हासिल की जा सकती है। देश इस समय भीषण जल संकट से गुजर रहा है और इस आसन्न संकट पर जल्द काबू नहीं पाया गया तो हालत बदतर होने की सम्भावना है। भारत अब तक के सबसे बड़े जल संकट से जूझ रहा है।

देश के करीब 60 करोड़ लोग पानी की कमी का सामना कर रहे हैं। करीब 75 प्रतिशत घरों में पीने का पानी उपलब्ध नहीं है। साथ ही, देश में करीब 70 प्रतिशत पानी पीने लायक नहीं है। साफ और सुरक्षित पानी नहीं मिलने की वजह से हर साल करीब दो लाख लोगों की मौत होती है। पृथ्वी पर कुल जल का अढ़ाई प्रतिशत भाग ही पीने के योग्य है। इनमें से 89 प्रतिशत पानी कृषि कार्यों एवं 6 प्रतिशत पानी उद्योग कार्यों पर खर्च हो जाता है। शेष 5 प्रतिशत पानी ही पेयजल पर खर्च होता है। यही जल हमारी जिन्दगानी को संवारता है।

अगर बरसात के बाद नदी-नालों से बहने वाले पानी का प्रभावी तरीके से संग्रहण किया जाय तो पानी कई गुना और ज्यादा मिलने लगेगा। वैश्विक संस्थाओं की लगातार चेतावनियों का लगता है लोगों पर कोई असर नहीं पड़ा है। विभिन्न संगठनों की पानी सम्बन्धी रिपोर्टों में साफ कहा गया है की भूगर्भ में अब पानी नहीं रहा है और बरसात का पानी सहेजने में हम नकारा साबित हुए है। विशेषकर भारत में पानी के प्रति घोर लापरवाही का परिणाम आम आदमी को शीघ्र भुगतना होगा। दुनियाभर में 200 करोड़ से ज्यादा लोग साफ पानी और स्वच्छता जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं।

हमारे देश में सूखा और बाढ़ की अजब गजब स्थिति है। देश के किसी भाग में सूखा तो किसी में बाढ़ अक्सर हम देखते है। यह समय मानसून का है और मानसून ने देश में प्रवेश कर लिया है। भारत सरकार द्वारा कैच द रैन कार्यक्रम के तहत वर्षा जल संचयन अभियान देश भर में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में चलाया जा रहा है और इसका नारा है जहां भी गिरे और जब भी गिरे, वर्षा का पानी इकट्ठा करें। इस अभियान को 30 नवबंर तक चलाया जायेगा। नीति आयोग के अनुसार, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग को जल संरक्षण और भूजल को रिचार्ज करने का एक सरल, व्यवहारिक और पर्यावरण के अनुकूल तरीका माना जाता है। ऐसे में देश के कई राज्यों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग को अनिवार्य बना दिया गया है। शहरी विकास मंत्रलय के मुताबिक प्रति 100 स्क्वायर मीटर क्षेत्र की छत से हर साल 55,000 लीटर तक जल का संरक्षण किया जा सकता है।

प्रधान मंत्री लगातार जल संचयन को जन आंदोलन बनाने पर खासा जोर दे रहे है। आम आदमी को जल संरक्षण एवं समझाइश के माध्यम से पानी की बचत का सन्देश दे रहे है। अब आवश्यकता इस बात की है कि हम जल के महत्व को समझे और एक-एक बूंद पानी का संरक्षण करें तभी प्यास बुझाई जा सकेगी। सरकार को जनता में जागरूकता लाने के लिए विशेष प्रबन्ध और उपाय करने होंगे। है। आम आदमी को जल संरक्षण एवं समझाइश के माध्यम से पानी की बचत का सन्देश देना होगा। वर्षा की अनियमितता और भूजल दोहन के कारण भी पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। आवश्यकता इस बात की है कि हम जल के महत्व को समझे और एक-एक बूंद पानी का संरक्षण करें तभी लोगों की प्यास बुझाई जा सकेगी।

**–अतिथि संपादक,**
**बाल मुकुन्द ओझा**
**वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार**

## राशिफल गुरूवार 6 जुलाई, 2023



पंडित अनिल शर्मा

प्रथम सावन मास (शुद्ध), कृष्ण पक्ष, तृतीया तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2080, धनिष्ठा नक्षत्र रात्रि 12:25 तक, प्रीति योग रात्रि 12:00 तक, विष्टि करण प्रातः 6:31 तक, चन्द्रमा आज दिन 1:38 से कुम्भ राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-मिथुन, चन्द्रमा-मकर, मंगल-सिंह, बुध-मिथुन, गुरू-मेष, शुक्र-कर्क, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज भद्रा प्रातः 6:31 तक है। शुक्र मघा सिंह रात्रि 4:06 पर प्रवेश करेगा। आज चतुरथी व्रत है। चन्द्रोदय जयपुर में रात्रि 10:46 पर होगा। पंचक दिन 1:38 से आरम्भ होंगे। आज चतुरथी तिथि का क्षय हुआ है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़ियाः** शुभ सूर्योदय से 7:25 तक, चर 10:49 से 12:31 तक, लाभ-अमृत 12:31 से 3:56 तक, शुभ 5:38 से सूर्यास्त तक।

**राहूकालः** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 5:42, सूर्यास्त 7:21

**मेष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

**सिंह**
अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। दिन के मध्यान्ह परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**धनु**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

**वृष**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। चलते कार्यों में प्रगति होगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक सफलता से मनोबल बढ़ेगा।

**कन्या**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक स्थिति में सुधार होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी।

**मकर**
मन:स्थिति ठीक रहेगी। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। आर्थिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

**मिथुन**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। महत्वपूर्ण कार्यों में आ रही अड़चनें अभी यथावत बनी रहेगी। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। दिन के मध्यान्ह अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।

**तुला**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी।

**कुंभ**
अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। अनावश्यक धन खर्च होगा। मन में असंतोष बना रहेगा। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। दिन के मध्यान्ह पश्चात मानसिक तनाव से राहत मिलेगी।

**कर्क**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। दिन के मध्यान्ह पश्चात अष्टम चन्द्र शुभ नहीं है।

**वृश्चिक**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक सफलता से मनोबल ऊंचा रहेगा। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

**मीन**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। दिन के मध्यान्ह पश्चात पारिवारिक कारणों से मन में असंतोष बना रहेगा।

# रास्ते पर किये अतिक्रमण हटाने की मांग, आयुक्त व एडीएम को ज्ञापन सौंपा

## लोगों को आने-जाने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है

**जालोर, (कासं)।** जालोर के सरगरों की ढाणी के आसपास निवास करने वाले लोगों ने रास्ते पर किये गये अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर बुधवार को शिव सेना के जिला प्रमुख रूपराज राजपुरोहित के नेतृत्व में नगरपरिषद के आयुक्त व एडीएम को ज्ञापन सौंपा। जालोर के सरगरों की ढाणी के लोग लक्ष्मी नारायण नगर, राजपूत हॉस्टल के पास निवास करने वाले परिवार सहित अन्य लोगों ने उनके आवागमन का रास्ता रोकने पर ज्ञापन सौंपा।



**जालोर के सरगरों की ढाणी मार्ग पर अतिक्रमण करने के विरोध में लोग शिव सेना के नेतृत्व में ज्ञापन देने नगरपरिषद पहुंचे।**

शिव सेना के जिला प्रमुख रूपराज राजपुरोहित के नेतृत्व में ज्ञापन सौपा कर बताया कि इस मार्ग पर रहने वाले लोग रोज पेट पालन मजदूरी के लिए शहर में आते हैं तथा शाम को राजपूत हॉस्टल से होते हुए भंवरलाल नामक व्यक्ति के प्लॉट के आगे से घर लौटते हैं। उक्त रास्ता मुख्यमंत्री बजट घोषणा के अंतर्गत डामर सड़क सैंक्शन होकर मौके पर भंवरलाल के प्लॉट के आगे तक सड़क आई तो भंवर लाल व उसके परिवार वालों ने उक्त डामर सड़क का कार्य रुकवा दिया। वहीं पीडब्ल्यूडी कार्यालय में नगर परिषद द्वारा सूचना देकर उक्त सड़क का अतिक्रमण ध्वस्त करने तथा रास्ते में बांधा को निस्तारण को कहा। इस कार्य के संबंध की अर्जी नगर परिषद आयुक्त को ठेकेदार द्वारा दी गई। जिसकी प्रार्थना पत्र के संबंध में आयोग ने जालोर द्वारा पुलिस अधीक्षक, जिला कलेक्टर जालोर, पुलिस कोतवाली जालोर पुलिस सुरक्षा के लिए पत्र लिखा था तथा नगर परिषद उडन दस्ता द्वारा 25 अप्रैल 2023 को उक्त चिन्हित स्थल पर मौके पर ग्रेवल सड़क का कार्य पूर्ण का रास्ता पूर्ण कर मौके पर रास्ता सुचारू रूप से शुरू हो गया। लोगों को उक्त रास्ता से आना जाना शुरू हो गया। भंवरलाल द्वारा बार-बार रास्ते पर अतिक्रमण किया जा रहा है। जिससे लोगों को आने जाने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में रास्ते पर किये गये अतिक्रमण हटाकर रास्ता दिलाने की मांग की गई। इस दौरान शिवसेना जिला प्रमुख रूपराज पुरोहित, शिवसेना जिला सचिव योगी शेषनाथ, तथा शिवसेना सदस्य सुरेन्द्रसिंह, भंवर, हंजाराम, रमेश, मुकेश, कपुराराम, मोहनलाल, खेताराम, भोपालसिंह, जसवंत सिंह, अनिल, भरतनाथ तथा महिलाएं हवली देवी, पंकी देवी, फूली, सुन्दर आदि कई महिलाएं व सदस्य मौके पर मौजूद रहे।

■ **इस मार्ग पर रहने वाले लोग रोज पेट पालन मजदूरी के लिए शहर में आते हैं**

# केन्द्रीय मंत्री शेखावत के प्रयासों से जोधपुर को वंदे भारत ट्रेन की सौगात मिली

## प्रधानमंत्री वर्चुअल रूप से सात जुलाई को जोधपुर से इसे रवाना करेंगे

**जोधपुर, (का.सं.)।** केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत के सार्थक प्रयासों से राजस्थान की दूसरी सेमी हाई स्पीड वंदे भारत ट्रेन जोधपुर से आरंभ हो रही है। सात जुलाई को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी वुर्चअल रूप से इसे रवाना करेंगे। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत जोधपुर में मौजूद रहेंगे। मंत्री शेखावत इसमें सवार होंगे। यह वंदे भारत ट्रेन जोधपुर से साबरमती तक जाएगी। ट्रेन के आज जोधपुर स्टेशन पहुंचने से यहां पर लोगों में खुशी का माहौल है।

जोधपुर में वंदे भारत एक्सप्रेस आरंभ करने के लिए केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को आग्रह किया था। इस पर रेल मंत्री ने जोधपुर को यह सौगात दी है। इसको लेकर जोधपुरवासियों को लम्बे समय से इंतजार था। केन्द्रीय मंत्री शेखावत के आग्रह पर राजस्थान की दूसरी वंदे भारत ट्रेन जोधपुर से आरंभ हो रही है। जोधपुर से साबरमती के मध्य चलने वाली इस ट्रेन को जोधपुर के लोग काफी उत्साहित है। ट्रायल के एक दिल पहले वंदे भारत के जोधपुर रेलवे स्टेशन पर पहुंचने पर इसे देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी। इसका ट्रायल रन पांच को है। विधिवत रूप से जोधपुर के भगत कोठी स्टेशन से सात जुलाई को रवाना किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुटल रूप से इसे हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। जोधपुर में आयोजित होने वाल समारोह में केन्द्रीय मंत्री शेखावत विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। जोधपुर को वंदे भारत की सौगात दिलाने पर भाजपा शहर जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सालेचा ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं जोधपुर सांसद केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत का आभार व्यक्त किया है। भाजपा ने कहा कि राजस्थान की दूसरी वंदे भारत जोधपुर से रवाना हो रही इसको लेकर जोधपुर के लोगों में खुशी एवं उत्साह का माहौल है। यह ट्रेन जोधपुर से साबरमती तक जाएगी। भारतीय जनता पार्टी ने केन्द्रीय मंत्री शेखावत से यह भी आग्रह किया है कि जोधपुर से दिल्ली के मध्य ऐसी ही सेवा आरंभ की जाए। केन्द्रीय मंत्री शेखावत ने आश्वस्त किया है कि शीघ्र ही जोधपुर से दिल्ली के लिए भी वंदे भारत ट्रेन आरंभ की जाएगी। इसके लिए भी रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को आग्रह किया गया है।

■ **केन्द्रीय मंत्री शेखावत इस दौरान मौजूद रहेंगे**

# उपखंड अधिकारी कार्यालय में निकला सांप

## कैट स्नेक (बिल्ला सांप) को सुरक्षित रेस्क्यू किया

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी, (निसं)।** राजस्थान वाइल्डलाइफ एंड नेचर सोसाइटी ने उपखण्ड अधिकारी कार्यालय सहित कई जगह से 10 सांपों को सुरक्षित रेस्क्यू करके आमजन को सर्पभय से मुक्त किया है।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार शाम को उपखंड अधिकारी कार्यालय में एक सांप घुस गया, जिसकी सूचना वन्यजीव विशेषज्ञ, सर्पमित्र, मिशन स्नेक बाईट डेथ फ्री इंडिया के राजस्थान स्टेट कॉर्डिनेटर कैलाश चंद सैनी को मिली। सैनी अपनी टीम बुद्ध प्रकाश सैनी, पंकज वर्मा पूर्व पार्षद ,जालिमसिंह के साथ कार्यालय पर पहुंच कर कैट स्नेक बिल्ला सांप को सुरक्षित रेस्क्यू किया। इसी तरह अमरचंद सैनी वार्ड नं 32 के घर से एक बिग साइज ब्लैक रॉयल सांप ,मानासी गांव से एक बिग साइज ब्लैक रॉयल साँप, जयराम धूत के घर से कोबरा सांप, वार्ड नं 35 ज्ञान कंवर के घर कोबरा सांप, दिनवा गांव से एक कोबरा सांप, रामावतार सैनी, बजाजों के कुएं के पास के घर से एक कोबरा सांप, मान सिंह शेखावत कुमास के घर से कोबरा सांप एवं मोदी यूनिवर्सिटी कैंपस से 2 मॉनिटर लिजार्ड को सुरक्षित रेस्क्यू करके वन विभाग के निर्देश पर जंगल मे छोड़ दिया गया।

# टमाटर महंगे होने से रसोई का बजट बिगड़ा

## जैसलमेर में टमाटर 120 रुपए किलो बिक रहा है

**जैसलमेर, (नि.सं.)।** जैसलमेर में इन दिनों टमाटर के भाव आसमान छू रहे हैं। आम दिनों में 20 रुपए किलो में आसानी से नसीब होने वाला टमाटर अब 120 रुपए किलो के हिसाब से जैसलमेर में बिक रहा है। रसोई घर में हर सब्जी में और इसके साथ ही सलाद का राजा टमाटर अब रसोई का बजट बिगाड़ रहा है। सब्जी बेचने वाले दुकानदारों का कहना है कि सब्जियों के भाव बढ़ने से ग्राहकी भी घट गई। लोग आते हैं लेकिन भाव सुनकर बिना सब्जी लिए लौट रहे हैं। ज्यादातर माल गुजरात से आता है और ऐसा बताया जा रहा है कि बिपरजॉय तूफान के बाद बारिश की वजह से टमाटर महंगा हो गया है। टमाटर के साथ ही और भी कई सब्जियां भी महंगी हुई है।

■ **भाव सुन बिना सब्जी लिए लौट रहे हैं लोग**

# ग्रामीणों ने वनकर्मियों की टीम पर हमला किया

## मछली पकड़ने से रोकने से नाराज थे ग्रामीण

**सवाई माधोपुर, (निसं)।** जिले में ग्रामीणों को मछली पकड़ने से रोकना वनकर्मियों को भारी पड़ गया। मछली पकड़ने से रोकने से नाराज ग्रामीणों ने वनकर्मियों की टीम पर हमला कर दिया। ग्रामीणों के हमले में दो वनकर्मी घायल हो गए। जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के मुताबिक्र रणथंभौर नेशनल पार्क से सटे जैतपुर गांव के ग्रामीणों ने वन विभाग के गश्ती दल पर उस वक्त हमला कर दिया जब वनकर्मियों की टीम मछली पकड़ने वाले ग्रामीणों की बाइक जब्त कर ला रहे थे। ग्रामीणों के हमले में दो वनकर्मी घायल हो गये। जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जहाँ दोनों का उपचार चल रहा है। वनकर्मी रमेश चंद्र ने जानकारी देते हुए बताया कि वनकर्मियों की टीम मानसरोवर बांध क्षेत्र में गश्त कर रही थी। जहां कुछ लोग मानसरोवर बांध में मछली पकड़ रहे थे। वनकर्मियों ने मछली पकड़ रहे ग्रामीणों को टोका और उनकी बाईक को जब्त कर ली। मछली पकड़ने से रोकने व बाईक जब्त करने से नाराज तीन चार ग्रामीण वनकर्मियों से झगड़ा करने लगे और बाईक छुड़ाने का प्रयास करने लगे। इसी दौरान करीब 30-35 अन्य ग्रामीण भी वहाँ आ गए और वनकर्मियों पर हमला कर दिया। वनकर्मियों ने जैसे तैसे भागकर अपनी जान बचाई। ग्रामीणों के हमले में दो वनकर्मी घायल हो गए। जिनका जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है।

■ **वनकर्मियों ने जैसे-तैसे भागकर अपनी जान बचाई। ग्रामीणों के हमले में दो वनकर्मी घायल हो गए, जिनका जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है**

# प्रभावशाली लोगों ने आठ सौ बीघा सरकारी भूमि पर कब्जा किया

## सरकारी भूमि पर कब्जा करने की वजह से आवागमन के कई रास्ते बंद

**बाप, (निसं)।** नूरे की भुर्ज पंचायत के कालू खां की ढाणी में प्रभावशाली लोगों ने आठ सौ अधिक बीघा सरकारी भूमि पर कब्जा कर लिया। तारबंदी करने के बाद वंहा खेती कर रहे हैं। बड़ी तादाद में सरकारी भूमि पर कब्जा करने की वजह से कई आवागमन के रास्ते बंद हो गए, जिससे लोग परेशान हैं।

ग्रामीण लंबे समय से इसकी शिकायत स्थानीय प्रशासन को करते आ रहे हैं, लेकिन कार्यवाही नहीं हो रही है। बुधवार को फिर कुछ ग्रामीण बाप पहुंचे तथा उपखंड अधिकारी को ज्ञापन देकर अतिक्रमण हटाने की मांग की। कालू खां ढाणी निवासी अजीज, बच्चू खां, पिरान खां, इलियास, कमरदीन, बरकत, जुनस आदि ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन देकर बताया कि ग्राम कालू खां की ढाणी के खसरा नंबर 255/223 रकबा 816 बीघा भूमि सरकारी भूमि है। जिस पर गांव के प्रभावशाली लोगों ने कब्जा कर रखा है। अतिक्रमण की वजह से पशुओं के विचरण व चरने की भूमि तक नहीं बची। शिकायत के बाद भी कार्यवाही नहीं होने के कारण उन लोगों ने अपने खातेदारी जमीन के साथ उक्त सरकारी जमीन को मिलाकर तारबंदी व जाली कर ली तथा वहां खेती कर रहे हैं।

नहर से पानी की चोरी भी कर रहे हैं। अगर गांव में कोई व्यक्ति अतिक्रमण के बारे में इनसे कुछ कहता है तो वे उनसे मारपीट की धमकी देते है। ग्रामीणों ने रोष जाहिर करते हुए कहा कि अतिक्रमियों के विरूद्ध पहले भी कई बार शिकायतें की गई, लेकिन कार्यवाही नहीं हुई। जिससे अतिक्रमण दिनों दिन बढ रहा है। उपखंड अधिकारी ने ग्रामीणों को उचित कार्यवाही करने का भरोसा दिया है।

■ **उपखंड अधिकारी ने ग्रामीणों को उचित कार्यवाही करने का भरोसा दिया**

■ **नूरे की भुर्ज पंचायत के कालू खां की ढाणी का मामला**

# महिला मोर्चा का कांग्रेस सरकार के खिलाफ थाली नाद प्रदर्शन

## प्रदर्शन के दौरान कई महिलाओं के आई चोट, पुलिस और महिला कार्यकर्ताओं के बीच हुई झड़प




प्रदेश में महिलाओं पर बढ़ रहे अत्याचारों के खिलाफ जयपुर में भाजपा महिला मोर्चा की आक्रोश सभा आयोजित हुई। इसमें महिलाओं ने थाली नाद कर मुख्यमंत्री आवास की तरफ कूच कर प्रदर्शन किया।




भाजपा प्रदेश कार्यालय के बाहर सभा आयोजित की गई जिसे महिला नेत्रियों ने संबोधित किया।

- एक बार फिर वसुंधरा राजे ने बनाई संगठन के कार्यक्रम से दूरी, किए अपने कार्यक्रम
- रिश्वत के रूप में अस्मत मांगने वाले भेड़ियों को कठोर सजा मिलनी चाहिए : सी.पी.जोशी
- आक्रोश सभा के बाद महिलाओं ने किया सी.एम. आवास की ओर कूच, बेरिकेडिंग तोड़ने के दौरानं भरतपुर सांसद सहित दर्जन भर से ज्यादा महिलांए घायल : दीया कुमारी

**जयुपर।** प्रदेश में महिलाओं पर बढ रहे अत्याचारों के खिलाफ भाजपा महिला मोर्चा की आक्रोश सभा आयोजित हुई। जिसमें महिलाओं ने थाली नाद कर मुख्यमंत्री आवास की तरफ कूच कर प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजपा की प्रमुख महिला नेताओं ने महिलाओं को संबोधित किया। इसके बाद बड़ी संख्या में महिलाओं ने सीएम आवास की ओर कूच किया। सीएम आवास की ओर जा रही महिलाओं और पुलिस के बीच बैरिकेडिंग तोड़ने को लेकर जमकर झड़प हुई। जिसमें महिला मोर्चा की नेताओं सहित करीब दर्जन भर से ज्यादा महिलाएं घायल हुई। इसके अलावा प्रदर्शन के दौरान महिलाओं द्वारा बड़ी संख्या में गिरफ्तारी दी गईं। जिन्हे बसों द्वारा अन्य स्थानों पर छोड़ा गया।

इस दौरान प्रदेश की सभी महिला भाजपा नेता प्रदर्शन में शामिल हुई, लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने इस प्रदर्शन से अपनी दूरी बनाए रखी। राजे भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने जयपुर में प्रदेश कार्यालय पर प्रदेश की अकर्मण्य, गूंगी-बहरी और महिला अत्याचारी कांग्रेस सरकार को जागृत करने के लिए भाजपा की मातृशक्ति द्वारा आयोजित 'महिला आक्रोश आंदोलन' को संबोधित किया। जोशी ने कहा कि दिसम्बर 2018 में जब से प्रदेश की कांग्रेस सरकार आई है, इनकी अकर्मण्यता से प्रदेश महिला अपराध में देश के शीर्ष राज्यों में शुमार हो गया है। महिलाएं ना घर में, ना खेत में, ना सड़कों पर, ना एंबुलेंस में, ना अस्पतालों में, ना विद्यालय में, ना पुलिस थाने में, प्रदेश में किसी भी स्थान पर सुरक्षित नहीं है। सड़कों पर पति के सामने सामूहिक दुष्कर्म किया जाता है, सरकारी विद्यालयों में शिक्षक दुष्कर्म करते हैं, जब थाने में सुरक्षा मांगने जाती है तो वहां के अधिकारी रिश्वत के रूप में अस्मत मांगते हैं। मैं कहता हूं ऐसे भेड़ियों को कठोर सजा मिलनी चाहिए।

महिला आक्रोश सभा को संबोधित करते हुए राजस्थान की सह-प्रभारी विजया राहटकर ने कहा कि प्रदेश में थ्री डी सरकार का चलकर रही है। जिसमें दंगे, दुर्वव्यवहार और दलित उत्पीडन का काम किया जा रहा है। आक्रोशित महिलाओं की यह भीड गहलोत सरकार को ललकार रही है, गहलोत सरकार महिलाओं का विश्वास खो चुकी है। प्रियंका गांधी को ललकाते हुए विजया राहटकर ने कहा कि वो कहती थी "लड़की हूं लड़ सकती हूं" लेकिन प्रदेश में लड़की हूं, लूटी जा रही हूं, का हाल है।

भाजपा महामंत्री और सांसद दिया कुमारी ने महिलाओं की सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज की महिला आक्रोश सभा महज एक ट्रेलर है। पूरी फिल्म अभी बाकी है। इस दौरान उन्होने बीकानेर के खाजूवाला, मावली, डूंगरपुर, उदयपुर सहित प्रदेश की अन्य घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि गहलोत सरकार को कुर्सी पर रहने का कोई अधिकार नहीं है। काली और दुर्गा की पूजा करने वाले प्रदेश में आज महिलाओं का इस कदर अपमान अब महिला शक्ति सहन नहीं करेगी।

आक्रोश सभा के बाद सभी आक्रोशित महिलांए सीएम आवास की ओर कूच कर गई। इस दौरान बाईस गोदाम पुलिया से पहले पुलिस और महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की पुलिस से झड़प हुई। इस झडप के दौरान दर्जन भर से ज्यादा महिला मोर्चा की पदाधिकारी और कार्यकर्ता घायल हो गई।

विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस झड़प में घायल हुए महिला नेताओ में सांसद रंजीता कोली, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूजा कपिल मिश्रा, प्रदेशाध्यक्ष अल्का मूंदडा, स्नेहा कंबौज, वर्तिका सैन, रेखा राठौड, सरिता गेना, अनुराधा, नीलम पारीक, वंदना, कोमल तिवाड़ी, जयश्री गर्ग, निकिता, नीलम पूनियां, रानू पारासर और आरती सहित अन्य कुछ महिलाएं भी विरोध प्रदर्शन के दौरान घायल हुई। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर, एंव पदाधिकारी पुलिस झडप और लाठीचार्ज मे घायल महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं से मिलने स्वास्थ्य की जानकारी लेने राजस्थान हॉस्पिटल पहुंचे। अस्पताल सूत्रों के अनुसार अस्पताल में 11 महिलाओं को भर्ती कराया गया है और उनके एक्सरे सहित अन्य जांचे की गई और इलाज किया जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि भर्ती महिलाओं में किसी की हालत गंभीर नहीं है। एसएमएस अस्पतलात के अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा ने बताया कि सांसद रंजीता कोली को सहित नौ लोगों को अस्पताल लाया गया। इनमें से सात लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। वहीं सांसद कोली को चक्कर और सिर दर्द की समस्या हो रही थी। उन्हें इमरजेंसी के कार्डियो न्यूरो मेडिसिन विंग में तीन चार घंटे भर्ती किया गया। प्राथमिक उपचार के बाद सांसद की सीटी स्कैन करवाई, जिसकी रिपोर्ट नॉर्मल आई। तबीयत में सुधार होने पर शाम करीब साढ़े छह बजे उन्हें छुट्टी दे दी गई। इलाज के दौरान उनसे भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने अस्पताल पहुंचकर कुशलक्षेम पूछी।

## ई-ऑक्शन व स्ट्रीट वेंडर लाइसेंस रजिस्ट्रेशन पोर्टल शुरू

**जयपुर (कासं)।** यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने बुधवार को ई-ऑक्शन एवं स्ट्रीट वेंडर लाइसेंस रजिस्ट्रेशन पोर्टल का उद्घाटन किया। इस पोर्टल के माध्यम से अब राज्य की समस्त नगरीय निकाय ऑनलाइन नीलामी कर सकेंगी, जिससे की समय की बचत के साथ साथ पारदर्शिता भी बढ़ेगी। इस अवसर पर चिकित्सा मंत्री परसादी लाल, राजस्व मंत्री रामलाल जाट, सार्वजनिक निर्माण मंत्री भजन लाल जाटव, जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन बामनिया, उच्च शिक्षा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) राजेन्द्र सिंह यादव, प्रमुख शासन सचिव नगरीय विकास विभाग वैभव गालरिया, जयपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त डॉ.जोगा राम, स्वायत्त शासन सचिव महेश चन्द शर्मा, आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल के आयुक्त पवन अरोड़ा, स्वायत्त शासन निदेशक ह्रदेश कुमार शर्मा मौजूद थे। ई-ऑक्शन पोर्टल के लिए विभाग ने आई.सी.आई.सी.आई. बैंक के साथ एम.ओ.यू. किया गया है। स्ट्रीट वेंडर लाइसेंस रजिस्ट्रेशन पोर्टल: स्ट्रीट वेंडर द्वारा अब वेंडिंग लाइसेंस के लिए आवेदन करने एवं प्राप्त करने की प्रक्रिया को सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के माध्यम से पोर्टल विकसित कर ऑनलाइन किया गया है। आवेदक ऑनलाइन एस.एस.ओ. पोर्टल अथवा ई-मित्र के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे।

## 20 अगस्त को जयपुर में होगा महिलाओं का महासम्मेलन

**जयपुर।** 20 अगस्त को जयपुर में महिलाओं का महासम्मेलन 'संवर्धिनी' आयोजित होने जा रहा है। तैयारियों के बीच बुधवार को राज्यपाल ने कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर राजभवन में राज्यपाल कलराज मिश्र के साथ संवर्धिनी महासम्मेलन आयोजनकर्ताओं की पूरी कोर टीम उपस्थित थी। महासम्मेलन के बारे में बताते हुए टीम की सदस्य संगीता जांगिड़ ने कहा कि यह सम्मेलन 20 अगस्त को जयपुर में आयोजित किया जाएगा। आज हमारा देश विश्व में शक्ति संपन्न, वैभव संपन्न, ज्ञान विज्ञान से परिपूर्ण, तथा पूरी दुनिया को शांति के पथ पर ले जाने वाला बनने की ओर अग्रसर है, वहीं दूसरी ओर अनेक चुनौतियां भी हमारे देश के विकास में बाधक बन कर सामने खड़ी हैं। चाहे स्त्री उत्पीड़न हो या फिर आंतरिक सुरक्षा का विषय, परिवारों में संस्कारों का हनन हो अथवा बेटियों की सुरक्षा, अनेक विषय ऐसे हैं जिनका समाधान समाज को मिलकर सोचना होगा, विशेषकर स्त्री शक्ति को।

# आज दिल्ली में तय होगी राजस्थान कांग्रेस की चुनावी रणनीति

## खड़गे की अध्यक्षता और राहुल गांधी की मौजूदगी में होने वाली बैठक में 30 से ज्यादा नेता आमंत्रित

- गहलोत और सचिन पायलट के बीच शीत युद्ध रोकने की चुनौती सबसे बड़ी है आलाकमान के लिए
- इस बैठक में राजस्थान चुनाव के लिए बनने वाली विभिन्न कमेटियों को लेकर भी फैसला होना है

**जयपुर, (का.प्र.)।** राजस्थान विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी नेताओं की रणनीतिक बैठक का समय सुनिश्चित हो गया है और 6 जुलाई को सुबह 10:30 बजे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने यह बैठक बुलाई है।

इस बैठक में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा सहित 30 से ज्यादा नेताओं को आमंत्रित किया गया है, और अधिकांश नेता दिल्ली पहुंच गए हैं। हालांकि मुख्यमंत्री के दोनों पैरों के अंगूठे में लगी हुई है। ऐसे में वे दिल्ली जाकर बैठक में शामिल होंगे या फिर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक में सम्मिलित रहेंगे, यह अभी तय नहीं है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की ओर से बुलाई गई इस बैठक में राहुल गांधी, प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, तीनों सह प्रभारी अमृता धवन, काजी निजामुद्दीन और वीरेंद्र सिंह राठौड़ के साथ ही सचिन पायलट, रघु शर्मा, हरीश चौधरी, मोहन प्रकाश, धीरज गुर्जर, भंवर जितेंद्र सिंह, प्रताप सिंह खाचरियावास, महेंद्रजीत सिंह मालवीय, रघुवीर मीणा व शकुंतला रावत शामिल रहेंगे। इस बैठक में मुख्यत: यह रणनीति तैयार होगी कि राजस्थान में कांग्रेस किस तरह से चुनाव मैदान में उतरे और फिर से सरकार रिपीट हो सके, इसके लिए क्या किया जाए। इस बैठक में जिन नेताओं को बुलाया गया है उन सभी से अलग-अलग सुझाव लिए जाएंगे। उसके बाद में पार्टी आलाकमान तय करेगा कि किस सुझाव पर अमल किया जाए। वहीं चुनाव को लेकर जितनी समितियों का गठन किया जाना है, उनको लेकर भी गुरुवार की बैठक में चर्चा होगी।

वैसे तो यह पार्टी की रणनीतिक बैठक है, लेकिन इसके बावजूद सबसे ज्यादा चर्चा इस बात की है कि क्या इस बैठक के बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच शीत युद्ध की समाप्ति हो जाएगी और क्या दोनों नेता एक साथ पार्टी का प्रचार करने निकलेंगे। जब तक इन दोनों नेताओं के बीच में सुलह नहीं हो जाती है, तब तक किसी भी रणनीति पर पार्टी काम करें, लोगों के बीच एक संशय बना रहेगा।

कहा जा रहा है कि 29 मई को जो बैठक कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बीच हुई थी और उसके बाद में सचिन पायलट को बुलाकर चर्चा की गई थी, उसके बाद सभी मामलों पर विराम लग गया था और दोनों ओर से ही किसी तरह की बयानबाजी नहीं हुई थी। ऐसे में कहा जा रहा है कि उस बैठक में जो बातें हुई थी, उनको अमलीजामा भी गुरुवार को पहना दिया जाएगा।

हालांकि अभी तक यह बात तय नहीं है कि संगठन स्तर पर किस तरह के बदलाव होने हैं और किस नेता को कहां समायोजित किया जाना है। चर्चाओं के अनुसार सचिन पायलट के लिए पार्टी आलाकमान की ओर से चुनाव अभियान समिति या पार्टी महासचिव बनाए जाने का प्रस्ताव है, जिसे लेकर अभी तक पायलट की ओर से सहमति मिलनी बाकी है। इस सहमति के बाद ही पार्टी घोषणा करेगी।

इधर इस बैठक से पहले मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पेपर लीक के आरोपियों के लिए उम्र कैद की सजा करने वाले बिल लाने की घोषणा करके इस तरह से पार्टी आलाकमान और सचिन पायलट को भी एक कदम आगे बढ़ाने का मौका उपलब्ध कराया है। दूसरी ओर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा के साथ पिछले 3 दिन से दिल्ली में मौजूद हैं और प्रदेश कांग्रेस में संगठन विस्तार और जिला कांग्रेस अध्यक्षों की सूची को लेकर विचार विमर्श कर पार्टी अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे तक पहुंचा चुके हैं। अब वहां से अप्रूवल मिलने के साथ ही यह सूचिया कभी भी जारी हो जाएंगी। कुल मिलाकर राजस्थान कांग्रेस को लेकर गुरुवार को होने वाली रणनीतिक बैठक काफी महत्वपूर्ण रहने वाली है।

## अस्पतालों के लिए जरूरी लाइसेंस अब एक प्लेटफ़ॉर्म पर उपलब्ध होंगे

**जयपुर।** मुख्यमंत्री की बजट घोषणा 2023-24 के क्रम में विकसित किए जा रहे एचआईएमएस 2.0 पोर्टल के अन्तर्गत ही सिंगल विंडो सिस्टम को भी शामिल किया जाएगा। इसके विकसित होने के बाद प्रदेश के अस्पतालों क लिए आवश्यक विभिन्न लाइसेंस इस एक ही प्लेटफार्म पर उपलब्ध हो सकेंगे।

चिकित्सा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह की अध्यक्षता में स्वास्थ्य का अधिकार अधिनियम के संबंध में राज्य सरकार एवं आईएमए तथा निजी अस्पतालों के अन्य प्रतिनिधियों साथ हुए एमओयू के तहत सिंगल विंडो के संबंध में बुधवार को बैठक आयोजित की गई।

बैठक में एसीएस ने यह जानकारी दी की एचआईएमएस 2.0 के अन्तर्गत ही सिंगल विंडो सिस्टम विकसित किया जा रहा है। इससे निजी अस्पतालों को आवश्यक सभी लाइसेंस एक ही प्लेटफार्म पर उपलब्ध हो सकेंगे। उन्होंने तत्काल इस पर कार्यवाही करने और अगले साप्ताह इस संबंध में सभी हितधारकों के साथ बैठक आयोजित करने के निर्देश दिये।

बैठक में राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मंडल के अध्यक्ष, राजस्थान स्टेट हेल्थ इंश्यूरेंस एजेंसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्त, आबकारी आयुक्त, तकनीकी निदेशक डीओआईटी, डीएलबी निदेशक और जनस्वास्थ्य निदेशक सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रदेश में अब करोना का कोई मरीज नहीं

**जयपुर।** दो वर्षों तक करोना संक्रमण के खौफ से अब राजस्थान पूर्ण रूप से मुक्त हो गया है। प्रदेश में अब न तो कोई नया संक्रमित है और न ही कोई एक्टिव केस मौजूद है। हालांकि इस बीमारी से अब तक 9736 लोगों की मौत हो चुकी है।


गौरतलब है कि राज्य में करोना का पहला मामला 2 मार्च 2020 को इटली से आए पर्यटक के रूप में सामने आया था। इसके बाद करोना के केस बढते गए और करीब दो माह तक चले लॉकडाउन के बाद भी इन पर लगाम नहीं लग पाई। इस दौरान पहली लहर में इस वायरस ने हजारों लोगों को संक्रमित किया। हालांकि जब पहली लहर आई तक राजस्थान में इसकी जांच की भी सुविधा नहीं थी।

नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

श्रद्धांजलि



24.10.1918 - 06.07.2000

23वीं पुण्यतिथि

श्रद्धेय स्व. वैध श्री घनश्याम जी शर्मा

निवासी श्रीमाधोपुर (सीकर) की 23वीं पुण्यतिथि 06.07.2023 पर सभी परिवारजन की ओर से

शत् शत् नमन् एवं सादर श्रद्धांजलि

श्रीमती सावित्री शर्मा, उमा शर्मा (से.नि. प्रधानाध्यापिका) एवं से.नि. कैलाश शर्मा (राष्ट्रदूत), दीपशिखा एवं नरेन्द्र शर्मा (से.नि. एयरफोर्स), ज्योति(से.नि. प्रिंसीपल) एवं सत्यप्रकाश शर्मा (राष्ट्रदूत) (पुत्र-पुत्रवधू), वीना एवं नरेन्द्र भारद्वाज (पुत्री-दामाद) एवं समस्त परिवारजन।

फोन नं.-0141-2341194, मोबाइल-9829264308, 9829360428, 9462694531

# 007 गैंग के पांच बदमाशों समेत दस शातिर बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर (कासं)।** पुलिस मुख्यालय की सीआईडी क्राइम ब्रांच ने जयपुर और जोधपुर कमिश्नरेट में दबिश देकर 10 बदमाशों को गिरफ्तार किया। जिसमें 007 गैंग के 5 बदमाशों को भी पकड़ा है। इन बदमाशों के पास पुलिस को दो देशी कट्टे, एक देशी पिस्टल, पांच कारतूस, दो स्कॉर्पियो और 2.79 लाख रुपए मिले हैं।

एडीजी क्राइम दिनेश एम.एन. ने बताया कि जयपुर और जोधपुर में अवैध हथियार रखने वाले बदमाशों के बारे में

- पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अवैध हथियार और बिना कागज की स्कॉर्पियो कार जब्त की




पुलिस मुख्यालय की सीआईडी क्राइम ब्रांच ने जयपुर और जोधपुर कमिश्नरेट में दबिश देकर 10 बदमाशों को गिरफ्तार किया। जिसमें 007 गैंग के 5 बदमाशों को भी पकड़ा है।

एएसआई दुष्यंत सिंह व हैड कांस्टेबल शाहिद अली व ने जानकारी मिली थी। जिस पर सीआईडी क्राइम ब्रांच के अलावा पुलिस अधीक्षक संजीव भटनागर के सुपरविजन में विशेष टीम गठित की गई।

टीम ने सीएसटी जयपुर की सहायता से थाना हरमाड़ा क्षेत्र में लोहा मंडी रोड से गांव चारणवास थाना गोविंदगढ़ जयपुर निवासी बदमाश भवानी सिंह पुत्र वासुदेव को गिरफ्तार कर उसके पास से एक अवैध देशी कट्टा, दो कारतूस व एक अवैध देशी पिस्टल, तीन कारतूस बरामद किए। जोधपुर कमिश्नरेट में नागोरी गेट थाना पुलिस ने बदमाश अरबाज खान पुत्र शफी खान निवासी कर्बला कॉलोनी थाना नागोरी गेट को गिरफ्तार कर एक अवैध देशी कट्टा बरामद किया।

सीआईडी क्राइम ब्रांच जयपुर व सीएसटी टीम ने सिंधी कैंप थाना इलाके में स्थानीय पुलिस के सहयोग से होटल रूबी और होटल टर्बन स्टे में दबिश दी। होटल रूबी से मोहम्मद सफी पुत्र जफर भाटी (34), युसुफ पुत्र नियाज मोहम्मद (38), मोहम्मद इरफान पुत्र इकबाल (34) निवासी थाना नागौरी गेट जिला जोधपुर व इंसाफ खान पुत्र यासिन खान (35) निवासी बनाड रोड, जोधपुर को गिरफ्तार किया।

इंसाफ के पास 1.63 लाख रुपए व इरफान के पास कुल 1.16 लाख रुपए नकद और बिना कागजात की एक स्कॉर्पियो जब्त की है। होटल टर्बन स्टे के कमरे से 007 गैंग के अशोक मुकाम पुत्र भजनलाल विश्नोई 24 व राकेश विश्नोई पुत्र जोगराम (25) निवासी थाना नोखा जिला बीकानेर, तेमड सिंह पुत्र नरपत सिंह (21) निवासी थाना सांकड़ा जिला जैसलमेर एवं युधिष्ठर भादू पुत्र लक्ष्मीनारायण (26) निवासी गांव रोटू जायल जिला नागौर को गिरफ्तार किया।

अशोक के पास बिना कागजात की स्कॉर्पियो मिली है। बदमाश अशोक मुकाम का पूर्व में 007 गैंग को ऑपरेट कर अवैध गतिविधियां करता था। उसके खिलाफ बीकानेर रेंज के विभिन्न थानों में 25 गंभीर आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

हरमाड़ा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार बदमाश भवानी सिंह भी इसी गैंग का सदस्य है। भवानी सिंह थाना भट्टा बस्ती जयपुर में दर्ज मुकदमे में लंबे समय से फरार चल रहा था। इन 10 बदमाशों के खिलाफ स्थानीय थानों में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय**
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id : dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in, Phone NO. 0141-2782772
क्रमांक- DHC-II/1053 दिनांक- 5.7.2023

**जाहिर आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 47/42 मानसरोवर जयपुर क्षेत्रफल 105.00 वर्गमीटर/वर्गगज का आवंटन श्री कादिर पुत्र श्री अलीबक्स को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 3416 दिनांक 15.11.1990 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 05.01.1991 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 739 दिनांक 20.0.2005 के द्वारा श्री सूरजीत सिंह पुत्र श्री प्रताप सिंह के नाम नियमितिकरण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 30.05.2005 को करवाया गया। इसके पश्चात श्री सूरजीत सिंह की मृत्यु दिनांक 28.04.2021 को हो जाने के कारण इनकी माताजी श्रीमती बलवन्त कौर पत्नी श्री प्रताप सिंह ने मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अत: उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्रीमती बलवन्त कौर पत्नी श्री प्रताप सिंह के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।

सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य हरिनारायण सैनी पुत्र श्री तोफाराम सैनी, निवासी-म.नं. 1, नीबू का बाग, बास बदनपुरा,जयपुर के है, मेरे अभिभाष्य के पुत्र दौलतराम एवं उसकी पत्नी रेखा उर्फ चेतना मेरे अभिभाष्य के कहने में नहीं है, मेरे अभिभाष्य के साथ दुर्व्यवहार करते है इसलिए मेरे अभिभाष्य ने दौलतराम व उसकी पत्नी रेखा उर्फ चेतना को उनके आचरण के कारण अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है, भविष्य में मेरे अभिभाष्य की चल-अचल सम्पत्ति से दौलतराम व उसकी पत्नी रेखा उर्फ चेतना का कोई सम्बन्ध नहीं रहेगा, उनसे जो कोई भी संव्यवहार व लेन-देन करेगा, उनकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी। सूचित रहे।

जयपुर
दिनांक
(अब्दुल सलाम सांखला), एडवोकेट
मो. नं. 9829184678
हस्ताक्षर (हरिनारायण सैनी)

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर**
क्रमांक-5317 दिनांक-5.7.2023

**जाहिर आम सूचना**

राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर सांगानेर योजना में आवास संख्या 34/237 (HIG), (एरिया 163.457 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री अम्बरीश बिहारी माथुर पुत्र स्व. विनोद बिहारी माथुर को किया जाकर आवंटन पत्र 3794 दिनांक 13.03.2001 को जारी किया गया। श्री अम्बरीश बिहारी माथुर के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 07.05.2010 को उप पंजीयक सांगानेर-प्रथम, जयपुर के यहां पंजीकृत करवाये गये। श्री अम्बरीश बिहारी माथुर की मृत्यु दिनांक 07.09.20022 को हो जाने के कारण इनकी पत्नी श्रीमती उर्मिला माथुर पत्नी स्व. श्री अम्बरीश बिहारी माथुर द्वारा उक्त आवास को अपने स्वयं के नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। अत: उक्त आवास का हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अद्योहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है श्रीमती उर्मिला माथुर पत्नी स्व. श्री अम्बरीश बिहारी माथुर का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।

सम्पदा प्रबंधक, राजस्थान आवासन मण्डल
वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर

**आम-सूचना** "श्रीमती नन्दू पत्नी स्व. श्री सकराम, निवासी-ग्राम-मरवा, तहसील-दूदू, जिला-जयपुर ने मेरी अभिभाष्या फर्म बुनियादी विकास गृह निर्माण सहकारी समिति लि., जयपुर की योजना चन्द्र नगर, गोविन्दपुरा, कालवाड रोड़, जयपुर के भूखण्ड सं. सी-50, क्षेत्रफल 200 वर्गगज के दस्तावेज जो कि उनके पति सकराम के नाम थे तथा दिनांक 08.06.1996 को सकराम की मृत्यु हो गई तथा मूल दस्तावेज गुम हो गये है जिस बाबत गुमशुदगी रपट सं. 53 दिनांक 14.04.2023 को पुलिस थाना करधनी, जयपुर में दर्ज करवाई है तथा उक्त रिपोर्ट की प्रतिलिपि व बन्ध-पत्र, शपथ पत्र एवं मृत्यु प्रमाण-पत्र समिति कार्यालय में प्रस्तुत किये तथा डुप्लीकेट पट्टा जारी करने बाबत समिति से कहा गया। यदि उक्त भूखण्ड का डुप्लीकेट पट्टा, रसीद व साईड प्लान जारी करने के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, समिति या संगठन को कोई आपत्ति हो तो वो समिति कार्यालय में या मेरे कार्यालय में उक्त सूचना के प्रकाशन से 30 दिवस की अवधि में सम्पर्क करे, अन्यथा समिति द्वारा उक्त भूखण्ड के डुप्लीकेट दस्तावेज जारी कर दिये जायेंगे, बाद मियाद गुजरने के कोई उज्र मान्य नहीं होगा।

भवदीय
(हेमन्त कुमार पलोड़) एडवोकेट मो. नं. 9314511091

**NAME CHANGE**

मैंने अपना नाम गीता से गीता देवी रख लिया है भविष्य में मुझे गीता देवी धर्मपत्नी श्री बन्ने सिंह निवासी 127, सांवलोदा, धायलान, तहसील व जिला सीकर राजस्थान जाना जावें।

मैंने अपना नाम सुनील कुमार से सुनील रस्करण पुत्र हीरालाल रस्करण निवासी 152/6 शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर कर लिया है मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना जाए।

मैं सुरेन्द्र सिंह पुत्र श्री गणेशा राम मेरी पुत्री का नाम समस्त दस्तावेजों में मिताली चौधरी एवं जन्म तिथि 31.03.2007अंकित है। जिसे मैंने मिताली चौधरी से बदलकर मिताली सिंह रख लिया है। भविष्य में इसे मिताली सिंह के नाम से जाना जावें। पता-सी-235 कौशालिया मार्ग हनुमान नगर, जयपुर।

**खोया-पाया**

प्लॉट नंबर-30 बालाजी विहार-51 विस्तार, ग्राम मांचवा, कालवाड रोड, जयपुर का ट्रांसफर सेट कहीं गुम हो गया है। कृपया मिलने पर सूचित करें केशव देव शर्मा पुत्र स्वर्गीय श्री रामस्वरूप शर्मा-7742213228

मेरे प्लाट संख्या 291, गली नं. 6 वाल्मीकि मार्ग, राजापार्क जयपुर के मूल आवंटन पत्र व नक्शा, पंचवटी सर्किल राजापार्क के आसपास कहींगिर गया है। मिलने पर सूचित करें रूची भार्गव-9829053020

व्यावसायिक भूखण्ड सं. 68/S-1 Strip of Lend प्रताप नगर सांगानेर जयपुर का मूल आवंटन पत्र कहीं गुम हो गया है। मिलने पर सम्पर्क करें। Bagrrys Hotels Private Ltd. (Auth.-Ramanand Saraswat) 9214242148

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय**

**आम जाहिर सूचना**

राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा व्यावसायिक भूखण्ड संख्या- सी.सी.- 93 जवाहर नगर, जयपुर, क्षेत्रफल 18.00 वर्ग मीटर का आवंटन श्री दानवीर गुप्ता को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 1544 दिनांक 08/11/2002 जारी किया गया था। तत्पश्चात कार्यालय आदेश क्रमांक 10417 दिनांक 28/02/2007 जारी कर उक्त व्यावसायिक भूखण्ड के आवंटन में श्रीमती आशा गुप्ता का नाम जोड़ा गया है। उनके द्वारा दोनो के संयुक्त नाम से व्यावसायिक भूखण्ड के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर प्रथम में दिनांक 07/03/2007 को करवाया गया। तत्पश्चात् श्री दानवीर गुप्ता पुत्र श्री के.एस. गुप्ता एवं श्रीमती आशा गुप्ता पत्नी श्री दानवीर गुप्ता के द्वारा उक्त व्यावसायिक भूखण्ड का बेचान श्रीमती रूकमणी पारवानी पत्नी श्री अर्जुनदास पारवानी को कर, विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर प्रथम में दिनांक 28/04/2010 को करवाया गया। श्रीमती रूकमणी पारवानी की मृत्यु दिनांक 06/04/2021 को हो जाने के कारण श्री शंकर पारवानी, श्री प्रकाश पारवानी, श्री अनिल पारवानी पुत्रान स्व. श्री अर्जुनदास पारवानी एवं श्रीमती हिना चन्द्र प्रकाश साधवानी के द्वारा आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, विक्रय पत्र, कुर्सीनामा की प्रति एवं मृत्यु प्रमाण पत्र की छाया प्रति प्रस्तुत कर उक्त व्यावसायिक भूखण्ड का प्रतिस्थापन अपने नाम करने का निवेदन किया गया है। अत: उक्त व्यावसायिक भूखण्ड के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति/ बैंक/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्री शंकर पारवानी, श्री प्रकाश पारवानी, श्री अनिल पारवानी पुत्रान स्व. श्री अर्जुनदास पारवानी एवं श्रीमती हिना चन्द्र प्रकाश साधवानी के पक्ष में उक्त व्यावसायिक भूखण्ड के प्रतिस्थापन की कार्यवाही कर दी जावेगी।

सम्पदा प्रबन्धक
वृत्त तृतीय, रा. आ. म. जयपुर

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय**

**आम जाहिर सूचना**

राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा व्यावसायिक भूखण्ड संख्या- सी.सी.- 95 जवाहर नगर, जयपुर, क्षेत्रफल 18.00 वर्ग मीटर का आवंटन श्री दानवीर गुप्ता को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 1543 दिनांक 08/11/2002 जारी किया गया था। तत्पश्चात कार्यालय आदेश क्रमांक 10418 दिनांक 28/02/2007 जारी कर उक्त व्यावसायिक भूखण्ड के आवंटन में श्रीमती आशा गुप्ता का नाम जोड़ा गया है। उनके द्वारा दोनो के संयुक्त नाम से व्यावसायिक भूखण्ड के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर प्रथम में दिनांक 07/03/2007 को करवाया गया। तत्पश्चात् श्री दानवीर गुप्ता पुत्र श्री के.एस. गुप्ता एवं श्रीमती आशा गुप्ता पत्नी श्री दानवीर गुप्ता के द्वारा उक्त व्यावसायिक भूखण्ड का बेचान श्रीमती रूकमणी पारवानी पत्नी श्री अर्जुनदास पारवानी को कर, विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर प्रथम में दिनांक 28/04/2010 को करवाया गया। श्रीमती रूकमणी पारवानी की मृत्यु दिनांक 06/04/2021 को हो जाने के कारण श्री शंकर पारवानी, श्री प्रकाश पारवानी, श्री अनिल पारवानी पुत्रान स्व. श्री अर्जुनदास पारवानी एवं श्रीमती हिना चन्द्र प्रकाश साधवानी के द्वारा आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, विक्रय पत्र, कुर्सीनामा की प्रति एवं मृत्यु प्रमाण पत्र की छाया प्रति प्रस्तुत कर उक्त व्यावसायिक भूखण्ड का प्रतिस्थापन अपने नाम करने का निवेदन किया गया है। अत: उक्त व्यावसायिक भूखण्ड के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति/ बैंक/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्री शंकर पारवानी, श्री प्रकाश पारवानी, श्री अनिल पारवानी पुत्रान स्व. श्री अर्जुनदास पारवानी एवं श्रीमती हिना चन्द्र प्रकाश साधवानी के पक्ष में उक्त व्यावसायिक भूखण्ड के प्रतिस्थापन की कार्यवाही कर दी जावेगी।

सम्पदा प्रबन्धक
वृत्त तृतीय, रा. आ. म. जयपुर

# प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस ने बल का प्रयोग किया

## महाराजा सूरजमल ब्रज विश्वविद्यालय में फीस वृद्धि को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे छात्र



महाराजा सूरजमल ब्रज विश्वविद्यालय में प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस ने बल का प्रयोग किया।

**कुम्हेर, (निसं)।** क्षेत्र के सकीतरा में महाराजा सूरजमल ब्रज विश्व विद्यालय पर एबीवीपी के छात्रों द्वारा फीस वृद्धि को लेकर कर रहे विरोध प्रदर्शन कर बृज विश्वविद्यालय के अंदर घुसने पर पुलिस और छात्रों में विवाद हो गया। पुलिस ने छात्रों की भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस बल का प्रयोग कर छात्रों को खदेड़ा।

छात्र बढ़ी हुई फीस के विरोध में वीसी का घेराव करना चाहते थे। इसलिए वह यूनिवर्सिटी के अंदर घुसने की कोशिश कर रहे थे। जब पुलिस ने छात्रों को रोकने की कोशिश की तो पहले तो छात्र और पुलिस के बीच जमकर गुत्था गुत्थी हुई। इस दौरान एक पुलिसकर्मी सड़क पर गिर गया। जिसके बाद पुलिस ने छात्रों पर लाठियां बरसाना शुरू कर दिया। पुलिस नौ छात्रों को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

जानकारी के अनुसार घटना करीब 12 बजकर 30 मिनट की है, कुम्हेर क्षेत्र के सकीतरा स्थित महाराजा सूरजमल ब्रज विश्व विश्वविद्यालय में साल 2019 में 10 प्रतिशत फीस बढ़ाई गई थी। लेकिन इस साल परीक्षा

- **पुलिस नौ छात्रों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया**

फीस दोगुनी कर करीब 3 हजार का इजाफा किया गया है। इससे भरतपुर और धौलपुर के करीब 1 लाख 45 हजार स्टूडेंट पर 43 करोड़ रूपये का भार आएगा। बढ़ाई फीस में एल्युमिनाई एसोसिएशन फीस 5 सौ रुपये, केंद्रीय पुस्तकालय 5 सौ रुपये, विकास शुल्क 5 सौ रुपये, वेलफेयर शुल्क 5 सौ रुपये, प्री रजिस्ट्रेशन शुल्क 2 सौ रुपये बढ़ाया है। अभी परीक्षा फीस करीब 2 हजार 5 सौ रूपये जो अब बढ़कर 5 हजार 5 सौ रुपये हो जाएगी। जिससे कॉलेज के छात्रों पर अतिरिक्त भार पड़ेगा। बढ़ी हुई फीस का विरोध भरतपुर धौलपुर के विधायकों ने भी किया था। इसके अलावा स्टूडेंट भी इसका लगातार विरोध कर रहे थे।

जिसके विरोध में 70-80 एबीवीपी के छात्र इकट्ठे होकर वीसी का घेराव करने यूनिवर्सिटी पहुंचे। एबीवीपी के कार्यकर्ताओं को यूनिवर्सिटी में घुसने से रोकने के लिए पुलिस का अतिरिक्त जाब्ता तैनात किया गया था। ब्रज विश्वविद्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी और पुलिस द्वारा छात्रों को समझा कर 5 छात्र नियुक्त कर अंदर जाकर बीसी को ज्ञापन देने की बात कही। परंतु छात्रों द्वारा सभी को अंदर जाने की बात कह कर छात्रों द्वारा नारेबाजी करते हुए यूनिवर्सिटी के अंदर घुसने की कोशिश की तो पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की। इस दौरान पुलिस और एबीवीपी के कार्यकर्ताओं के बीच जमकर गुत्थम गुत्था हुई। इस दौरान एक पुलिसकर्मी सड़क भी गिर गया। जिसके बाद वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने और क्यूआरटी के जवानों ने स्टूडेंट पर पुलिस बल का प्रयोग कर छात्रों की भीड़ को तितर-बितर किया गया। जिसके बाद छात्र वहां से भाग गए। पुलिस ने यूनिवर्सिटी के बाहर से 9 छात्र नितेश चौधरी, पवन, रजत सिंह, गौरव, दौलत शर्मा, विष्णु चौधरी, सौरव पाराशर, वरुण कांत, प्रियांशु को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

# कृषि विपणन बोर्ड का एक्सईएन रिश्वत लेते ट्रैप

## एसीबी ने 25 हजार की रिश्वत लेते एक्सईएन को पकड़ा

- सड़क निर्माण के बकाया बिलों की राशि के भुगतान करने की एवज में रिश्वत राशि की मांग की
- एक्सईएन के जयपुर में स्थित आवास एवं अन्य ठिकानों पर तलाशी जारी

**अनूपगढ़, (निसं)।** यहां एसीबी ने कार्रवाई करते हुए राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड के एक्सईएन को उसी के ऑफिस में रिश्वत लेते रंगे हाथों ट्रैप किया। एक्सईएन सतीश बंसल सड़क निर्माण के बिलों के भुगतान की एवज में 25 हजार रुपए की रिश्वत लेता पकड़ा गया है। उससे पहले एक जुलाई को एक्सईएन सतीश बंसल परिवादी से 75 हजार रुपए रिश्वत के रूप में ले चुका था।

श्रीगंगानगर एसीबी के डीवाईएसपी भूपेंद्र सोनी ने बताया कि अनूपगढ़ के राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड के एक्सईएन सतीश बंसल को ट्रैप किया गया है। परिवादी ने सतीश बंसल के खिलाफ रिश्वत मांगने की शिकायत 30 जून को दर्ज करवाई थी। परिवादी ने एसीबी को बताया कि सड़क निर्माण के बकाया बिलों की कुल राशि 35 लाख 83 हजार रुपए के भुगतान करने की एवज में सतीश बंसल द्वारा कुल राशि के 2 प्रतिशत कमीशन के हिसाब से 70 हजार रुपए तथा पूर्व के बकाया कमीशन 30 हजार रुपए कुल मिलाकर 1 लाख रूपए रिश्वत राशि की मांग कर परेशान कर रहा था। इस पर एसीबी ने शिकायत का सत्यापन करवाया गया। जिसमें एक्सईएन सतीश ने 75 हजार रुपए बतौर रिश्वत ले ली। आज जब बाकी के 25 हजार रुपए की रिश्वत एक्सईएन परिवादी से ले रहा था तभी एसीबी ने उसे ट्रैप कर लिया। इस दौरान दफ्तर में हड़कंप मच गया। फिलहाल एसीबी एक्सईएन से पूछताछ कर रही है।

डीवाईएसपी भूपेंद्र सोनी ने बताया कि आरोपी एक्सईएन के जयपुर में स्थित आवास एवं अन्य ठिकानों पर तलाशी ली जा रही है। उन्होंने बताया कि एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत मामला दर्ज कर जांच की जाएगी। डीवाईएसपी भूपेंद्र सोनी ने लोगों से अपील की है कि रिश्वतखोरी के प्रकरण के बारे में एसीबी को अवगत करवाए। उन्होंने कहा कि ट्रैप की कार्रवाई के बाद परिवादी के वैध कार्य को रुकने नहीं दिया जाएगा। एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी। एसीबी राजस्थान राज्य में राज्य कर्मियों के साथ-साथ केन्द्र सरकार के कार्मिकों के विरूद्ध भी कार्रवाई करने को अधिकृत है।

# आतंकियों के केस में एडवोकेट शर्मा स्पेशल पी.पी. नियुक्त

**जोधपुर, (कासं)।** राजस्थान सरकार के विधि विभाग ने अपर जिला न्यायालय संख्या 3 जोधपुर महानगर में लंबित आतंकवादियों के बहुचर्चित केस में राजस्थान सरकार और एटीएस विभाग की ओर से पैरवी करने के लिए दिनेश कुमार शर्मा को विशिष्ट लोक अभियोजक नियुक्त किया है।

इस प्रकरण में एटीएस ने पुलिस थाना प्रतापनगर में देश के विरुद्ध विधि विरुद्ध गतिविधियों के लिए प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 113/2014दर्ज करवाई थी जिसमे अनुसंधान के समय कुल12 संदिग्ध आतंकवादी पकड़े गए थे। जिनका प्रकरण अभी जिला न्यायालय में विचाराधीन है। शर्मा इस प्रकरण में ए टीएस और राजस्थान सरकार की ओर से पैरवी करेंगे। वे पूर्व में भी इस प्रकरण में पैरवी कर चुके हैं। उनके अनुभव को देखते हुए एटीएस विभाग की अनुसंशा पर विधि विभाग राजस्थान सरकार ने उन्हें इस प्रकरण में पैरवी करने के लिए स्पेशल लोक अभियोजक नियुक्त करने का आदेश जारी किया है।

# बेटे ने बुजुर्ग मां और बहन पर किया कुल्हाड़ी से वार

## घायल मां-बेटी का जिला अस्पताल में इलाज जारी

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिले के सदर थाना क्षेत्र मझोला पादरडी में एक बेटे ने अपनी बुजुर्ग मां और बहन पर कुल्हाड़ी से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर मौके से फरार हो गया। घायल मां बेटी का जिला अस्पताल में इलाज जारी है। आरोपी बेटे के पिता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस आरोपी बेटे की तलाश में जुटी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सदर थाना क्षेत्र मझोला पादरडी निवासी कडकी पत्नी जीवण पटेल 62 वर्ष तथा बेटी जीवत पत्नी जीवनालाला पटेल दोनों मां-बेटी घर के पास ही खेतों में काम कर रहे थे। इस दौरान कडगी बेटा बंशीलाल पटेल आया तथा मारपीट करते हुए मां और बहन पर कुल्हाडी से हमला कर मौके से फरार हो गया। हमले में मां-बेटी लहूलुहान हो गए तथा ग्रामीणों में दोनो को निजी वाहन से जिला अस्पताल पहुंचाया। जहा मां कडगी के सिर पर 20 से अधिक टांके आए हैं। बेटी जीवत के दोनों हाथ, पैरो व सिर पर चोटें आई हैं। जीवत के दोनों हाथों पर टांके आए हैं। घायलों के जिला अस्पताल में इलाज जारी है। सूचना मिलने पर मौके पर सदर थाना से पुलिस पहुंची तथा घायलों की जानकारी ली।

आरोपी बेटे बंशीलाल के पिता जीवण पटेल ने बताया कि उसके दो बेटे है सबसे बडा बंशीलाल तथा एक छोटा बेटा है जो विदेश में कार्यरत है। बंशीलाल शादीशुदा है अपने माता पिता के साथ घर के ऊपर कमरे में रहता है। पिता ने बताया कि रोजाना उसका बेटा शराब के नशे में आकर संपति को लेकर विवाद करता था।

मंगलवार शाम को भी बंशीलाल शराब के नशे में आया तथा घर के पास ही खेत में काम कर रही मां कडगी पटेल पर उल्टी कुल्हाडी से सिर पर हमला कर दिया। बीच बचाव करने आई बहन जीवण पर भी कुल्हाडी से हमला कर भाग खड़ा हुआ। सदर थानाधिकारी ने बताया कि आरोपी पिता के रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर आरोपी बेटे की तलाश शुरू कर दी।

# छात्रा के लापता होने के विरोध बंद रहे बाजार

**बीदासर, (निसं)।** बीकानेर जिले के श्रीडूंगरगढ़ कस्बे से लापता नाबालिग छात्रा का सुराग नहीं लगने के विरोध में बुधवार को व्यापार मण्डल बीदासर के व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद के आ ान पर मिला जुला असर रहा। कस्बे में सुबह अनेक बाजारों में कई दुकानें बंद तो कई दुकानें खुली मिली। वही आवश्यक सेवाओं में मेडिकल, सब्जी, चाय पानी की होटले खुल्ली रही। प्रातर 11 बजे टीवी पर नाबालिका छात्रा को चैन्नई में दस्तयाब करने की खबर ज्योंही व्यापारियों को मिली तो बंद दुकानें भी खुल गई। इस मामले को लेकर मंगलवार को कस्बे के स्वर्णकार समाज के साथ सर्वसमाज की ओर से उपखण्ड कार्यालय पर सैकड़ो लोगो ने नारेबाजी कर जमकर प्रदर्शन किया था और राज्यपाल के नाम का ज्ञापन एसडीएम रमेश कुमार को देकर नाबालिक छात्रा को सुरक्षित घर पहुंचाने की मांग की थी।

# बेटी के भागने के तनाव में पिता ने आत्महत्या की

- पिता के मरने की खबर सुन बेटी भी प्रेमी के साथ ट्रेन के आगे कूदी, रेलवे ट्रैक पर मिले शव

**बून्दी, (निसं)।** एक युवक-युवती की प्रेम कहानी का अंत इतना दुखद होगा, किसे नई सोचा नहीं होगा। बून्दी जिले के रामचंद्र जी का खेड़ा पंचायत के रामेश्वर चौराहा निवासी योगिता कंवर (20) और तालेड़ा के पीतमपुरा निवासी नवल किशोर गौतम (25) की प्रेम कहानी ने एक नहीं बल्कि तीन जानें ले ली। दिल्ली-मुंबई रेलवे लाइन पर गुडली के पास बीती रात एक युवक-युवती ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली थी। प्रेमी युगल की आत्महत्या मामले में शिनाख्त होने के बाद इस प्रकरण में दो नहीं तीन जनों की आत्महत्या होना सामने आया।

जानकारी के अनुसार सोमवार को प्रेमी युगल ने अपने नव जीवन की शुरूआत करने के लिए घर से फरार हो गए थे। बेटी योगिता कंवर के अपने प्रेमी के साथ भागने की खबर से तनाव के चलते हुए पिता अजय सिंह ने घर में अजय सिंह ने चुनरी का फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली थी। मंगलवार को सुबह परिवार के लोग उठे तो अजय सिंह फंदे से लटका हुआ मिला। परिजनों ने अजय सिंह को नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच कमरे का मुआयना कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। अजय सिंह के भाई भंवर सिंह ने योगिता की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अपने प्रेमी के साथ बेटी के भागने से तनाव में आए पिता के आत्महत्या करने की जानकारी मिलने पर बेटी योगिता ने भी अपने प्रेमी के साथ ट्रेन के आगे कूद कर आत्महत्या कर ली। योगिता ने अपने प्रेमी के साथ घर से करीब 45 किलोमीटर दूर केशवरायपाटन थाना क्षेत्र के गुडला के पास दिल्ली-मुंबई रेलवे ट्रैक पर पहुंच कर मंगलवार रात करीब 10 बजे दोनों ने ट्रेन के आगे कूद कर जान दे दी।

केशोराय पाटन थानाधिकारी लोकेंद्र पालीवाल ने बताया कि एक युवक और युवती के शवों के रेलवे ट्रैक पर पड़े होने की सूचना मिलने पर पहुंची के.पाटन पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर शवों को मॉर्च्यूरी में रखवाया। मृतकों के पास मिले दस्तावेजों के आधार पर दोनों की पहचान योगिता राठौड़ और युवक की पहचान नवल किशोर गौतम के रूप में हुई थी। पुलिस ने नवल किशोर गोतम और युवती योगिता कंवर के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। युवती का शव उसके निवास पर पहुंचा वहां कोहराम मच गया। अभी तो पिता की चिता की राख भी ठण्डी नहीं हुई। थी की बेटी का शव देख परिवारजनों पर दु:खों का पहाड़ टूट पड़ा।

मृतका योगिता, रामेश्वर चौराहा पर कचौरी-समोसे की होटल चलाने वाले अजय सिंह की बड़ी बेटी थी। योगिता के पीछे अब 2 छोटे भाई और 2 छोटी बहनें हैं। वहीं बूंदी मंडी में मुनीम का काम करने वाले नवल किशोर की अजय सिंह के साथ जान-पहचान थी और वह उसकी दुकान पर आता रहता था। इस दौरान उसका योगिता के साथ संपर्क बना था।

# गहलोत के कार्यकाल में खूब लूट-खसोट : राठौड़

**अनूपगढ़, (कासं)।** नौरंगदेसर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा को लेकर नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने अनूपगढ़ विधानसभा के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की अनूपगढ़ के व्यापार मंडल में बैठक ली। इस दौरान उन्होंने 8 जुलाई को नौरंगदेसर पहुंचने का निर्देश दिया।

बैठक के दौरान उन्होंने राजस्थान सरकार को भ्रष्टाचारियों की सरकार बताया। उन्होंने कहा कि सितम्बर में आचार संहिता लग जायेगी और वैधानिक रूप से सरकार का कार्यकाल पूरा हो जायेगा। वर्तमान सरकार अपने कार्यकाल के दौरान लूट और खसोट की सरकार रही है। उन्होंने कहा कि मैंने अपनी राजनीतिक कैरियर में इतना कमजोर मुख्यमंत्री नहीं देखा। राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत के द्वारा शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त करने के लिए ज्ञापन भी सौंपा गया। कार्यक्रम के दौरान नेता प्रतिपक्ष राठौड़ ने राजस्थान सरकार पर कई तंज भी कसे। राजेन्द्र राठौड़ ने 8 जुलाई को प्रस्तावित प्रधानमंत्री मोदी की सभा में अधिक से अधिक भीड़ जुटाने के लिए पदाधिकारियों को निर्देश दिए।

राठौड़ ने विधायक संतोष बावरी, पूर्व विधायक शिमला बावरी, नगर मंडल अध्यक्ष, देहात मंडल अध्यक्ष, नगर मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा, पालिकाध्यक्ष प्रियंका बैलान, उपाध्यक्ष सतपाल मुंजाल, व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष मोहित छाबड़ा, हरनेक सिंह कलेर समेत अन्य पदाधिकारियों को अनूपगढ़ विधानसभा से 8 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा में 10 हजार लोगों को लाने का लक्ष्य दिया है।

# कुंड में गिरने से युवक की मौत

**रतनगढ़, (निसं)।** रतनगढ़ तहसील के गांव कनवारी में कुंड से पानी निकालते समय पैर फिसलने से 32 वर्षीय युवक की मौत हो गई।

परिजन शव को रतनगढ़ जिला अस्पताल लेकर आए, जहां पर पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाया है। घटना रतनगढ़ तहसील के गांव कनवारी की है। मिली जानकारी के अनुसार खेत में कृषि कार्य करते समय भागीरथसिंह को प्यास लगी तो वह पानी पीने के लिए कुंड पर गया, जहां पर उसका पैर फिसल गया तथा वह कुंड में गिर गया। सूचना पर एएसआई राजेन्द्रसिंह मय जाप्ता मौके पर पहुंचे तथा शव को कुंड से बाहर निकलवाकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है।

# सादुलपुर उपखण्ड क्षेत्र के गांवों में हुई जमकर बरसात

## मानसून की जोरदार एंट्री होने से उमस व तपन से आमजन को राहत

**सादुलपुर, (निसं)।** भीषण गर्मी उमस से तप रहे अचंल में आखिर बुधवार अल सुबह सादुलपुर उपखण्ड क्षेत्र के गांवों में मानसून की जोरदार एंट्री हुई। बीती रात्रि से ही मौसम परिवर्तन बना हुआ था। जिसके चलते कभी बादल तो कभी ठंडी हवाओं से रात्रि मौसम ठंडा रहा। वहीं इसी ठंड का सुखद परिणाम अल सुबह सादुलपुर क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रवासियों ने मानसून ने स्वागत किया।

- **अच्छी वर्षा होने से किसानों के चेहरे खिले हुए नजर आये**

इस दौरान लगभग सवा घंटे तक सुधीवास, खैरू बडी, भाकरां, जाटुवास, खैरू छोटी, ढाणी खुडानी, बीराण, बालाण, भोजाण, कामाण, भोजाण, जीराम बास, गागडवास, राघा बडी, राघा छोटी व थान मठुई आदि गांवों में जोरदार वर्षा हुई। जिसके चलते चहुं ओर खेत खलिहान तालाब पानी से लबालब भर गये। वहीं अच्छी वर्षा होने से किसानों के चेहरे खिले हुए नजर आये। बीराण गांव निवासी कांग्रेसी कार्यकर्ता सुरेंद्र गुर्जर ने बताया कि लंबे समय से वर्षा नहीं होने से अगेती बोई गई बाजरे, ग्वार व मूंग की फसलें दम तोड़ रही थी, लेकिन सुबह बीराण के साथ लगते गांवों में भी अच्छी बरसात हुई है।



सादुलपुर क्षेत्र के बरसात से भाकरां गांव की रोही में भरा बरसात का पानी।

उन्होंने बताया कि अच्छी वर्षा होने से किसानों को अगेती बुवाई के निनाण खरपतवार के साथ-साथ बाजरे ग्वार मूंग की बिजाई में भी मानसून की बरखा शकुन का काम करेगी तथा पशुचारे के आसमान छुते भावों में भी पशुपालकों के लिए चिंता का विषय था, जिसमें खेतों में हरी घास होने से अब राहत मिलेगी। गौरतलब है कि सादुलपुर उपखंड के दर्जनों गांवों में लगभग डेढ महीने से वर्षा नहीं होने से किसान चिंतित थे। लेकिन जिले में बीती रात्रि से मानसून प्रवेश के साथ ही किसानों के चेहरे खिल उठे एवं डेढ महीने से भट्टी की तरह तेजगर्मी व उमस में तप रहे अंचल वासियों को राहत मिली है।

**मंडावा में मेघ गर्जन के साथ हुई तेज बारिश :-** क्षेत्र में बुधवार शाम को मानसून ने दस्तक दी है। तेज मेघ गर्जन के साथ करीब आधे घंटे तक झमाझम बारिश हुई। इस तेज बारिश से लोगों को प्रचंड गर्मी से राहत मिली है। तापमान में भी गिरावट आई है। इस झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे खिल गए है। किसान अपने खेत खलिहान फसलों की जुगाड़ में लग गए है।

# मारवाड़ के अधिकांश हिस्से उमस की चपेट में

**जोधपुर, (कासं)।** बिपरजॉय तूफान को निकले दस दिन से ज्यादा हो गए हैं, मगर उसके बाद प्रदेश सहित मारवाड़ पर छाए मानूसन के बावजूद संभाग में बारिश नहीं के बराबर हुई है। जोधपुर सहित मारवाड़ के अधिकांश हिस्से भीषण गर्मी के साथ उमस की चपेट में है। दिनभर लोग पसीने से तरबतर हो रहे है। पंखे और कूलर नाकाफी साबित हो रहे हैं। खेतों में खड़ी फसलों को भी अब अच्छी बारिश का इंतजार है।

जोधपुर शहर में पिछले काफी दिनों से लगातार पड़ रही गर्मी और बेजा उमस के चलते आमजन त्रस्त हो गया है। शहर में बादलों की आवाजाही बनी हुई है, मगर बारिश के आसार कम ही नजर आ रहे हैं। मौसम विभाग के मानें तो आगामी 7 जुलाई से प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता और मानसूनी बादलों से अच्छी बारिश होने के आसार है। पश्चिमी विक्षोभ के असर से मारवाड़ में भी जमकर मेघ बरस सकते है। सावन माह भी लग चुका है और उसका दूसरा दिन है। मगर फिलहाल बारिश का ओरछोर नहीं आ रहा है। बादलों की आवक बनी है। सूर्यदेव भी बादलों के बीच लुकाछिपी कर रहे हैं। कभी तेज धूप निकल रही है तो कभी बादलों से राहत भी मिल रही है। फिलहाल आगामी दो दिनों तक शहरवासियों को भीषण उमस और गर्मी का सामना करना पड़ेगा। 6 जुलाई के बाद मानसूनी गतिविधियों में बढ़ोत्तरी की भी संभावना है।

# प्रॉपर्टी कारोबारी ने जिसे 5 लाख रुपये उधार दिए, उसी ने गैंगस्टर बुलाकर फायरिंग करवाई

## मालपुरा गेट इलाके में प्रॉपर्टी कारोबारी गणेश पर फायरिंग कर एक करोड़ रु. फिरौती मांगने वाले 4 गिरफ्तार

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** सांगानेर पुलिस ने प्रॉपर्टी कारोबारी गणेश चौधरी पर फायरिंग कर उसकी गाड़ी लूटने और 1 करोड़ रुपए की फिरौती मांगने वाले 4 बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि गणेश के साथ रुपए के लेनदेन के विवाद के चलते भावेश सुमेरिया ने हिसार के गैंगस्टर सुरेश ढंढोरिया को अपने साथ मिलाकर 2 जुलाई को इस वारदात को अंजाम दिया है। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर (प्रथम) कैलाशचंद विश्नोई ने बताया कि गणेश जाट व उसके साथियों को बंधक बनाकर मारपीट कर गोली मारकर कार लूटने और एक करोड़ रुपए की फिरौती मांगने के मामले में वारदात के मुख्य सूत्रधार सांगानेर इलाके के निवासी भावेश सुमेरिया और उसके तीन साथियों बासड़ी जोगियान निवासी अंतिम सेन, कुलदीप सिंह राजावत और भवानी सिंह राजावत को गिरफ्तार किया है,जबकि हिसार के गैंगस्टर सुरेश ढंढोरिया समेत उसके साथी परवीन, अरुण शर्मा और आसिफ उर्फ आशीष की पुलिस तलाश में जुटी हुई है।

पुलिस जांच में सामने आया कि गणेश जाट की भावेश से रुपए के लेनदेन को लेकर रंजिश थी। पुलिस ने भावेश को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने हिसार निवासी गैंगस्टर सुरेश ढंढोरिया को अपने साथ लेकर इस वारदात को अंजाम देने की बात कबूल की। भावेश से पूछताछ में सामने आया है कि उसने गणेश जाट से 5 लाख रुपए उधार लिए थे और अपनी फॉर्च्यूनर गाड़ी व कागजात गिरवी रखे थे। तय समय पर जब उसने रुपए नहीं लौटाए तो गणेश और उसके बीच कहासुनी हो गई। इस बीच गणेश ने ज्यादा ब्याज की डिमांड की थी। आरोपित भावेश ने उसे 7 जुलाई को पूरा पैसा वापस देने का भरोसा दिया, लेकिन इससे पहले सुरेश के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दे दिया।

विश्नोई ने बताया कि बदमाश सुरेश व भावेश पिछले साल सूरत जेल में एक ही बैरक में साथ रहे थे। जहां पर दोनों के बीच अच्छी दोस्ती हो गई। इस पर भावेश ने सुरेश के साथ मिलकर गणेश से एक करोड़ रुपए की फिरौती वसूल करने की साजिश रची थी।

इसी साजिश के तहत भावेश ने अपने साथी अंतिम उर्फ गोलू सेन, कुलदीप सिंह और भवानी सिंह उर्फ बिट्टू को साथ लगाकर सुरेश से गणेश जाट की रैकी करवाई। वारदात वाले दिन यह सभी गणेश की दुकान के पास पहुंचे, लेकिन वहां तीन और लोग बैठे थे। इसलिए आधा घंटे तक उनके निकलने का इंतजार किया। लेकिन जब वे लोग बाहर नहीं निकले तो सुरेश ढंढोरिया और उसके साथी आसिफ व अरुण शर्मा दुकान में घुस गए और मारपीट कर गणेश से 1 करोड़ रुपए की फिरौती मांग कर फायरिंग कर फरार हो गए। वहीं आरोपी परवीन भावेश के फ्लैट पर बैठकर मामले की निगरानी रख रहा था। पुलिस की कई टीमें अन्य आरोपियों को पकड़ने के लिए हरियाणा और दिल्ली में दबिश मार रही है।

एडिशनल कमिश्नर कैलाश बिश्नोई ने बताया कि प्रॉपर्टी कारोबारी गणेश चौधरी से 1 करोड़ रुपए की रंगदारी लेने के लिए बदमाशों ने उसे ऑफिस में बंधक बना लिया था। पैसे नहीं देने पर बदमाशों ने दोनों पैरों में गोली मार दी थी। फिर उसकी कार लेकर भाग गए थे। इससे पहले बदमाशों ने पीड़ित व उसके साथ बैठे लोगों के मोबाइल छीन कर तोड़ दिए। उसके बाद बदमाशों ने मार्केट से दो नए मोबाइल खरीदे। पीड़ित से पैसे के लिए कॉल करवाए। पैसे लेने के लिए एक बदमाश बाइक लेकर परिचित के पेट्रोल पंप पर भी पहुंचा। वहां मालिक नहीं होने के कारण पैसे नहीं मिले। उसके बाद वापस आकर मारपीट की और गोली मार दी।

घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस टीमों ने घटनास्थल के आस-पास लगे कैमरों के फुटेज और कॉल डिटेल खंगालकर एक आरोपी भावेश की पहचान कर ली। उसे पकड़कर पूछताछ करने के बाद गिरोह का खुलासा हुआ।



सांगानेर पुलिस ने प्रॉपर्टी कारोबारी गणेश चौधरी पर फायरिंग कर 1 करोड़ रुपए की फिरौती मांगने वाले 4 बदमाशों को बुधवार को गिरफ्तार किया।

- **दरअसल प्रॉपर्टी कारोबारी गणेश चौधरी ने फॉर्च्यूनर गाड़ी गिरवी रखकर आरोपी भावेश को 5 लाख रुपये उधार दिए थे, रकम नहीं चुकाने पर दोनों के बीच विवाद हुआ था, इसके बाद भावेश ने हिसार से परिचित गैंगस्टर सुरेश को जयपुर बुलाकर प्रॉपर्टी कारोबारी से एक करोड़ रुपये फिरौती वसूलने और उसकी हत्या का प्लान बनाया था**
- **सांगानेर पुलिस ने वारदात के मुख्य सूत्रधार भावेश सुमेरिया और उसके तीन साथी अंतिम सेन, कुलदीप सिंह राजावत और भवानी सिंह राजावत को गिरफ्तार किया है, फिलहाल हिसार के गैंगस्टर सुरेश ढंढोरिया और उसके साथी परवीन, अरुण शर्मा और आसिफ की तलाश जारी है**

# गुजरात की छारा गैंग का मास्टर माइंड गिरफ्तार

- **राहगीर बनकर रास्ता पूछने के बहाने लूटपाट करती है यह गैंग**

**जयपुर (कासं)।** कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गुजरात की छारा गैंग के मास्टर माइड आरोपी को अहमदाबाद से बापर्दा गिरफ्तार किया गया है। वहीं छारा गैंग के तीन आरोपी सहित एक हिस्ट्रीशीटर की तलाश की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी राहगीर बनकर रास्ता पूछने के बहाने लूट की वारदात को अंजाम देते है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त उत्तर धमेन्द्र सागर ने बताया कि कोतवाली थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए राहगीर बन रास्ता पूछने के बहाने 30 जून को पीडित पटेल जितेन्द्र कुमार की स्कूटी की डिक्की से 17 लाख 34 हजार रुपये हवाल राशि चोरी करने वाले गुजरात की छारा गैंग के मास्टर माइड तमान्चे विशाल विक्रम भाई निवासी (43) निवासी अहमदाबाद गुजरात को गिरफ्तार किया गया है और चोरी की गई राशि में से 12 लाख रुपये की नकदी सहित पैन कार्ड बरामद किया गया है।

इसके अलावा वारदात में शामिल छारा गैंग के अन्य आरोपी वीनू चार्य तमान्चे ,निलेश उर्फ काली निवासी अहमदाबाद गुजरात सति जयपुर के नाहरगढ़ थाना हिस्ट्रीशीटर इन्द्र कुमार हरवानी की तलाश की जा रही है। साथ ही आरोपी से अन्य राशि की बरामदगी के बारे में पूछताछ की जा रही है।

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि वह किसी भी क्षेत्र में वित्तीय संस्थानों की निगरानी कर नगद राशि लाने-ले जाने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर रास्ता पूछने के बहाने बातों में उलझाकर अन्य साथी की मदद से रुपये से भरे बैग को चोरी कर गलियों के रास्तों से होते हुए शहर से फरार हो जाते है। मास्टर माइड विक्रम भाई से पूछताछ में सामने आया कि वारदात करने के लिए अहमदाबाद में जयपुर के रहने वाले इन्द्र कुमार से जान पहचान होने पर जयपुर में भी हवाला धंधा होना बताया गया।

उसके बाद गिरफ्तार आरोपी और उसके साथी वीनू और निलेश और बंटी राजेश ने वारदात करने की योजना बनाई। इसके बाद बाइक से वह चारों गुजरात से रवाना होकर जयपुर में इन्द्र कुमार से घर पहुंचे और फिर तीन जून को बाबा हरिशचंद्र मार्ग पर हवाला वाले व्यक्ति को बातों में लगाकर स्कूटी की डिक्की से 17.34 लाख रुपये का बैग सहित गुजरात चले गए।

## सार-समाचार

### एस.एम.एस. अस्पताल में फल वितरण



**जयपुर।** विप्र फाउंडेशन के आरोग्य साथी प्रकल्प की ओर से विप्र फाउंडेशन के संस्थापक संयोजक सुशील ओझा के जन्मदिन के अवसर पर बुधवार को सवाई मानसिंह चिकित्सालय परिसर में गरीब जरूरतमंद रोगियों एवं उनके परिजनों को फल वितरित किए गए। साथ ही उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु की कामना की। इस मौके पर विप्र फाउंडेशन आरोग्य साथी के राष्ट्रीय प्रभारी डॉ. गोविंद शर्मा, प्रदेश महामंत्री सुनील शर्मा, प्रदेश संयुक्त मंत्री अनिल शर्मा और प्रदेश प्रवक्ता दीपक तिवारी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### शादी के 7 दिन बाद भागी लुटेरी दुल्हन

**जयपुर।** राजधानी के वी.के.आई. इलाके में शादी के 7 दिन बाद ही लुटेरी दुल्हन के भागने का मामला सामने आया है। पीड़ित राम लाल सैनी (30) ने वीकेआई थाने में धोखाधड़ी का मामला दर्ज करवाया है। पीड़ित ने पत्नी सुष्मिता, सहयोगी अंजली दास, राजेश कुमार, विक्रम कुमार वर्मा के खिलाफ साढ़े 7 लाख रुपए की धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया है। पुलिस ने बताया कि पीड़ित राम लाल सैनी से पहले शादी के नाम पर साढ़े 3 लाख रुपए लिए गए। आरोपियों ने फिर उसकी शादी पश्चिम बंगाल की रहने वाली सुष्मिता कछुआ के साथ कराई। शादी के सात दिन भी पूरे नहीं हुए थे कि लुटेरी दुल्हन घर में रखा कैश और गहने लेकर फरार हो गई। पीड़ित को जब मामला समझ में आया तो उसने शादी कराने वाले विक्रम को फोन कर जानकारी दी। रुपए वापस देने के लिए कहा। इस पर आरोपी ने उसे धमकाते हुए कहा कि अगर पैसा मांगा तो तुझे झूठे मुकदमे में फंसा देंगे। हमारी पहचान बड़े-बड़े अधिकारियों के साथ है। जिस पर पीड़ित की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। रामलाल सैनी ने बताया कि 15 जून 2023 को राजेश कुमार, विक्रम कुमार वर्मा, अंजली दास के साथ मिल कर सुष्मिता कछुआ से शादी का ऑफर दिया। इसके बदले में आरोपी ने उससे साढ़े 3 लाख रुपए लिए। बदमाशों ने एक मैरिज गार्डन में 23 जून को उसकी शादी सुष्मिता से करवा दी। शादी के बाद लड़की को मेरे साथ भेज दिया। गत 30 जून तक सुष्मिता रामलाल के साथ रही। अगले दिन सुष्मिता बदमाशों के प्लान के अनुसार सुबह 4 बजे उठी और वॉक पर जाने को कहकर घर से निकल गई। काफी देर तक सुष्मिता नहीं आई तो आरोपी ने घर के आसपास सर्च किया, लेकिन वह नहीं मिली। इस दौरान घर में सुष्मिता के आईडी चेक करने के लिए अलमारी खोली तो देखा कि घर पर रखे 30 हजार रुपए और मां के 4 लाख रुपए के जेवरात गायब मिले।

### विदेशी महिला को छेड़ने वाले को जेल

**जयपुर।** विधायकपुरी थाना पुलिस ट्विटर पर विदेशी महिला पर्यटक के साथ छेड़छाड़ से संबंधित वायरल वीडियो में कार्रवाई करते हुए आरोपी को नोखा पुलिस जिला बीकानेर की मदद से गिरफ्तार कर जयपुर ले आई है। गौरतलब है कि विदेशी महिला पर्यटक से करीब 19 दिन पहले अपने साथी के साथ जयपुर भ्रमण करने के दौरान घटना घटित हुई थी। जयपुर पुलिस व्हाट्सअप हेल्पलाइन पर विदेशी महिला पर्यटक के साथ छेड़छाड़ का ट्विटर पर पोस्टेड वीडियो प्राप्त हुआ था। इस त्वरित कार्रवाई से विदेशी पर्यटकों ने पुलिस को धन्यवाद दिया गया। पुलिस उपायुक्त दक्षिण जयपुर योगेश गोयल ने बताया कि विदेशी महिला पर्यटक से करीब 19 दिन पहले अपने साथी के साथ जयपुर भ्रमण करने के दौरान हुई छेड़छाड़ मामले में विधायकपुरी थाना पुलिस ने कुलदीप सिंह सिंगोदिया निवासी कवई जिला बारां को नोखा पुलिस जिला बीकानेर की सहायता से दस्तयाब कर गिरफ्तार लिया। उसे जयपुर लाकर न्यायालय में पेश किया गया, जहां उसे न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाया गया। 15 जून को विदेशी महिला जयपुर भ्रमण के बाद वापस होटल में आने के दौरान कुलदीप सिंह ने छेड़छाड़ की थी।

### पर्स छीनने वाली गैंग का पर्दाफाश

**जयपुर।** करधनी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए महिलाओं से झपट्टा मार पर्स छीनने वाली गैंग का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को धर-दबोचा है। पुलिस ने उनके पास से छीने गए आभूषण व मोबाइल सहित वारदात में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन भी जब्त किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने आधा दर्जन से अधिक पर्स छीनने की वारदातों को अंजाम देना कबूला है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ जारी है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम संजीन नैन ने बताया कि करधनी थाना पुलिस ने आरोपित सोनू उर्फ शुभम (20) निवासी गंगापुरसिटी हाल बेनाड रोड करधनी और नीरज बालोटिया (21) निवासी कालवाड़ हाल बेनाड रोड को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से छीने गए आभूषण-मोबाइल सहित वारदात में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन भी जब्त किया गया है।

### इंडो ईस्ट अफ्रीका ट्रेड एक्सपो शुरू

**जयपुर, (का.सं.)।** भारत और केन्या दोनो देश उपनिवेशवाद के खिलाफ संघर्ष की विरासत साझा करते हैं। भारत केन्या का छठवां सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार और केन्या का सबसे बड़ा निर्यातक है। भारत से केन्या में फार्मास्यूटिकल्स, स्टील, मशीनरी और ऑटोमोबाइल सेक्टर में निर्यात होता हैं, जबकि केन्या से भारत में मुख्य रूप से सोडा ऐश, सब्जियां और चाय जैसी प्राथमिक वस्तुएं निर्यात होती हैं। आज यह बात राजस्थान सरकार द्वारा गठित राजस्थान एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (आरईपीसी) और राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रीज कारपोरेशन के अध्यक्ष, राजीव अरोड़ा ने नैरोबी केन्या में तीन दिवसीय इंडो ईस्ट अफ्रीका ट्रेड एक्सपो के उद्घाटन समारोह में कही। उल्लेखनीय है कि राजस्थान सरकार एवं फैडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एंड इंडस्ट्री द्वारा नैरोबी में तीन दिवसीय इंडो ईस्ट अफ्रीका ट्रेड एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है।

# चार वर्ष की बेटी की हत्या कर मां ने खुद को फांसी लगाई

## 2 साल की छोटी बेटी को भी फंदे पर लटकाया, परिवार ने बचाया

- **कालवाड़ रोड पर रामला का बांस गांव की घटना**

**जयपुर (कासं)।** कालवाड़ इलाके में मंगलवार देर रात एक महिला अपनी 4 साल की बेटी की हत्या कर खुद फंदे पर लटक गई। वहीं, दो साल की बच्ची भी फंदे पर लटकी मिली, लेकिन परिवार ने उसे समय रहते बचा लिया गया। पुलिस और एफएसएल की टीम ने शवों को कांवटिया अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

कालवाड़ थाना सीआई रविन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि मंगलवार रात 9 बजे पुलिस कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि निठरवालों की ढाणी के रामला का बांस गांव में एक महिला ने बच्चों के साथ सुसाइड कर लिया है। मौके पर सुनीता देवी (30) पत्नी मुकेश निठरवाल और उसमा (4) मृत मिले। साथ ही बेटी तविशा (2) जिंदा मिली। पुलिस ने एफएसएल की टीम को मौके पर बुलाया गया। एफएसएल की जांच होने के बाद शवों को कांवटिया अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया। मृतक सुनीता के माता-पिता की ओर से कालवाड़ थाने में ससुराल पक्ष के खिलाफ दहेज प्रताड़ना और हत्या करने की रिपोर्ट दी गई है। पुलिस ने मुकेश निठरवाल सहित अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

महिला के पति मुकेश निठारवाल ने पुलिस को बताया कि रात को पत्नी बच्चियों को लेकर एक कमरे में घुसी। रात करीब 8 बजे कमरे से बच्चियों के रोने की आवाज आई। जब काफी देर तक कमरा नहीं खुला तो परिवार के अन्य सदस्यों ने मिल कर दरवाजा तोड़ दिया, वहां देखा तो सुनीता, उसमा और तविशा तीनों अलग-अलग फंदे से लटकी मिलीं। तवीशा फंदे पर लटकी रो रही थी। तवीशा के गले में फंदा सही से नहीं लगा था। उसका हाथ भी फंसा हुआ था, इसलिए बच गई। उसे नीचे उतारा। परिवार ने रात साढ़े 8 बजे पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। रात 9 बजे पुलिस ने एफएसएल को घटना की जानकारी देकर मौके पर बुलाया। टीम ने रात 10 बजे मौके से सबूत एकत्रित किए।

जानकारी के अनुसार मां ने सबसे पहले बड़ी बेटी उसमा को फंदे से लटका कर उसकी हत्या की। फिर तविशा को लटका कर खुद फंदे से लटक गई। तब तक सुनीता का पति कमरे का दरवाजा तोड़कर अंदर घुस गया था।

पुलिस ने बताया कि सुनीता और मुकेश की शादी साल 2018 में हुई थी। मुकेश टैक्सी चलाने का काम करता है। इन दोनों की दो बेटियां हैं। सुनीता के परिजनों का आरोप है कि पिछले कई सालों से मुकेश और उनके परिवार को लोग दहेज के लिए बेटी को प्रताड़ित और मारपीट किया करते थे। इस संबंध में कई बार दोनों परिवारों के बीच बातचीत भी हुई। उसके बाद भी आए दिन बेटी पति की शिकायत करती थी। इन सभी प्रताड़ना से परेशान होकर सुनीता ने बच्चियों के साथ आत्महत्या की।

# महिला रेडियोग्राफर ने लगाए उत्पीडन के आरोप

**जयपुर (कासं)।** राजधानी के सवाई मानसिंह अस्पताल में महिला रेडियोग्राफर के उत्पीडऩ का मामला सामने आया है। रेडियोथैरेपी विभाग में कार्यरत महिला रेडियोग्राफर ने अस्पताल के रेडियोग्राफर अक्षीक्षक समेत अन्य लोगों पर उत्पीडऩ के गंभीर आरोप लगाए हैं।

महिला कार्मिक ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों पर किसी न किसी बहाने छेड़छाड़ करने, अपशब्दों का प्रयोग कहने, एसीआर खराब करने की धमकी देने, पूर्व में की गई शिकायतों को दबाने और वेतन रोकने समेत कई तरह के गंभीर आरोप लगाए हैं। इसको लेकर महिला ने अपनी शिकायत अस्पताल अधीक्षक को भी दी है। इसमें महिलाओं की पूर्व में आई शिकायत पर उच्च स्तर पर कार्रवाई नहीं किए जाने का खुलासा हुआ है। अब इस मामले में अस्पताल अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा ने यह पूरा प्रकरण महिला उत्पीडऩ कमेटी को भेज दिया है। इसके अलावा पूरे प्रकरण की तथ्यात्मक रिपोर्ट के लिए अलग से कमेटी गठित की है। यह कमेटी प्रारंभिक जांच कर जल्द ही अपनी रिपोर्ट अस्पताल अधीक्षक को सौंपेंगी।

# जैन मंदिर में चोरी करने वाले 9 बाल अपचारी निरूद्ध

**जयपुर (कासं)।** राजधानी जयपुर के जैन मंदिरों में हो रही चोरी के खिलाफ जयपुर पुलिस की स्पेशल टीम ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने 9 बाल अपचारियों को पकड़ा है, जबकि इनके साथ एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद किया है। पुलिस ने बदमाशों के पास से सोने-चांदी के मूर्तियां, छत्र, बर्तन सहित सिक्के और नकदी बरामद की है।

पुलिस की पकड़ में आए 9 बाल अपराधियों में से 7 बाल अपराधी कुछ दिन पहले ही बाल सुधार गृह से दीवार तोड़कर भागे थे। पुलिस ने इन्हें बाल सुधार गृह भेज दिया है।

एडिशनल पुलिस कमिश्नर क्राइम कैलाश बिश्नोई ने बताया कि बाल सुधार गृह से फरार हुए 15 बालकों की तलाश में सीएसटी की टीम को टास्क दिया गया था। जिस पर पुलिस टीम ने शहर में हो रही घटनाओं पर बारीकी से काम करना शुरू किया। पुलिस को पता चला कि नाबालिग बच्चे शहर के जैन मंदिरों में चोरी की वारदात कर रहे हैं। इस पर पुलिस ने नाबालिग बच्चों का पीछा करना शुरू किया। पुलिस टीम को श्याम नगर में जैन मंदिर पर आरोपी रवि डाबुडिया मिला। रवि से हुई पूछताछ के बाद पुलिस ने एक-एक कर नाबालिग अपराधियों को पकड़ना शुरू कर दिया। जिस पर पुलिस टीम ने श्याम नगर में रवि डाबुडिया पुत्र राजेश डाबुडिया को गिरफ्तार किया। साथ ही 9 बाल अपराधियों को भी पकड़ा प्रारम्भिक पूछताछ में रवि की सूचना पर पुलिस ने श्याम नगर और प्रताप नगर में स्थित जैन मंदिरों में चोरी किए हजारों रुपए, सोने-चांदी की मूर्तियां, सामान और वारदात में उपयोग चोरी की 3 मोटर साईकिल बरामद की।

दरअसल, 28 जून को बाल सुधार गृह से बाथरुम की खिड़की तोड़कर 15 बालक फरार हो गए थे। फरार बालकों में से 9 बालकों ने जयपुर शहर में थाना श्याम नगर, प्रताप नगर में जैन मंदिर में चोरी और शिप्रा पथ में चैन स्नैचिंग की वारदात करना कबूला। इन बाल अपराधियों ने शहर में बाइक चोरी करना भी कबूल किया है। ये बाल अपराधी जैन मंदिर को ही टारगेट कर चोरी किया करते थे। बाल अपराधियों ने बताया कि जैन मंदिर में मूर्तियों के साथ रुपए भी अधिक मिलते थे। वहां पर सुरक्षा के इंतजाम भी कम रहते है। पकड़े गए सभी बाल अपराधी चोरी और स्नैचिंग की वारदात करते है।

# 55 हजार रुपए के सिक्के बैंक में जमा कराए पति

**जयपुर, (का.सं.)।** पारिवारिक मामलों की विशेष अदालत क्रम-1 ने पत्नी के भरण पोषण राशि के तौर पर पेश 55 हजार रुपए के सिक्कों को बैंक में जमा कराने को कहा है। अदालत ने पति को आदेश दिए हैं कि वह कोर्ट कर्मचारी के सहयोग से पत्नी के पिता के बैंक खाते में यह राशि जमा कराए। यदि वह चाहे तो अपने खाते में भी इस राशि को जमा कराने के बाद रकम को पत्नी के पिता के खाते में हस्तांतरित कर सकता है। अदालत ने यह आदेश पत्नी की ओर से 55 हजार रुपए के सिक्के स्वीकार करने से इनकार करने पर दिए।

गौरतलब है कि इन दोनों की शादी करीब 12 साल पहले हुई थी। पिछले पांच साल से दोनों के बीच पारिवारिक विवाद चल रहा है। महिला ने पति के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज करा रखा है और इसकी ट्रायल चल रही है। वहीं पति ने भरण पोषण की राशि के तौर पर गत दिनों अदालत में 55 हजार रुपए के सिक्के पेश किए थे। इस पर अदालत ने पति को कहा था कि वह आगामी सुनवाई को एक-एक हजार रुपए की थैलियां बनाकर सिक्कों की गणना कराए। वहीं पत्नी ने यह कहते हुए लेने से इनकार कर दिया था कि पति ने उसे प्रताड़ित करने के लिए सिक्के पेश किए हैं। ऐसे में उसे कागजी मुद्रा में भरण पोषण राशि दिलाई जाए। वहीं बैंक में रुपए जमा कराने के आदेश के दौरान पत्नी की ओर से कहा गया कि उसका बैंक में खाता नहीं है। ऐसे में राशि को उसके पिता के खाते में जमा कराने के निर्देश दिए जाए। इस पर अदालत ने पत्नी के पिता के खाते में भरण पोषण राशि जमा कराने को कहा है।

# जे.एल.एन. रोड पर सीवरेज का पानी बहता देखकर नाराज हुए स्वायत्त शासन सचिव

## उन्होंने ग्रेटर निगम के स्वास्थ्य उपायुक्त मुकेश मूण्ड से जवाब मांगा तो वे कोई उत्तर नहीं दे पाये, आयुक्त महेन्द्र सोनी भी चुपचाप खड़े देखते रहे

**जयपुर (कासं)।** बदहाल सफाई व सीवरेज व्यवस्था से शहर के बाहरी इलाकों में लोग परेशान हैं, लेकिन ग्रेटर निगम से थोड़ी दूर जवाहर लाल नेहरू मार्ग पर भी पिछले दो सप्ताह से सीवरेज लाइन जाम है, जो अब तक ठीक नहीं करवाई गई। बुधवार को स्वायत्त शासन सचिव महेश चंद्र शर्मा ने ग्रेटर निगम आयुक्त महेन्द्र सोनी को साथ लेकर शहर की सफाई व्यवस्था जांचनी शुरू की, तब यह पोल खुली। उन्होंने आयुक्त महेन्द्र सोनी और उपायुक्त स्वास्थ्य मुकेश कुमार मूण्ड से जब जवाब मांगा तो उनसे कोई उत्तर देते नहीं बना।

इस पर नाराजगी जताते हुए महेशचंद्र शर्मा ने कहा कि शहर में दूर-दराज के एरिया में तो लोग सफाई नहीं होने, सीवर जाम होने जैसी मूलभूत समस्याओं से परेशान हैं। लेकिन, जयपुर की सबसे वीआईपी जे.एल.एन. रोड पर ऐसे हालात होना लापरवाही दर्शाता है।

स्थानीय लोगों की मानें तो पिछले दो सप्ताह से त्रिमूर्ति सर्किल से मोती डूंगरी गणेश मंदिर चौराहे के बीच (जेएलएन मार्ग पर) सीवर लाइन से लगातार पानी सड़क पर बह रहा है। तमाम संसाधन होने के बावजूद नगर निगम ग्रेटर इस सीवरेज जाम की समस्या को ठीक नहीं करवा पाया। इस रोड पर बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही रहती है। बुधवार को जब एल.एस.जी. सचिव अपने दौरे पर यहां से गुजरे तो सीवरेज का पानी देखकर रूक गए। उन्होंने मौके पर ही निगम अधिकारियों से सीवरेज ठीक नहीं होने पर जवाब मांगा। डिप्टी कमिश्नर मुकेश मूंड इस सवाल पर कोई जवाब नहीं दे पाए। कमिश्नर महेन्द्र सोनी भी चुपचाप खड़े पूरा माजरा देखते रहे।

ज्ञात रहे कि नगर निगम में स्वास्थ्य उपायुक्त के पास शहर की साफ-सफाई का जिम्मा होता है। नगर निगम से ये आदेश है कि वे ऑफिस आने से पहले और घर जाने से 1-2 घंटे पहले शहर का दौरा कर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करेंगे, जहां कमी दिखेगी उसे ठीक करवाएंगे, लेकिन अधिकारियों को फील्ड में निकलने की फुर्सत ही नहीं।

इससे पहले महेशचंद्र शर्मा ने 22 गोदाम, रामबाग, अजमेरी गेट, सवाई मानसिंह हॉस्पिटल के पास, रामनिवास बाग, मालवीय नगर, मानसरोवर, न्यू सांगानेर रोड समेत कई जगह का दौरा किया। इस दौरान कई जगहों पर सड़कों पर ओपन डिपो देखकर भी उन्होंने नाराजगी जताई। इसके अलावा कई जगहों पर सीवरेज का पानी सड़क पर फैला था।

सड़कों पर जगह-जगह टेलीकॉम व ब्रॉडबैंड कंपनियों द्वारा सड़क डैमेज करने पर भी उन्होंने नाराजगी जाहिर की। महेशचंद्र शर्मा ने पूछा कि मानसून से पहले नगर निगम ने तमाम तरह की सड़क खुदाई की परमिशन पर रोक लगा रखी है तो फिर शहर में जगह-जगह मोबाइल कंपनियां खुदाई करके सड़कों को कैसे डैमेज कर रही है। उन्होंने निरीक्ष्ज्ञण के दौरान कई जगहों पर सड़क पर बनाए अंडरग्राउंड लाइन के चैंबर के पास बड़े-बड़े गड्ढे और चैम्बर बॉक्स खुले देखकर भी हादसे होने की आशंका जताई। जबकि जयपुर कलेक्टर ने आदेश जारी करके सड़कों पर खुदाई करने के लिए रोक लगा रखी है।




स्वायत्त शासन सचिव महेशचंद्र शर्मा ने जे.एल.एन. रोड पर सीवरेज का गंदा पानी बहता देखकर उपायुक्त स्वास्थ्य मुकेश कुमार मूण्ड पर कड़ी नाराजगी जताई।

# देवराज-लालित्या के वकील पैरवी के लिए कोर्ट नहीं आए

**जयपुर, (का.सं.)।** जयपुर जिले की एडीजे कोर्ट-3 ने जयपुर की पूर्व राजपरिवार की राजमाता गायत्री देवी की वसीयत के उत्तराधिकार प्रमाण पत्र (प्रोबेट) जारी करने से जुड़े मामले में वादी पोते देवराज व पोती लालित्या देवी का दावा खारिज कर दिया है। इसके साथ ही अदालत ने फाइल को दाखिल दफ्तर करने के आदेश दिए हैं। देवराज और लालित्या की ओर से पैरवी करने वाले वकीलों के कोर्ट में नहीं पहुंचने पर अदालत ने इस दावे को खारिज किया है।

दावे में देवराज व लालित्या देवी ने अपनी दादी गायत्री देवी की वसीयत को सही मानते हुए इसके अनुसार ही उन्हें उनकी चल व अचल संपत्तियों में हकदार मानने के लिए उनके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र (प्रोबेट) जारी करने का आग्रह किया है। वहीं इस मामले में पृथ्वीराज सिंह, उनके बेटे विजित सिंह सहित जयसिंह व उर्वशी देवी को भी पक्षकार बना रखा है। मामले से जुड़े अधिवक्ता रामजीलाल गुप्ता ने बताया कि पिछली एक जून को हुई सुनवाई पर वादी के वकील ने कोर्ट से कहा था कि आगामी सुनवाई पर वरिष्ठ अधिवक्ता बहस करेंगे। ऐसे में मामले की सुनवाई पांच जुलाई को रखी जाए। कोर्ट ने वादी के वकील के आग्रह पर बहस के लिए 5 जुलाई को सुबह 11.30 बजे का समय तय किया था, लेकिन दोपहर 12 बजे तक भी देवराज व लालित्या की ओर से पैरवी के लिए कोई वकील कोर्ट में उपस्थित नहीं हुआ। जिस पर प्रतिवादियों के वकील ने कहा कि वादी पक्ष ने खुद ही पैरवी के लिए समय तय किया है और वे खुद ही मौजूद नहीं हैं। इसलिए उनका दावा खारिज किया जाए। कोर्ट ने देवराज व लालित्या देवी के दावे को खारिज करते हुए उसे दाखिल दफ्तर कर दिया।



## Sense Of Smell

Your sense of smell warns you of dangers such as smoke and poisonous gases. It also helps you appreciate the full flavours of food and drink. Your sense of smell is 10,000 times more sensitive than your sense of taste.You are able to detect thousands of different smells. The receptors that sense smells are called olfactory receptors. When your olfactory receptors are stimulated, they transmit impulses to your brain. This pathway is directly connected to your limbic system. Smells also leave long-lasting impressions and are strongly linked to your memories.



#PARENTING

# Getting Kids Into Science

"Some of the greatest challenges and opportunities our society is faced with will be solved by teams rather than by individuals"



To get kids into science for the long haul, new findings suggest it's best to engage them alongside their families.

The finding runs counter to the current framework, in which children attend science-related summer camps and after-school programs apart from their families. That approach may diminish the long-term potential of what they learn.

"We wanted to see if we could support families as a whole, as opposed to giving a student a really amazing one-off experience and sending them home to parents who potentially aren't familiar with the content or don't know how to help them pursue classes they could take on the subject," says lead author Megan Ennes, assistant curator of museum education at the Florida Museum of Natural History. Ennes and co-authors report their findings in the journal Research in Science Education.

In partnership with North Carolina State University, the researchers based their study on a family science program hosted at three museums. Over the course of 10 months, families met on weekends for science-themed events, beginning each day with a communal meal.

Afterward, the cohort participated in hands-on activities and attended an information session led by professionals with careers in science, technology, engineering or mathematics (STEM), giving families first-hand accounts of what it's like to work in those fields.

A local teen coding club demonstrated the nuances of programming by having families construct a Rube Goldberg machine in one session, and an astronaut visited to discuss the promise and perils of space travel in another.

During an event with a focus on local wildlife, an ornithologist helped families capture birds with mist nets and band the ones that hadn't been caught before to monitor their populations. Shared experience strengthened these formative activities.

"After the bird banding, one of the parents bought a feeder so they could continue talking about birds at home," Ennes says. "Our goal wasn't to convince students to become scientists, because not everyone wants that. But if we can help families see science as something they do for fun together, then we can help ensure they have a lifelong engagement with it."

"Most kids have an innate interest in science," Ennes says. "For them, it's about curiosity and wonder, but research shows that as they make their way through middle school, there's a significant decline in who remains interested and chooses to take optional science classes in high school.

So we wanted to focus on upper elementary school, where children still have that curiosity, so that we could build a support system around it."

Children who participated in the program were more likely to envision themselves as scientists in the future than the students in the control group, who attended regular after-school programs during the same time period. Program participants also increasingly saw science as something they'd continue to use and engage with in the future, compared with children in the control group, whose perception of the importance of science waned throughout the year.

And despite the focus on younger students, the programs benefits also extended to other family members. Through exit surveys and personal correspondence, the authors noted that families began visiting other museums in their free time, and the program sparked or renewed an interest in science in siblings and parents.

One parent told Ennes that their seventh-grade student had failed their science classes through most of their schooling. After engaging in science activities with their family for a year, the student not only brought their grade up to an A but also received an award for academic achievement from their school as well.

A sibling from another family applied to become a museum volunteer, and three parents made the decision to go back to school and potentially obtain a degree in science.

Scientists are often portrayed as lone mavericks who make ground-breaking discoveries, but according toEnnes, engaging as a community is much closer to how scientists actually operate.

"Some of the greatest challenges and opportunities our society is faced with will be solved by teams rather than by individuals," she says. "Helping families see science as something they do together with a community can help build 21st-century skills needed to be successful in science and society, such as collaboration and flexibility."






Thomson Engineering College Roorkee now an IIT where Mohammad Ali Khan studied. The college was founded by Capt Proby Cautley who built the Ganges Canal. An account on Cautley was carried in Arbit some years ago.

# Mohammed Ali Khan Executed Without Trial

...1



Maj Chandrakant Singh VrC (Retd)
*Military Historian*

#HISTORY

Mohammed Ali Khan, a trained engineer, had gone to England twice as a part of diplomatic delegations. Having just quit service with the East India Company in disgust at its racist discriminations against him and other Indians, he first joined in 1850 the entourage of General Jung Bahadur Rana the de facto ruler of Nepal, who was going to England. Treated well by the British in England, Jung Bahadur supported the British in 1857. Soon after Jung Bahadur's return to India, Mohammed Ali Khan was recruited by Nana Saheb to join the delegation led by Azimullah Khan, which was going to England to plead the Peshwa's case with the Privee Council. A Scottish army man Forbes-Mitchel who captured him recorded his statement before he was executed without trial:

"I am the chief engineer of the army of Lucknow, and came out on a reconnoitring expedition, but Allah has not blessed my enterprise. I intended to have left on my return to Lucknow this evening, and if fate had been propitious, I would have reached it before sunrise tomorrow, for I had got all the information which was wanted; but I was tempted to visit Unao once more, being on the direct road to Lucknow…and it was my misfortune to encounter that son of a defiled wretch who, to save his own neck from the gallows …..,wishes to divert attention from his former rascality by selling the lives of his own countrymen and co-religionists."

"You ask me what my name is, and state that you intend to write an account of my misfortune to your friends in Scotland. Well, I have no objection. The people of England,…and by England I mean Scotland as well are just, and some of them may pity the fate of this servant of Allah. I have friends in both London and Edinburgh, for I have twice visited both places. My name is Mohammed Ali Khan, I belong to one of the best families of Rohilkhand, and was educated in the Bareily College, and took the senior place in all English subjects.



Rebels being blown off by canons.

> I am the chief engineer of the army of Lucknow, and came out on a reconnoitring expedition, but Allah has not blessed my enterprise. I intended to have left on my return to Lucknow this evening, and if fate had been propitious, I would have reached it before sunrise tomorrow, but I was tempted to visit Unao once more.


From Bareily College I passed to Government Engineering College at Roorkee (now IIT Roorkee) and studied engineering for the Company's service, and passed out the senior student of my year, having gained marks in excess of all European pupils, both civil and military. But what was the result? I was nominated to the rank of 'jemadar' of the Company's engineers and sent with a company on detached duty on the hill roads as a native commissioned officer, but actually subordinate to a European sergeant, a man who was my inferior in every way, except perhaps, in mere brute strength, a man of little or no education, who would never have risen above the grade of a working-joiner in England. Like most ignorant men in authority, he exhibited all the faults of the Europeans which irritate and disgust us, arrogance, insolence, and selfishness…….I wrote to my father and requested his permission to resign, he agreed with me that I, the descendent of princes, could not serve the Company under conditions such as I have described. I resigned the service and returned home, intending to offer my services to his late Majesty Nussar-ood-Deen, King of Oude; but just when I reached Lucknow I was informed that His Highness Jung Bahadur of Nepal, was about to visit England, and required a secretary well acquainted with the English language. I at once applied for the post, and being well backed by recommendations both from native princes and English officials, I secured the appointment, and in the suite of the Maharajah I landed in England for the first time.

Among other places we visited Edinburgh, where your regiment, the Ninety-Third Highlanders, formed the guard of honour for the reception of His Highness. Little did I think when I saw a kilted regiment for the first time, that I should ever be a prisoner in their tents in the plains of Hindustan; but who can predict or avoid his fate?"



Kaiserbagh Palace Lucknow.

> "I do not speak, Saheb, to flatter you or to gain your favour. I have already gained that, and I know that you cannot help me any further than you are doing, and that if you could, your sense of duty would not let you. I know I must die; but the unexpected kindness which you have shown me has caused me to speak my mind. I came to this tent with hatred in my heart, and curses on my lips; but your kindness to me, unfortunate, has made me, for the second time since I left Lucknow, ashamed of the atrocities committed during this rebellion. The first time was at Kanpur a few days ago, when Colonel Napier of the Engineers was directing the blowing up Hindu temples on the Kanpur Ghat, and a deputation of Hindu priests came to beg that the temples might not be destroyed. 'Now listen to me' said Colonel Napier in reply to them; ' you were all here when our women and children were murdered, and you also know that we are not destroying these temples for vengeance, but for military considerations connected with the safety of the bridge of boats




Humayuns Tomb in 1957 where the sons of the last Moghul were killed by Codson.


### Military Considerations

"Well I returned to India, and filled several posts at native courts till 1854, when I was again asked to visit England in the suite of Azimullah Khan, whose name you must have often heard in connection with his mutiny and rebellion. On death of the Peshwa, the Nana had appointed Azimullah Khan to be his agent. He like myself, had received a good education in English, under Gunga Deen, headmaster of the Government School at Kanpur. Azimullah was confident that, if he could visit England, he would be able to have decrees of Lord Dalhousie against his master reversed, and when I joined him he was about to start for England, well supplied with money to engage the best lawyers, and also to bribe high officials, if necessary. But I need not give you an account of our mission. You already know that, so far as London drawing-rooms went, it proved a social success, but as far as gaining our end a political failure. We left London after spending 50000 pounds sterling, to return to India via Constantinople in 1835. From Constantinople we visited Crimea, where we witnessed the assault and defeat of the English on 18 June, and were struck by the wretched state of both armies (English and French) in front of Sebastopol. Thence we returned to Constantinople, and there met real or pretended Russian agents, who made large promises of material support if Azimullah could stir up rebellion in India. It was then Azimullah and I formed a resolution of attempting to overthrow the Company's government, and 'shookr khoodha' we have succeeded in doing that. From the newspapers you have lent me, I see that the Company's Raj has gone, and that their charter for robbery and confiscation will not be renewed. Although we have failed to wrest the country from the English, I hope we have done some good, and that our lives will not be sacrificed in vain; for I believe direct government under the English parliament will be more just than that of the Company, and there is yet a future before my oppressed and downtrodden countrymen, although I shall not live to see it."

"I do not speak, Saheb, to flatter you or to gain your favour. I have already gained that, and I know that you cannot help me any further than you are doing, and that if you could, your sense of duty would not let you. I know I must die; but the unexpected kindness which you have shown me has caused me to speak my mind. I came to this tent with hatred in my heart, and curses on my lips; but your kindness to me, unfortunate, has made me, for the second time since I left Lucknow, ashamed of the atrocities committed during this rebellion. The first time was at Kanpur a few days ago, when Colonel Napier of the Engineers was directing the blowing up Hindu temples on the Kanpur Ghat, and a deputation of Hindu priests came to beg that the temples might not be destroyed. 'Now listen to me' said Colonel Napier in reply to them; ' you were all here when our women and children were murdered, and you also know that we are not destroying these temples for vengeance, but for military considerations connected with the safety of the bridge of boats. But if any man among you can prove to me that he did a single act of kindness to any Christian man, woman, or child, nay, if he can even prove that he uttered one word of intercession for the life of one of them, I pledge myself to spare the temple he worships'……..I was so impressed with the justness of Napier's remarks that I too turned away ashamed."



Anyone who has recently seen the Queens funereal, Charles coronation and the trooping of the colour parade, would have been impressed by the grand show and ceremony the British can put up. They were good at even making the mass executioners into a grand spectacle.



Jama Majid Delhi after in 1957

### Strengthening The Defences

On this I asked him, "Were you in Kanpur when the Mutiny broke out?" To which he replied: "No thank God! I was in my home in Rohilkhand; and my hands are unstained by the blood of any one, excepting those who have fallen in the field of battle. I knew the storm was about to burst, and had gone to place my wife and children in safety, and I was in my village when I heard the news of the mutinies at Meerut and Bareily. I immediately hastened to join the Bareily Brigade and marched with them for Delhi. There I was appointed engineer in chief, and set about strengthening the defences by aid of a party of Company's engineers which had mutinied on the march from Roorkee to Meerut. I remained in Delhi till it was taken by the English in September. I then made my way to Lucknow with as many men as I could collect of the scattered forces. We first marched to Mathura, where we were obliged to halt till I threw a bridge of boats across the Jamuna for the retreat of the army. We still had a force of over thirty thousand men under the command of Prince Feroze Shah and General Bhukt Khan. As soon as I reached Lucknow I was honoured with the post of chief engineer. I was in Lucknow in November when your regiment assisted to relieve the Residency. I saw the horrible slaughter in Secundrabagh. I had directed the defences of that place the night before, and was looking on from the Shah Nujeff when you assaulted it. I had posted over three thousand of the best troops in Lucknow in the Secundrabagh, as it was the key of the place and not a man escaped. I nearly fainted; my liver turned to water when I saw the green flag pulled down, and a highland bonnet set up on the flagstaff which I had erected the night before. I knew that all was over, and directed the guns of Shah Nujeff to open fire on the Secundrabagh. Since then I have planned and superintended the construction of all defensive works in and around Lucknow. You will see them when you return, and if the sepoys and artillery men stand firmly behind them, many of the English army will lose the number of their mess, as you call it, before you again become masters of Lucknow."

> We left London after spending 50000 pounds sterling, to return to India via Constantinople in 1835. From Constantinople we visited Crimea, where we witnessed the assault and defeat of the English on 18 June, and were struck by the wretched state of both armies (English and French) in front of Sebastopol.

***To be continued...***

rajeshsharma1049@gmail.com

# A Rare Story - The Sepoy Perspective

One of the classics to come out of Indian writing in the nineteenth century is a book 'Sepoy to Subedar' the memoirs of Sita Ram Pandey a sepoy who served in 31st Bengal Native Infantry, later renamed as 2nd Queen Victoria's Rajput Light Infantry and now 4 Guards the battalion I had the honour to serve.

He had taken part in the first Afghan Wars and the Sikh Wars after which he was transferred to the newly raised Punjab Regiment in which he served during the Mutiny or call it by whatever name one will. His story is recounted in his memoirs 'From Sepoy to Subedar' first translated into English and published in by Major later Major General Norgate. This is the only account by an Indian soldier of military service with the East India Company. Sita Ram Pande:-

"One day in one of the enclosed buildings, a great number of prisoners were taken. They were nearly sepoys. They were all brought in after the fight to the officer commanding my regiment, and in the morning the order came in that they were all to be shot. It happened that it was my turn to command the firing party. I asked the prisoners their names and regiments. After hearing some five or six, one sepoy said he belonged to a certain regiment which was my son's regiment. I naturally enquired whether he had known my son Anant Ram, of the Light Company. He answered that that was his own name, however this is a very common name, and because I had always imagined that my son must have died from the Sindh fever, since I had never heard from him, it did not first strike me. But when he told me that he came from Tilowee, my heart leapt into my mouth. Could he be my long lost son? There was no doubt about it, for he gave my name as his father, and fell down at my feet imploring my pardon. He had mutinied with the rest of the regiment and gone to Lucknow. Once the deed had been done, what else could he do? Where could he have gone, even if he had wanted to escape?

The prisoners were to be shot at four o'clock in the afternoon and I must be my son's executioner! Such is fate! I went to the Major Saheb and requested that I might be relieved of this duty as a very great favour. He was very angry and said he would bring me before a court martial for trying to shirk my duty. He would not believe I was faithful servant of the English Government-he thought my real sympathies were with the mutineers-and would not listen to me any further. At last my feelings as a father got the better of me, and I burst into floods of tears. I told him that I would shoot every one of the prisoners with my own hands if he ordered me but I confessed that one of them was my own son. The Major declared that I was only making up an excuse to avoid having to shoot my own brethren but at last his heart seemed to be touched. He ordered my unfortunate son to be brought before him and questioned him very strictly.

I shall never forget the terrible scene. Not for one moment did I consider requesting that his life should be spared-that he did not deserve. Eventually the Major came to believe in the truth of my statement and ordered me to be relieved from this duty. I went to my tent bowed down with grief which was made worse by the gibes and taunts of the Sikhs who declared I was a renegade. In a short time I heard a volley. My son received the reward for mutiny! He showed no fear but I would much rather that he had been killed in battle. Through the kindness of the Major I was allowed to perform the funeral rites over my misguided son. He was the only one of the prisoners over whom it was performed, for the remainder were all thrown to the jackals and vultures.


I had not heard from my son since I went Kabul, and thus I met him again, untrue to his salt, and in open rebellion against the master who had fed his father and himself. But I have said enough and more is unnecessary."

Some may be surprised at the fact that the father and son did not recognise each other when they first saw each other on this fateful day. The fact is that the father and son had not met for fifteen years from the time the boy as an eighteen year old had joined his regiment as a recruit and Sita Ram Pande had left for Kabul to take part in the First Afghan War 1839=45 and the Anglo-Sikh Wars 1845-49. There were no selfies and such things in those days nor were yearly furloughs granted even to British Officers of the East India Company, nor a postal service as we know today.



The daughter of Brig Wheeler shooting one of the rebels. She herself was killed later in trying to escape in a boat on the Ganges.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# बीकानेर में पी.एम. की सभा आठ को, मेघवाल ने सभा स्थल का जायजा लिया

## 'दौरे के दौरान प्रधानमंत्री केन्द्र सरकार द्वारा कराये गए विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे'

**बीकानेर, (कासं)।** केन्द्रीय विधि एवं संसदीय कार्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने आठ जुलाई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीकानेर दौरे को लेकर सभा स्थल का जायजा लिया व संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

मेघवाल ने बताया कि बीकानेर दौरे के दौरान प्रधानमंत्री केन्द्र सरकार द्वारा कराये गए विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे। प्रधानमंत्री बीकानेर के नजदीक ग्रीन एक्सप्रेस हाईवे के समीप नौरंगदेसर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। केन्द्रीय मंत्री मेघवाल के साथ गुमान सिंह राजपुरोहित, संपत पारीक, महावीर चारण, किशन गोदारा, कोजूराम सारस्वत, मोहन पूनिया, पंकज अग्रवाल मौजूद थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 8 जुलाई को होने वाली जनसभा को लेकर भारतीय जनता पार्टी शहर जिलाध्यक्ष विजय आचार्य ने कहा कि जनसभा की व्यवस्थाओं को लेकर प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। जिसमें कार्यालय व्यवस्था में श्यामसुंदर चौधरी, राजाराम सींगड़, वाहन व्यवस्था अनिल शुक्ला, राजकुमार पारीक, आवास भोजन व्यवस्था गोपाल अग्रवाल, मीडिया प्रभारी मनीष सोनी, बैठक सूचना प्रमुख नरेश नायक, प्रोमिला गौतम, सोशल मीडिया प्रमुख सुशील आचार्य, अतिथि स्वागत मोहन सुराणा, प्रवासी प्रमुख अरूण जैन, कौशल शर्मा, प्रशासनिक अनुमति प्रमुख सत्यप्रकाश आचार्य, मुमताज अली भाटी, कोष प्रमुख शिवरतन अग्रवाल, पश्चिम विधानसभा रैली प्रमुख गोकुल जोशी, विजय उपाध्याय, पूर्व विधानसभा रैली प्रमुख नारायण चौपड़ा, देवकिशन मारू, कार्यालय कॉल सेंटर प्रमुख विक्रम सिंह भाटी, राहुल पारीक, नेमीचंद कुलडिया, शुभम सुथार, महिला प्रमुख सुशीला कंवर, सुमन छाजेड़ को नियुक्त किया गया है।



केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ( बीच में ) ने स्थल का जायजा लिया व अधिकारियों को निर्देश दिए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 8 जुलाई को बीकानेर के नोरंगदेसर में होने वाली जनसभा को लेकर आज भारतीय जनता पार्टी बीकानेर शहर के सभी 10 मंडलों में बैठकों का आयोजन किया गया। जिसमें मंडलों के प्रभारी, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, पार्षद उपस्थित थे। भाजपा शहर जिलाध्यक्ष विजय आचार्य ने बताया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीकानेर दौरे को लेकर आमजन में उत्साह है। आमजन को सभास्थल तक लेकर जाने को लेकर लगातार बैठकों का दौर जारी है। बीकानेर शहर के आज सभी दस मंडलों में कार्यक्रम में वाहन, सूचना, घर-घर पीले चावल से निमंत्रण के साथ सभी व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। मंडल स्तर पर टीमों का गठन प्रमुख कार्यकर्ताओं को सौंपी जिम्मेदारी देते हुए मंडल अध्यक्षों ने एक सुर में पूरे जोश के साथ मंडलों से हजारों की संख्या में आमजन को ले जाने की बात कही।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 8 जुलाई को बीकानेर आगमन से पूर्व बीकानेर में मैराथन बैठकों का दौर जारी है। भाजपा शहर जिलाध्यक्ष विजय आचार्य ने बताया भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सी.पी. जोशी, नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल 6 जुलाई को भाजपा संभाग मुख्यालय में सामाजिक व व्यापारिक संगठनों, भाजपा के मंडलों, मोर्चा, प्रकोष्ठ, छात्र संगठनों के साथ बैठक करेंगे। भाजपा संभाग कार्यालय में भाजपा शहर जिला महामंत्री मोहन सुराणा, नरेश नायक, अनिल शुक्ला लगातार सभी से संपर्क कर पूरे कार्यक्रम का समन्वयक कर रहे हैं।

# अवैध संबंधों के शक में की थी युवक की हत्या

**■ महिला ने प्रेमी के साथ मिलकर किए थे धारदार हथियार से वार, दोनों गिरफ्तार**

**हनुमानगढ़, (निसं)।** जंक्शन की न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के एक फ्लैट में युवक का मर्डर करने वाली महिला और उसके प्रेमी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। महिला को बेटी के साथ युवक के अवैध संबंधों के शक था। इस पर उसने अपने प्रेमी के साथ मिलकर युवक की हत्या करने की साजिश रची। सोमवार की रात को बेटी से मिलने आए युवक पर महिला और उसके प्रेमी ने धारदार हथियार से कई वार किए, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस आरोपियों से पूछताछ में जुटी है।

सीआई नरेश गेरा ने बताया कि जंक्शन पुलिस को देर रात करीब सवा एक बजे नई हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में हत्या की सूचना मिली तो पुलिस मौके पर पहुंची। यहां पर सुरेशिया निवासी मुकेश बावरी (22) पुत्र परसराम बावरी का शव फर्श पर पड़ा मिला। शव पर धारदार हथियार से कई वार किए गए थे और पूरे कमरे में खून ही खून बिखरा था। पुलिस ने मौका मुआयना कर शव को जिला अस्पताल की मॉर्च्युरी भिजवाया। सुबह एफएसएल टीम को मौके पर बुलाया गया, जिसने सबूत जुटाए।

सीआई ने बताया कि मृतक मुकेश के पिता परसराम पुत्र पूरणराम बावरी ने बताया कि उसके बेटे मुकेश की सतीपुरा निवासी सुरेश बावरी की बेटी के साथ दोस्ती थी। 3 जुलाई को मेरा बेटा मुकेश युवती से मिलने के लिए न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के सरकारी क्वार्टरों में गया था। सुरेश की पत्नी माया के सुखराम पुत्र कालूराम बावरी निवासी 13 एसपीडी जाखडावाली के साथ अवैध संबंध है। सुरेश की पत्नी माया मेरे बेटे मुकेश की अपनी बेटी के साथ दोस्ती का विरोध करती थी। इसी बात को लेकर 3 जुलाई को माया और सुखराम ने मेरे बेटे मुकेश की धारदार हथियार से हत्या कर दी। सीआई ने बताया कि परसराम की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर शव का पोस्टमॉर्टम कराया और शव परिजनों को सौंप दिया।

एएसपी जसाराम बोस ने बताया कि हत्या के आरोपियों को पकड़ने के लिए टीमें गठित की। जांच में सामने आया कि महिला माया ने न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित फ्लैट संख्या सी-121 को रविवार को ही किराए पर लिया था और अपनी बेटियों के साथ रहना शुरू किया था। रात को मुकेश माया की बेटी से मिलने पहुंचा था।

जहां माया और उसके प्रेमी सुखराम ने कापे (धारदार हथियार) से हमला कर उसका मर्डर कर दिया। पुलिस ने महिला माया और उसके प्रेमी को राउंडअप कर पूछताछ की, जिसमें उन्होंने मर्डर करना कबूल कर लिया। प्रारंभिक तौर पर अवैध संबंधों की आशंका में हत्या की बात सामने आई है। आरोपियों से गहन पूछताछ के साथ मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है। जंक्शन पुलिस हत्या के आरोपियों माया और उसके प्रेमी सुखराम को बुधवार दोपहर को कोर्ट में पेश करेगी और रिमांड पर लेगी।

## करंट की चपेट से महिला की मौत

**रतनगढ़, (निसं)।** रतनगढ़ तहसील के गांव कुसुमदेसर में घर में कपड़े सूखा रही महिला को करंट की चपेट में आ गई। परिजन उसे रतनगढ़ जिला अस्पताल लेकर आए, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर रतनगढ़ पुलिस जिला अस्पताल पहुंची तथा घटना की जानकारी ली। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाया है। मामले के अनुसार रतनगढ़ के गांव कुसुमदेसर निवासी 40 वर्षीय मंजू कंवर घर पर अकेली थी। महिला अपने घर पर कपड़े सूखा रही थी कि तणी में दौड़ रहे करंट की चपेट में आ गई, जिससे वह बेसुध होकर नीचे गिर गई।

# बैंक कैशियर से नगदी सहित सामान लूटा

**टोडाभीम, (निसं)।** बालघाट थाना क्षेत्र के गांव लपावली के पास तीन अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने बैंक कैशियर की कनपटी पर अवैध देसी कट्टा तानकर 1500 रुपए की नकदी सहित, बैंक की चाबियां, मोबाइल एवं स्टेशनरी लूट की घटना को अंजाम दिया है हालांकि गनीमत रही कि इस दौरान बैंक कैशियर के पास बैंक का कैश नहीं था, घटना के संबंध में बड़ौदा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक शाखा मूंडिया के कैशियर अक्षय कुमार चतुर्वेदी ने बालघाट पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

पीड़ित कैशियर अक्षय कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि रोजाना की तरह वह सुबह 10 बजे हिंडौन सिटी बैंक की मुख्य शाखा से बाइक से कुछ स्टेशनरी का सामान लेकर अपनी ड्यूटी पर मूंडिया बैंक जा रहा था तभी गांव लपावली के बस स्टैंड से तीन बाइक सवार अज्ञात नकाबपोश बदमाश जिनकी उम्र 25 से 30 साल के बीच थी, बदमाशों ने लगभग 1 किलोमीटर गंभीर नदी स्थित पुलिया तक उसका पीछा किया तथा पुलिया एवं पेट्रोल पंप के मध्य सुनसान जगह पर बदमाशों ने उसकी बाइक के आगे बाइक लगाकर उसे रोक लिया, बैंक कैशियर ने बताया कि बदमाशों मे से एक ने देसी कट्टा उनकी कनपटी पर तान दिया तथा बैग में रखे बैंक स्टेशनरी, बैंक की चाबियां एवं दो मोबाइल को छीन कर ले गए। बाइक सवार बदमाश वारदात को अंजाम देने के बाद पेंचला पेट्रोल पंप की तरफ भाग गए। तत्पश्चात उन्होंने आसपास के घरों पर पहुंचकर दूरभाष के माध्यम से सहकर्मियों को घटना की जानकारी दी।

पीड़ित बैंक कैशियर अक्षय चतुर्वेदी ने बताया कि शायद बदमाशों को अंदेशा था कि मेरे पास बैंक का केस हो सकता है इसलिए उन्होंने सर्वप्रथम कट्टा तान कर मेरे बैग को छीना, उन्होंने बताया कि बैंक नियमों के अनुसार बैंक का कैश फोर व्हीलर गाड़ी में गार्ड सुरक्षा के साथ भेजा जाता है। रोजाना लगभग 6 लाख रुपए का लेन देन बैंक में होता है। थानाधिकारी अबजीत कुमार ने बताया कि बैंक कैशियर के साथ लूटपाट की घटना का मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की धरपकड़ के लिए तीन अलग-अलग टीमों का गठन किया गया है, आरोपियों की पहचान के लिए सड़क किनारे लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है।

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के रूप में प्रदेश के किसानों, जवानों और बेटियों की आवाज बुलंद की : सतीश पूनिया

## नागौर के परबतसर में गौशाला भूमि-पूजन और जनसभा को पूर्व प्रदेशाध्यक्ष और उपनेता प्रतिपक्ष ने संबोधित किया

**जयपुर/नागौर।** नागौर जिले के परबतसर विधानसभा क्षेत्र के गांव पीह में गुरुदेव परमार्थ गौशाला में गौमातृ भूमि पूजन कर विशाल जनसभा को राजस्थान विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने संबोधित किया। वहीं हजारों गाड़ियों और ट्रैक्टरों के काफिले के साथ कार्यकर्ताओं, किसानों और युवाओं ने सतीश पूनियां का भव्य स्वागत अभिनंदन कर प्यार और आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष हरिराम रणवा, भाजपा पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष माधोराम चौधरी, पूर्व विधायक एवं किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अतर सिंह भढाना इत्यादि सहित विशाल जनसभा में भारी जनसैलाब उपस्थित रहा।



भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया का परबतसर के गांव पीह में लोगों ने स्वागत किया।

डॉ. पूनियां ने गौशाला भूमि पूजन जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस विशाल जनसभा में और गौशाला भूमि पूजन में गांव ढाणियों से पधारी माता-बहनों और किसान सरदारी को प्रणाम करता हूं। परबतसर के युवा भाजपा नेता और ग्राम पंचायत पीह के ऊर्जावान सरपंच अमरचंद जाजड़ा को हृदय से धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने 37 बीघा जमीन गौशाला के लिए दान दी है, जिसमें गायों का लालन-पालन, संरक्षण, उनकी सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित होगा, जो हमारी भारतीय सनातन संस्कृति में बहुत पुण्य का काम है और वर्तमान युग में इस पुण्य कार्य की बहुत जरूरत है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के रूप में हम सभी ने मिलकर संगठन को बूथ और पन्ना तक मजबूती दी, राजनीति को सिर्फ नारों की नहीं सरोकारों की राजनीति से जोड़ा और दोनों कोरोनाकाल में राजस्थान के करोड़ों लोगों की भाजपा कार्यकर्ताओं ने भोजन, राशन, पानी इत्यादि मदद की और मैदान में मजबूती से डटे रहे।

**■ 'गौशाला के लिए 37 बीघा भूमि दान करने वाले ऊर्जावान सरपंच अमरचंद जाजड़ा का हार्दिक अभिनंदन करता हूं, अंग्रेजों की नजर में गाय एनिमल हो सकती है, हम भारतीयों के लिए गाय माता हैं'**

उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के रूप में प्रदेश के किसानों, जवानों और बेटियों की आवाज बुलंद की और पार्टी आगे जो भी जिम्मेदारी देगी, जिस भी भूमिका में रहूंगा, जब तक मेरी जिंदगी है, हमेशा की तरह पूरी ईमानदारी और निष्ठा से मेरी कलम संगठन, राजस्थान के किसानों, जवानों और मातृशक्ति की तरक्की के लिए चलेगी। अंग्रेज लोगों की नजर में गाय एनिमल या जानवर हो सकती है, लेकिन भारत के लोगों के लिए गाय माता है, जो हम राजस्थानवासियों और देशवासियों के लिए सदियों से पूज्य है। इतनी बड़ी संख्या में नागौर और परबतसर की किसान सरदारी, माता बहनें, मेरे जैसे सामान्य किसान परिवार में जन्मे एक सामान्य कार्यकर्ता को आशीर्वाद देने आए हैं, आप सब का हार्दिक अभिनंदन करता हूं।

# लिव इन रिलेशन में रहने वाली महिला का यौन शोषण

**जोधपुर, (कासं)।** जिला पश्चिम में एक महिला ने अपने साथी पर यौन शोषण किए जाने और 15 लाख रूपए ऐंठने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करवाया है। महिला का कहना है कि वह युवक के साथ लिव इन रिलेशन में थी। वह पिछले 15-20 साल से साथ में थी। पुलिस ने प्रकरण में अब तफ्तीश आरंभ की है।

जिला पश्चिम के प्रतापनगर क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने बताया कि उसका अपने शादीशुदा पति से अनबन के चलते शादी के कुछ साल बाद ही तलाक हो गया था। तब क्षेत्र में रहने वाले एक व्यक्ति जो कि उसकी जाति का ही था और परिचित था से नजदीकियां बढी तो दोनों लिव इन रिलेशन में रहने लगे।

इस बीच उनके बीच संबंध भी बने। वह कई बार गर्भवती भी हुई लेकिन आरोपी शादी के बाद बच्चे का झांसा देकर उसका गर्भपात कराता रहा। उसके ज्यादा दबाव बनाने पर आरोपी ने उसके साथ लिव इन रिलेशन के दस्तावेज भी बनाए और कई साल साथ रहे। लेकिन शादी नहीं की।

आरोपी ने घर की जरूरतें बताकर उससे करीब पन्द्रह लाख रूपये भी ले लिए। लेकिन वापस नहीं लौटाए बल्कि और रूपयों का तकाजा करते हुए उधारी से पैसे लाने को कहने लगा। पुलिस ने प्रकरण दर्ज करते हुए जांच आरंभ की है।

## मंदिर से अष्टधातु की मूर्ति, चांदी के गहने चोरी

**रेवदर, (नि.सं.)।** भटाणा कस्बे में चोरों ने अंबे माता मंदिर को निशाना बनाया। चोरों ने मंदिर का दरवाजा तोड़कर अष्टधातु की मूर्ति, चांदी के गहने और दानपात्र को तोड़कर रुपए निकाल लिए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। भटाणा कस्बे में स्थित अंबे माता मंदिर के पुजारी सुंदर पुरी ने बताया कि मंगलवार रात को मंदिर में संध्या आरती और रात को आरती के बाद मंदिर के मुख्य दरवाजे पर ताले लगाकर वह घर चला गया था। बुधवार सुबह मंदिर पहुंचा तो दरवाजे पर लगा ताला टूटा हुआ था और मंदिर में रखा सामान अस्त-व्यस्त था। मंदिर से अष्ट धातु की मूर्ति, माताजी के चांदी के पायल और अन्य सामान गायब मिला। चोरों ने मंदिर का दानपात्र मंदिर से 50 फिट दूर तालाब किनारे तोड़कर फेंक दिया और उसमे रखे सारे रुपए निकाल कर फरार हो गए। चोरी की घटना की सूचना मिलते ही मंडार थाने के एएसआई मोहनलाल टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

## ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**डूंगरपुर, (निसं)।** डूंगरपुर के सरोदा थाना पुलिस ने लोगों से ठगी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। ऑनलाइन वेबसाइट से लड़कियां दिलाने के नाम पर आरोपी लोगों से ठगी करता था। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर उसके साथियों की तलाश कर रही है। सरोदा थानाधिकारी ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि गामडी देवकी निवासी कमलेश उर्फ मनोज पाटीदार पुत्र रूपसी पाटीदार ऑनलाइन सुडोको एडल्ट वेबसाइट के माध्यम से लड़कियां उपलब्ध करवाने के नाम पर पैसे वसूली करता है।

## डामर प्लांट से लाखों रूपये का सामान चोरी

**सादुलपुर, (निसं)।** राजगढ़ की एमपी कॉलोनी के पीछे अली कॉलोनी में स्थित एक डामर प्लांट में से एक जुलाई की रात्रि को कोई व्यक्ति लाखों रूपये का सामान चोरी कर ले गये। हांलाकि अभी तक मामला दर्ज नहीं किया गया है। वहीं मिली रिपोर्ट पर राजगढ़ थाना पुलिस ने घटना स्थल का मौका निरीक्षण किया है। प्रकरण मे विजेन्द्र कुमार पूनिया ने राजगढ़ थाने में इस आरोप की रिपोर्ट दी है कि उसका एक डामर प्लांट एमपी कॉलोनी के पीछे अली कॉलोनी में स्थित है, जिसके चारों ओर जाल व तारबंदी कर रखी है। आरोप है कि उसने 2 जुलाई को सुबह प्लांट में आकर देखा तो जनरेटर का एप्लीनेटर, जनरेटर की दो बैटरी, सलेन्जर पट्‌टा की एक मोटर, डरायर की एक मोटर, एडजेस्ट की एक मोटर, मोबाइल मिक्स प्लांट के 6 टायर, दो टायर पुराने प्लान्ट के, एक पानी की मोटर, तेल डालने का पम्प, तीन धुरा टायर के, एसी डरायर, दो बडा जैक, प्लान्ट की चाबी पाना किट, एक कुलर व एक पँखा, जिसकी कुल कीमत 4-4.50 लाख रूपये है, जो कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गये।

## फंदे पर लटका मिला युवक

**मालपुरा, (निसं)।** डिग्गी थाना क्षेत्र के चबराना ग्राम पंचायत के गुरूदयालपुरा में बुधवार की सवेरे अपने ही बाड़े में फांसी के फंदे से झूलता मिला युवक का शव तो परिजनों ने पांच जनों के विरूद्ध डिग्गी थाने में हत्या का मामला दर्ज करवाया। गुरूदयालपुरा निवासी धारासिंह पुत्र किशनलाल बैरवा जो कि सवेरे तकरीबन 8 बजे घर से निकला था। तलाशी के दौरान महिलाऐ पास ही के बाडे मे पहुंची तो युवक का शव फांसी के फंदे पर झुलता मिला। परिजनो की सुचना पर डिग्गी थाना पुलिस मय जाप्ते के एमओयू टीम के साथ मौके पर पहुंचे। डिग्गी अस्पताल की मोर्चरी मे शव रखने के बाद मृतक के परिजन युवक द्वारा आत्महत्या नही करने की बात कहते हुए हत्या कर शव लटका देने का अंदेश जत्ता हत्या का मामला दर्ज किये जाने के बाद ही शव का पोस्टमार्टम करवाने की जिद्द पर अड गये। अधिकारियो व पुलिस की समझाईश एवं पांच जनो के विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज किये जाने के बाद शव का पोस्टमार्टम करा परिजनो को सौंपा गया। सुत्रो से मिली जानकारी मे पुलिस ने मामले मे तीन जनो को पूछताछ के लिए हिरासत मे लिया है।

# फर्जी मार्किंग के प्रकरण में गिरफ्तारी पर रोक

**■ शिकायतकर्ता तहसीलदार बीदासर से मांगा जवाब**

**बीदासर, (निसं)।** बीदासर तहसीलदार द्वारा रिजवान बागोट और विधि छात्र वसीम कानूनीया के खिलाफ दर्ज करवाये गये प्रकरण में राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर ने रिजवान व वसीम की याचिका पर सुनवाई करते हुए मामले में रोक लगाकर शिकायतकर्ता तहसीलदार बीदासर से जवाब मांगा है।

जानकारी के अनुसार बीदासर तहसीलदार द्वारका प्रसाद शर्मा ने 1 मई 2023 को पत्रकार रिजवान बागोट और विधि छात्र वसीम कानूनीया पर फर्जी मार्किंग करने का मुकदमा पुलिस थाना बीदासर में दर्ज करवाया था। जिसमें रिजवान और वसीम की ओर से एडवोकेट परमेश्वर पिलानियां और डी एस घड़साना ने उच्च न्यायालय में याचिका पेश की और न्यायालय को बताया कि याचिकाकर्ता ने एक दिन पहले ही तहसीलदार द्वारका प्रसाद और अन्य कार्मिकों की पट्टा पंजीयन की एवज में रिश्वत मांगने और रिश्वत नहीं देने पर झूठे मुकदमे में फंसाकर जीवन बर्बाद करने की शिकायत राज्यपाल, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राजस्व विभाग, जिला कलक्टर, पुलिस के आलाधिकारियों सहित विभिन्न अधिकारियों को भेज दी थी।

जिस पर तहसीलदार ने रंजिश और बदले की भावना से तथा शिकायतकर्ता को क्षतिकारित करने के उद्देश्य से झूठी एफआईआर दर्ज करवाई है। अधिवक्ता पिलानियां और घड़साना ने दलील दी कि जब पंजीयन से पहले ही फर्जी मार्किंग हो गई थी तो पंजीयनकर्ता द्वारा पंजीयन कैसे कर दिया गया, पंजीयन से पहले सभी दस्तावेज जांच होते हैं उसके बाद पंजीयन कार्य पूरा किया जाता है, ऐसे में फर्जी मार्किंग का आरोप मिथ्या है। पत्रकार बागोट और वसीम की याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस मनोज कुमार गर्ग ने मामले में गिरफ्तारी पर रोक लगाकर तहसीलदार बीदासर से जवाब मांगा है।

## पोक्सो के आरोपी को दबोचा

**चूरू, (कासं)।** पुलिस कस्टडी से भागे पोक्सो एक्ट में गिरफ्तार आरोपी को पुलिस ने चार घंटे में दबोच लिया है। पुलिस के अनुसार सिद्धमुख थाने में पोक्सो एक्ट में गिरफ्तार आरोपी जयपाल पुत्र सुरेन्द्र पुलिसकर्मियों को चकमा देकर फरार हो गया था। पुलिस टीम बुधवार को आरोपी को पोक्सो कोर्ट में पेश करने के लिए ला रही थी, लेकिन रास्ते में वह पुलिसकर्मियों को चकमा देकर फरार हो गया। आरोपी के फरार होने की सूचना मिलने पर पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस आरोपी की तलाश में जगह-जगह दबीश दी। एसपी राजेश कुमार मीना ने बताया कि 2 दिन पहले पुलिस थाने में 9 साल की बालिका से रेप का मामला दर्ज हुआ था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मंगलवार को आरोपी जयपाल को गिरफ्तार किया था। पुलिस बुधवार को आरोपी को सिद्धमुख थाने से गाड़ी में लेकर पोक्सो कोर्ट जा रही थी। इस दौरान नेशनल हाईवे-52 पर आपणो पेट्रोल पंप के पास आरोपी जयपाल ने टॉयलेट जाने का बहाना बनाया। इस पर पुलिसकर्मियों ने गाड़ी रोकी। यहां आरोपी जयपाल पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया।

# शराब के 400 कार्टून व ट्रक जब्त, तस्कर गिरफ्तार

**ब्यावर, (निसं)।** शराब तस्करी पर पुलिस थाना जवाजा व जिला स्पेशल टीम की संयुक्त कार्यवाही मे पंजाब निर्मित अवैध शराब परिवहन करते हुए शराब के 400 कार्टन व ट्रक जब्त एवं बासनी कापरडा निवासी तस्कर प्रेमाराम पुत्र मंगलाराम विश्नोई बासनी कापरडा निवासी को गिरफ्तार किया गया एवं एक विधि से संघर्षरत बालक को निरूद्ध किया गया है।

अन्तर जिला नाकाबन्दी मे पुलिस थाना जवाजा वृत्त ब्यावर में नाकाबंदी के दौरान 5 जुलाई को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण वैभव शर्मा आरपीएस के मार्गदर्शन एवं सहायक पुलिस अधीक्षक वृत्त ब्यावर मनीष सिंह चौधरी आईपीएस के निकटतम सुपरविजन में पुलिस थाना जवाजा थानाधिकारी मानवेन्द्रसिंह उप निरीक्षक, पुलिस टीम, जिला स्पेशल टीम द्वारा कार्यवाही को अंजाम दिया गया। कांस्टेबल रिछपाल चौधरी, महिपाल सिंह अजमेर की इत्तला पर नाकाबंदी में कार्यावाही करते हुए ट्रक को रुकवाकर तलाशी के दौरान पशु आहार के कट्टो के नीचे छिपाकर लेकर जा रहे अवैध शराब की 400 पेटियों को जब्त किया गया एवं वाहन ट्रक को जब्त किया गया। पुलिस थाना जवाजा पर आबकारी अधिनियम में प्रकरण दर्ज किया गया है।

उपनिरीक्षक थानाधिकारी मानवेन्द्रसिंह की टीम में कांस्टेबल रिछपाल चौधरी, सुरेन्द्र चौधरी, जितेन्द्र बोहरा, अनिल चौधरी, नरेश चौधरी, रामफूल मीना एवं स्पेशल टीम में विजय सिंह उपनिरीक्षक प्रभारी डीएसटी, रणवीर सिंह एएसआई प्रभारी साइबर सेल कांस्टेबल महिपाल सिंह, अजीत सिह अजमेर आदि थे।

## जोधपुर के तस्कर को 10 साल की सजा

**भीलवाड़ा, (नि.सं.)।** जिला एनडीपीएस कोर्ट ने चार साल पुराने तस्करी के मामले में एक तस्कर को कठोर कारावास व आर्थिक दंड की सजा सुनाई है। विशिष्ठ लोक अभियोजक कैलाशचंद्र चौधरी ने बताया कि एनडीपीएस कोर्ट ने जोधपुर के भोपालगढ़, आसंडा निवासी विजय सोऊ उर्फ विजय पुत्र नारायणराम जाट को डोडा पोस्त तस्करी मामले में 10 साल का कठोर कारावास व 1 लाख रुपए का आर्थिक दंड की सजा सुनाई है।

आरोपी के खिलाफ 11 गवाह व 92 दस्तावेज पेश किए गए है। उन्होंने बताया कि 8 फरवरी 2019 को हमीरगढ़ थाने के तत्कालीन प्रभारी सुगन सिंह थाना क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। टीम की ओर से स्वरूपगंज चौराहे पर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच की जा रही थी। इस दौरान चित्तौड़गढ़ की तरफ से आ रही एक स्कार्पियो गाड़ी नाकाबंदी को देखकर रास्ता बदलने लगी। पुलिस को संदेह होने पर गाड़ी का पीछा किया। स्वरूपगंज रेलवे फाटक के पास गाड़ी एक दीवार से टकरा गई।

इसके बाद पुलिस ने गाड़ी में सवार विजय सोऊ को पकड़ लिया था। गाड़ी की जांच करने पर उसमें 115 किलोग्राम डोडा-पोस्त मिला था। जिसे पुलिस ने जप्त कर लिया। तस्कर की गिरफ़्तारी के बाद कोर्ट में चालान पेश किया गया। आरोपी के खिलाफ 11 गवाह व 92 दस्तावेज पेश किए गए है जिसके आधार पर कोर्ट ने 10 साल का कठोर कारावास व 1 लाख रुपए का आर्थिक दंड की सजा सुनाई है।

## मंत्री जूली ने जनसुनवाई की

**अलवर, (निसं)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा कारागार विभाग मंत्री टीकाराम जूली ने बुधवार को मोती डूंगरी स्थित कार्यालय में जनसुनवाई की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं के निस्तारण के लिए अलवर व जयपुर मुख्यालय पर नियमित रूप से जनसुनवाई की जा रही है। जनसुनवाई में जिले व प्रदेश से आए लोगों की समस्याओं का समाधान करने की दिशा में विभागीय अधिकारियों को लगातार निर्देश दिए जा रहे है।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने बताया कि समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोडने के उद्देश्य से अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र एवं प्रदेश के लोगों के लिए नियमित रूप से जनसुनवाई की जा रही है।

राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक तबके के लोगों को मिल सके इस उद्देश्य से जनसुनवाई की जा रही है। उन्होंने समाज कल्याण विभाग के अतिरिक्त निदेशक रविकांत को निर्देश दिए की पालनहार, विधवा पेंशन ,छात्रवृत्ति, वृद्धावस्था पेंशन, एकलनारी एवं दिव्यांगों के लिए विभाग की योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से जनसुनवाई में ही पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जाये।

# खैरथल महाविद्यालय में स्नातकोत्तर कक्षाएं शुरू करने की मांग

**खैरथल, (निसं)।** खैरथल के राजकीय महाविद्यालय में छात्रसंघ कार्यकारिणी के विद्यार्थियों ने हिंदी, भूगोल, राजनीति विज्ञान और लोकप्रशासन विषय में स्नातकोत्तर कक्षाएं शुरू करवाने की मांग उठाई है।

इसके लिए कॉलेज शिक्षा आयुक्त के नाम ज्ञापन राजस्थान किसान आयोग

■ **छात्रसंघ कार्यकारिणी के विद्यार्थियों ने विधायक को ज्ञापन सौंपा**

के उपाध्यक्ष एवं विधायक दीपचंद खेरिया व प्राचार्य को सौंप कर अपनी अनुशंसा व्यक्त करने का आग्रह किया है।

छात्रसंघ उपाध्यक्ष कुमकुम कुमारी ने बताया कि खैरथल जिला बनाने की घोषणा के बाद तेज़ी से क्रियान्विति हो रही है तो ऐसे में महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं के अध्ययन की सुविधा के लिए जिला स्तर के महाविद्यालय को स्नातकोत्तर स्तर पर क्रमोन्नत किया जाना चाहिए,औरि इसके लिए खैरथल महाविद्यालय में बी ए तृतीय वर्ष में अध्ययनरत विद्यार्थी एकत्र हुए और उन्होंने पहले महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रामकिशोर उपाध्याय को ज्ञापन सौंपा। उसके बाद महासचिव राजा भारती और संयुक्त सचिव रणजीत सिंह के नेतृत्व में राजस्थान किसान आयोग के उपाध्यक्ष एवं विधायक दीपचंद खैरिया को ज्ञापन सौंपकर महाविद्यालय को क्रमोन्नत करने की माँग की।

छात्रा रिंकी खातून ने बताया कि विद्यार्थियों को स्नातकोत्तर कक्षाओं में अध्ययन की सुविधा मिल सके इसके लिए क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से एक शिष्टमंडल विधायक दीप चंद खैरिया से मिला। विधायक ने विद्यार्थियों को इस दिशा में प्रयास करने और महाविद्यालय को क्रमोन्नत करवाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर उत्तम सिंहासन, रिंकी खातून, युक्ता व्यास, तुषिता जोशी तथा अन्य विद्यार्थी शामिल रहे।



महाविद्यालय के छात्रों ने विधायक दीपचंद खेरिया ( दांए से पांचवें ) को ज्ञापन दिया।

## नि:शुल्क लैंस प्रत्यारोपण शिविर

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** जिला अंधता निवारण समिति जयपुर के आर्थिक सहयोग व रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज, शंकर लाल कुम्हार, पुष्पनगर के संयुक्त तत्वावधान में शंकरा आई हॉस्पिटल, जयपुर द्वारा श्रीमाधोपुर के रोटरी भवन में 47 वां निशुल्क मोतियाबिंद जांच और लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन हुआ। क्लब के गिरिराज कयाल ने बताया कि सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित हुए शिविर में 93 मरीजों के आंखों की जांच की गई तथा इनमें से चयनित 39 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन और लैंस प्रत्यारोपण के लिए शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर बस से रेफर किया गया जहां चयनित मरीजों का निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा साथ ही चयनित मरीजों के आने-जाने कि व्यवस्था से लेकर खानपान व रहने की संपूर्ण व्यवस्था निशुल्क की जाएगी। तथा चश्मे भी निशुल्क दिये जायेगें। इस मौके पर शंकरा आई होस्पिटल से डॉक्टर लिपिका, पूर्व सप्रान्तपाल डॉ माधव सिंह, पूर्व अध्यक्ष सुरेश कुमार चोटिया, शांति लाल सोनी, पूर्व अध्यक्ष संतोष कुमार सोनी, सचिव सुशील सैनी, मनोज कुमार चोटिया एवं अध्यक्ष विजय सैनी ने उपस्थित रहकर अपनी सेवाएं दी। इससे पहले आयोजित 46 शिविरों में 44 सौ रोगियों का पंजीकरण किया जाकर उनमें से 1094 मरीजों की आंखों के सफल ऑपरेशन हो चुके है। इस तरह के आई कैंप क्लब द्वारा प्रत्येक महीने के पहले बुधवार को आयोजित किया जाता है।

## सार-समाचार

### खेल किट का वितरण किया



**चौमूं / कालाडेरा ( निसं )।** बुधवार को चौमूं शहर के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय और रेलवे स्टेशन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में युवाओं के लिए विधायक रामलाल शर्मा ने खेलकूद किट का वितरण किया। युवाओं के किट में बॉलिवाल, फुटबॉल, बेट, बैटमिंटन किट, कॉक, बॉल, रस्सी कूद किट आदि खेल की आवश्यक वस्तुए बच्चों को भेंट की। विधायक रामलाल शर्मा द्वारा खेलकूद किट पाकर बच्चो के चेहरे खिल उठे। विधायक शर्मा ने कहा कि युवाओं की प्रतिभाओं को तराशने के लिए विधालयो में खेलकूद किट का वितरण किया गया है। इस मोके पर विद्यालय प्राचार्य, स्टाफ़ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहें।

### विवाहिता की संदिग्ध मौत

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** गांव बंबोरा में बुधवार रात एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पिहर पक्ष ने ससुराल पक्ष के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस ने बताया कि अलवर दिल्ली दरवाजा निवासी उमेश ने मुकदमा दर्ज करवाया कि उनकी लड़की अंजू 28 वर्ष ने अपनी मर्जी से करीब डेढ़ माह पूर्व गांव बंबोरा निवासी हंसू के साथ शादी की थी। बुधवार देर रात 2 बजे फोन आया कि अंजू की तबीयत खराब हो गई है। सरकारी अस्पताल किशनगढ़ में भर्ती है। पियर पक्ष ने आरोप लगाया कि अंजू को उसके पति व ससुराल वालों ने मिलकर हत्या कर दी है। ससुराल पक्ष के लोग दहेज की मांग कर रहे थे। पुलिस ने दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर अंजू का पोस्टमार्टम करवाया शव परिजनों पीहर पक्ष को सौंपा है। अंजू ने गांव बंबोरा निवासी अंशु के साथ करीब ढेड माह पहले कोर्ट मैरिज की थी।

## पूर्व राज्यपाल की जयंती पर प्रतिभाओं को सम्मानित किया

**दौसा, (निसं)।** जिला मुख्यालय पर पूर्व राज्यपाल पंडित नवल किशोर शर्मा की जयंती पर विभिन्न क्षेत्र की उत्कृष्ट 31 प्रतिभाओं का चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा द्वारा सम्मान किया गया।

■ **31 प्रतिभाओं का चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने सम्मान किया**

पूर्व राज्यपाल शर्मा की जयंती पर इस सम्मान समारोह में कृषि विपणन राज्य मंत्री मुरारीलाल मीणा खादी बोर्ड चेयरमैन बृजकिशोर शर्मा एवं पूर्व आरपीएससी सदस्य विनोद बिहारी शर्मा आदि मौजूद रहे। पूर्व राज्यपाल शर्मा के जयंती के मौके पर 25 स्कूल छात्र छात्राओं सहित विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 6 लोगों सहित करीब 31 प्रतिभाओं का स्मृति चिन्ह साल एवं नगद राशि देकर सम्मान किया गया। पूर्व राज्यपाल शर्मा की जयंती के मौके पर आयोजित विभिन्न क्षेत्र की प्रतिभाओं के सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परिषद लाल मीणा ने कहा कि पूर्व राज्यपाल स्वर्गीय पंडित नवल किशोर शर्मा से राजनीतिक जीवन में उनको बहुत कुछ सीखने को मिला है। पुर राज्यपाल पंडित शर्मा के जीवन काल में दौसा जिले को बहुत कुछ मिला है। चिकित्सा मंत्री मीणा ने खुद के संबोधन में कहा कि पूर्व राज्यपाल शर्मा उनके समय के बड़े कद्दावर जनप्रतिनिधि रहे थे। उनके द्वारा विकास की राजनीति करते हुए कभी खुद के सिद्धांतों से समझौता नहीं किया गया। मंत्री मीणा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री गहलोत द्वारा दोसा जिले को कई बड़े विकास की सौगातें दी गई है जिनमें ईसरदा प्रोजेक्ट सबसे एम है यह प्रोजेक्ट जिले के लोगों के लिए पेयजल सुलभ कराने की बड़ी परियोजना साबित होगी। इस कार्यक्रम को कृषि विपणन राज्य मंत्री मुरारी लाल मीणा एवं खादी बोर्ड के चेयरमैन व पूर्व मंत्री रहे ब्रजकिशोर शर्मा आदि द्वारा भी संबोधित किया गया।

# सड़क पर घायल मिले नंदी का इलाज कराया

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** कस्बे के एक आम रास्ते पर घायल व्यवस्था में नंदी (सांड) पड़ा मिला जिसको विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल व लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट के कार्यकर्ताओं ने संभाला व बीमार नंदी का करवाया उपचार करवाया।

बीमार गोवंश की सेवा में जुटे सामाजिक संगठन, अपने स्तर पर गायों की सेवा मे तत्पर तैयार रहकर लगातार गोवंश की सेवा में लगे हुए है। बुधवार सुबह रवि प्रजापत को सिनेमा हाल की गली में बरगद के पेड़ के पास बिमार घायल नंदी की जानकारी मिली तो वो तुरंत गोवंश बचाने को पहुंचे वहां देखा बीमार गोवंश के कीड़े पड़ गए है। विहिप के प्रखंड उपाध्यक्ष रवि प्रजापत, लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट उपखंड प्रभारी मुकेश शर्मा, सतीश कुमावत, शुभम सैनी ,धर्मेंद्र धोबी गौ सेवकों ने सड़क पर ही घायल सांड के इलाज के लिए डा. महेंद्र सिंह से सम्पर्क किया। मौके पर आए डा, गोशाला मेनेजर राहुल शर्मा, दीपक, व संगठनों से जुड़े लोगों ने नंदी को पकड़ कर दवाई लगवाई प्राथमिक इलाज करने के बाद अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की।पिछले एक साल में गौ सेवकों द्वारा कई ऐसी सैकड़ो गोवंश का इलाज करवा चुके हैं, जो या तो बीमार थी या फिर सड़क पर वाहन की चपेट में आने से घायल हो गई थी। पशु चिकित्सा कर्मियों से इलाज करवाने में मदद करने सहित गोवंश बचाने का हर संभव कार्य किया है ।विहिप और लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट के कार्यकर्ताओं के सहयोग से कई गंभीर गाय स्वस्थ हो पाई है।



विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल व लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट के कार्यकर्ताओं ने बीमार नंदी का उपचार करवाया।


## कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगरीय क्षेत्र (न.पा.) रींगस, जिला-सीकर (राज.)

क्रमांक-का.प्रा.अधि.न.क्षे.(न.पा.)रींगस/2023-24/1736 दिनांक-04.07.2023

प्ररूप-10
(नियम 6(1) देखिए)
कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगरपालिका रींगस
लोक सूचना

निम्न खातेदारों ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित कृषि भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात

| क्र. सं. | आवेदक का नाम व पता | जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा सं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | खातेदार श्रीमति इंद्रमणि पत्नि श्री बाबुलाल निवासी पलासाना श्री बंसत कुमार पुत्र सांवरमल निवासी दिनारपुरा श्री रतनलाल पुत्र संवतराम निवासी कंवरपुरा श्री शंकरलाल पुत्र खीमाराम निवासी-कुशलपुरा | जिला सीकर तह.श्रीमाधोपुर | राजस्व ग्राम महरौली | 1722 का रकबा 1.2600 है. 1753 का रकबा 0.0300 है0 | कुल किता 02 व 12900 वर्गमीटर एवं आवासीय प्रयोजन |
| 2 | खातेदार श्रीमति मंगली देवी पत्नि श्री कालूराम निठारवाल, श्री मुकेश मोहित, सागरमल पुत्रगण कालुराम निठारवाल निवासी वार्ड नं. 17 रींगस | जिला सीकर तहसील रींगस | राजस्व ग्राम रींगस | खसरा नं. 6048 /5271 का रकबा 0.2564 है0 6044/5271 का रकबा 0.4045है0 | कुल किता 02 व 6809 वर्गमीटर एवं मोटल प्रयोजन |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचितकियाजाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 4.7.23 को जारी की गयी।

(सीताराम कुमावत)
प्राधिकृत अधिकारी
नगरीय क्षेत्र (न.पा.) रींगस


# बार एसोसिएशन ने सांभर-फुलेरा जिला बनाए जाने की मांग रखी

**सांभरझील, (निसं)।** सांभर-फुलेरा संयुक्त जिला बनाए जाने की मांग को लेकर सांभर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष हेमराज कुमावत, सचिव निशांत शर्मा के संयुक्त हस्ताक्षर युक्त एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम जयंत कुमार चौधरी को सौंपा गया।

इस मौके पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कुमावत ने कहा कि कि कुछ चंद लोगों ने अपने निजी स्वार्थ के कारण पड़ोसी विधायक के दबाव में आकर सांभर-फुलेरा जिला बनाने की चली आ रही मांग में व्यवधान पैदा कर अब सांभर-दूदू को शामिल करने की साजिश रची जा रही है, जबकि सांभर खुद उप जिला का दर्जा प्राप्त है एवं राजस्थान का सबसे पुराना उपखंड है, ऐसे में ग्राम पंचायत दूदू जिसे नव जिला घोषित किया गया है में शामिल किये जाने का समिति की ओर से जो मुद्दा उठाया जा रहा है उससे फुलेरा विधानसभा क्षेत्र की जन भावना पूरी तरह से आहत हो रही है। खुद मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया था कि सांभर फुलेरा की जनता की भावना को ध्यान में रखते हुए दूदू नवगठित जिले में शामिल नहीं किया जाएगा तो फिर समिति अब सांभर दूदू जिला की मांग क्यों कर रही है।

सांभर बार एसोसिएशन एक रजिस्टर्ड समिति है जबकि जिन लोगों की ओर से समिति गठित कर यह मांग की जा रही है वह अनरजिस्टर्ड संस्था है। समिति के सचिव निशांत शर्मा ने कहा कि सांभर फुलेरा की मांग लंबे समय से चली आ रही है और बार एसोसिएशन जन भावना के साथ पूरी तरह खड़ा है।

पूर्व कोषाध्यक्ष योगेश शुक्ला का कहना है कि देश में कहीं भी ऐसा उदाहरण देखने को नहीं मिल रहा है कि एक उप जिला को ग्राम पंचायत में सम्मिलित करने की मांग उठी हो, समुद्र का नदी में विलय नहीं हो सकता है इसी प्रकार ग्राम पंचायत में उपखंड का भी विलय किया जाने की मांग करना गैर वाजिब है व न्यायोचित नहीं है। एडवोकेट कानाराम कुमावत एने कहा कि जिन लोगों को क्षेत्र की भौगोलिक व प्रशासनिक जानकारी का अभाव है वे गलत तरीके से मुहिम को प्लेटफार्म पर ले जाकर जनता को गुमराह कर रहे हैं और सांभर फुलेरा जिला बनाने की योजना को कमजोर करने पर तुले हुए हैं।

## विशेष योग्यजनों को राहत मिली

**लालसोट रामगढ़ पचवारा, (निसं)।** उपखंड मुख्यालय पर पंचायत समिति सभागार में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की खंडपीठ के द्वारा बाल अधिकारों के उल्लंघन से संबंधित प्रकरणों के निराकरण हेतु राजस्थान राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग एवं जिला प्रशासन दोसा के सहयोग से आयोजित हुए शिविर में आने वाले परिवादियो सहित खासकर विशेष योग्यजनों को राहत मिली।

वही शिविर के दौरान आने वाले प्रकरणों का ज्यादातर मौके पर ही निस्तारण किया गया। शिविर के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुरेश कुमार एवं सीडब्ल्यूसी से साबो देवी मीणा पंचायत समिति रामगढ़ पचवारा की प्रधान डॉक्टर कौशल्या मीणा एसडीएम मोहर सिंह मीणा जिला बाल संरक्षण इकाई के सुनील मीणा द्वारा जनसुनवाई की गई। इस दौरान ज्यादातर प्रकरण आयोग से जुड़े प्रतिनिधि एवं सीडब्ल्यूसी व प्रशासन के समक्ष विशेष योग्यजनों से जुड़े ज्यादा है।

वही मौके पर ज्यादातर प्रकरणों का निस्तारण कर विशेष योग्यजन ओके आए प्रकरणों का उनको प्रमाण पत्र बनवा कर लाभान्वित करने का कार्य शिविर में किया गया। शिविर के दौरान जिला स्तरीय सभी विभागों के अधिकारियों द्वारा आने वाले पात्र लाभार्थियों को हाथों हाथ मौके पर प्रकरण निस्तारित कर लाभान्वित किया गया। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग से आए प्रतिनिधियों द्वारा कुछ सरकारी कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर कमी कमी पाए जाने पर उसे दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। शिविर के दौरान उपखंड अधिकारी महुआ संजय गोयल जिला परिषद की अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी मीना नीरू तुलसीराम आदि मौजूद रहे।


## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

(पूर्व में केपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिन्गटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 I फैक्स- +91 44 4564 4022

परिशिष्ट- VI {नियम 8 ( 1 )}
कब्जा नोटिस
( अचल सम्पत्ति का )

चूंकि अधोहस्ताक्षरकर्ता आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित) के प्राधिकृत अधिकारी है अत: वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुर्न निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम 2002तथा उपर्युक्त कथित अधिनियम की धारा 13 (12) के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) अधिनियम 2002 के नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 18.3.2023 को एक मांग पत्र कर्जदारों, सह कर्जदारों एवं जामनतियों 1. राजकुमार एण्ड कम्पनी, 2. राजकुमार ताम्बी, 3. मोहन लाल को जारी किया गया था, जिसमें 18.03.2023 की तिथि को देय, मांग पत्र में उल्लेखित राशी रूपये 62,17,608.45/- (रूपये बासठ लाख सतरह हजार छ सौ आठ और पैसा पैतालीस मात्र) का भुगतान उपयुक्त नोटिस प्राप्ती के 60 दिन के अन्दर करने को कहा गया था।

चूंकि कर्जदार उक्त राशि को वापस चचुकाने में विफल रहे है अत: कर्जदारों एवं जनसाधारण को नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि कथित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 जिसका नोटिस में उल्लेख किया गया है के तहत अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उन्होंने यहां निम्न वर्णित संपत्तियों के आज जुलाई 2023 के 3सरे दिन भौतिक रूप से अपने कब्जे/अधिकार में ले लिया है। विशेष रूप से कर्जदारों एवं आम जनता को एतदद्वारा सावधान किया जाता है कि वे इन सम्पत्तियों का सौदा लेनदेन नहीं करें तथा इस सम्पत्ति का किसी भी प्रकार से खरीद-बिक्री करने पर उसे आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित) की प्रभारित शर्तो के अधीन राशी रूपये 62,17,608.45/- (रूपये बासठ लाख सतरह हजार छ सौ आठ और पैसा पैतालीस मात्र) का भुगतान उस पर प्रभारित ब्याज सहित करना होगा। कर्जदारों का अध्यान उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है जिसमें प्रतिभूतिकृत सम्पत्तियों को मुक्त करने के बारे में उपलब्ध समयावधि का उल्लेख है।

### अचल सम्पत्तियों का विवरण

दुकान नं. 74 क्षेत्रफल 14.89 वर्ग मीटर्स, अर्थात 160.21 वर्ग फिट, नाग तलाई, सूरजपोल अनाज मण्डी के सामने, सूरजपोल गेट जयपुर के बाहर, चौकडी हवेली, जयपुर राजस्थान-302003 का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमायें है पूर्व-रोड 30 फिट चौडी, पश्चिम-प्लाट नं. 5 विक्रेता का मकान, उत्तर दुकान नं. 73, दक्षिण-पैसेज

दिनांक- 3 जुलाई, 2023 प्राधिकृत अधिकारी,
स्थान- जयपुर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
ऋण खाता सं.-10034996711और 10056429349 (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड तथा आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित)


# विधायक प्रशांत बैरवा का कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से जन्मदिन मनाया

**निवाई, (निसं)।** निवाई-पीपलू विधायक प्रशांत बैरवा के जन्म दिवस को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया। जगह-जगह स्वागत समारोह के आयोजन हुए। जयपुर से निवाई तक अनेक जगह कार्यकर्ताओं ने विधायक बैरवा को मालाओं से लाद दिया।

शहर में बस स्टेण्ड पर कांग्रेस शहर अध्यक्ष पारस पहाडी व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शंकर चौधरी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने 21 किलो फूलों की माला पहनाकर व केक कटवाकर स्वागत किया व बधाई दी। इस दौरान उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विधायक बैरवा के जिन्दाबाद के नारे लगाए। इस दौरान उत्साहित कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी भी की। बुधवार की सुबह कार्यकर्ताओं ने जयपुर निवास पर पहुंचकर माला व साफ पहनाकर बधाई दी। इस दौरान विधायक प्रशांत बैरवा कार्यकर्ताओं से मिलने के लिए जयपुर से रवाना हुए। इस दौरान सांगानेर पुलिस थाने पर एनएसयूआई के पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल मीणा एवं विकास बोकण के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने विधायक बैरवा का स्वागत किया। जिले की सीमा पर कौथून में एनएसयूआई के पूर्व अध्यक्ष रामधन मीणा, गुन्सी में हनोतिया सरपंच शांति देवी एवं मदन मीणा, ग्राम पंचायत मूण्डिया में मूण्डिया मंडल अध्यक्ष मुकेश मीणा के नेतृत्व में स्वागत किया। इस दौरान बनस्थली मोड पर उपखण्ड अधिकारी रविकांतसिंह मीणा के नेतृत्व में तहसीलदार अजीत बुन्देला, नायब तहसीलदार कुलदीपसिंह, विकास अधिकारी रानू इंकिया सहित कई कर्मचारी एवं अधिकारियों ने विधायक

■ **निवाई एवं पीपलू विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए रहूंगा कटिबद्ध : बैरवा**

बैरवा को बधाई देकर सम्मानित किया। इसी प्रकार हरिजन बस्ती में पार्षद कान्ता देवी संगत एवं कन्हैयालाल संगत, टाल वाले के मौहल्ले में पार्षद इमरान खान, अजहर कुरेशी, युसूफ खान, तनवीर कुरेशी, इमरान एवं सेफू सहित कई कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। जिसमें राजस्थान तीरन्दाजी एसोसियशन के अध्यक्ष दीपेन्द्रसिंह खंगारोत, ब्लॉक अध्यक्ष एडवोकेट शंकरलाल जाट, शहर अध्यक्ष पारस पहाडी, पूर्व शहर अध्यक्ष महावीरप्रसाद पराणा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष राजेश चौधरी, राजेश गुरूजी, ब्रह्मप्रकाश गुर्जर, पप्पूलाल मीणा, प्रदीप पारीक, सीआर हनुमान मीणा, हंसराज जगसरा, सीताराम शर्मा अलियाबाद सहित कई कार्यकर्ताओं ने विधायक प्रशांत बैरवा 21 किलो फूलों का हार पहनाकर स्वागत किया।



कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने विधायक प्रशांत बैरवा को फलों से तोलकर घोड़ी पर बैठाकर जुलुस निकाला।

## नामांकन व प्रवेशोत्सव रैली का आयोजन

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्रीमाधोपुर में प्रधानाचार्य राजेश कुमार अंकुर की अध्यक्षता में नामांकन एवं प्रवेशोत्सव रैली का आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में विशिष्ट अतिथि व एसएमसी सदस्य एडवोकेट राजेन्द्र कुमार शर्मा व एसडीएमसी सदस्य जगदीश प्रसाद मीणा पार्षद द्वारा विद्यालय के टॉपर छात्र-छात्राओं का माला व साफा पहनाकर सम्मान किया गया। उपप्राचार्य सज्जन सिंह जाट द्वारा कला वर्ग की टॉपर छात्रा लवली शर्मा को 51 सौ रु व राहुल सैनी तथा ममता तेतरवाल को 11 - 11 सौ रु का चैक पारितोषिक के रूप में भेंट किये। संस्था ने सत्र के परिणाम कार्यकम में प्रस्तुत किया और आगे भी उत्कृष्ट परिणाम के लिए आ ान किया। सम्मान समारोह के पश्चात अतिथियों एवं प्रधानाचार्य के द्वारा नामांकन व प्रवेशोत्सव रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली शहर कें मुख्य मार्गो से होती हुई कचियागढ़ स्कूल में पहुँची जहां सभी छात्र-छात्राओं को फल, दूध व बिस्किट का अल्पाहार करवाया गया। नामांकन रैली में उपप्राचार्य चन्द्रभान बडसेवाल, विनोद कुमार यादव, अशोक कुमार शर्मा , रामगोपाल मीणा, उत्तम प्रकाश वर्मा आदि शामिल हुए।


## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

(पूर्व में केपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिन्गटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 I फैक्स- +91 44 4564 4022

परिशिष्ट- VI {नियम 8 ( 1 )}
कब्जा नोटिस
( अचल सम्पत्ति का )

चूंकि अधोहस्ताक्षरकर्ता आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित) के प्राधिकृत अधिकारी है अत: वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुर्न निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम 2002तथा उपर्युक्त कथित अधिनियम की धारा 13 (12) के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) अधिनियम 2002 के नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 28.12.2022 को एक मांग पत्र कर्जदारों सह-कर्जदारों एवं जमानतियों 1. शुभ शक्ति विद्यापीठ शिक्षा समिति, 2. धनवन्त्री यादव, 3. जसवन्त सिंह यादव, 4. लोकेश यादव, 5. मीना यादव को जारी किया गया था, जिसमें 28.12.2022 की तिथी को देय, मांग पत्र में उल्लेखित राशी रूपये 1,64,80,617.64/- (रूपये एक रोड चौसठ लाख अस्सी हजार छ सौ सत्रह और पैसे चौंसठ मात्र) का भुगतान उपयुक्त नोटिस प्राप्ती के 60 दिन के अन्दर करने को कहा गया था।

चूंकि कर्जदार उक्त राशि को वापस चचुकाने में विफल रहे है अत: कर्जदारों एवं जनसाधारण को नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि कथित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 जिसका नोटिस में उल्लेख किया गया है के तहत अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उन्होंने यहां निम्न वर्णित संपत्तियों के आज जुलाई 2023 के 3सरे दिन भौतिक रूप से अपने कब्जे/अधिकार में ले लिया है। विशेष रूप से कर्जदारों एवं आम जनता को एतदद्वारा सावधान किया जाता है कि वे इन सम्पत्तियों का सौदा लेनदेन नहीं करें तथा इस सम्पत्ति का किसी भी प्रकार से खरीद-बिक्री करने पर उसे आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित) की प्रभारित शर्तो के अधीन राशी रूपये 1,64,80,617.64/- (रूपये एक रोड चौसठ लाख अस्सी हजार छ सौ सत्रह और पैसे चौंसठ मात्र) का भुगतान उस पर प्रभारित ब्याज सहित करना होगा। कर्जदारों का अध्यान उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है जिसमें प्रतिभूतिकृत सम्पत्तियों को मुक्त करने के बारे में उपलब्ध समयावधि का उल्लेख है।

### अचल सम्पत्तियों का विवरण

आईटम-1
प्लाट नं. 58, प्लाट क्षेत्रफल 219 वर्गगज, देवी नगर विस्तार, हरनाथपुरा, जयपुर, राजस्थान का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमायें है-पूर्व-अन्य भूमि, पश्चिम-रोड 30' चौडी, उत्तर-अन्य भूमि, दक्षिण-प्लाट नं. 58-ए
आईटम-2
प्लाट नं. 58-ए, प्लाट क्षेत्रफल 300 वर्गगज, देवी नगर विस्तार, हरनाथपुरा, जयपुर, राजस्थान का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमायें है पूर्व-अन्य भूमि, पश्चिम- रोड 30' चौडी, उत्तर-प्लाट नं. 58, दक्षिण-प्लाट नं. 59
आईटम-3
प्लाट नं. 64, प्लाट क्षेत्रफल 165 वर्ग, देवी नगर विस्तार, हरनाथपुरा, जयपुर, राजस्थान का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमायें है पूर्व-रोड 30' चौडी, पश्चिम-अन्य भूमि, उत्तर-प्लाट नं. 65, दक्षिण-प्लाट नं. 63-ए

दिनांक- 3 जुलाई, 2023 प्राधिकृत अधिकारी,
स्थान- जयपुर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
ऋण खाता संख्या-27098580 एवं 32898105 (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड तथा आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित)

## संक्षिप्त

### नव्या अग्रवाल सीए बनी



**कोटपूतली, (निसं)।** दी इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंट्स ऑफ इंडिया द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में कस्बे के मौहल्ला बड़ाबास निवासी अल्पबचत एवं बीमा अभिकर्ता दीपक ततारपुरिया की पुत्री नव्या अग्रवाल प्रथम प्रयास में ही सफलता प्राप्त कर सीए बन गई है। नव्या ने इससे पूर्व वर्ष 2019 में सीए फाउण्डेशन में भी अखिल भारतीय स्तर पर 39 वीं रैंक प्राप्त की थी। नव्या कि माता सुमित्रा अग्रवाल पूर्व में पार्षद रह चुकी हैं। नव्या ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व गुरुजनों को दिया है।

### हथकड़ शराब बरामद

**टोंक, (निसं)।** नासिरदा थाना क्षेत्र में मुखबिर की सूचना पर अवैध श्शराब की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान में 65 लीटर वॉश एवं 40 पव्वे देशी मदिरा के ले जाते एक महिला को बेचते गिरफ्तार किया। उक्त कार्यवाही में अति. पुलिस अधीक्षक मालपुरा राकेश कुमार व वृताधिकारी सुरेश कुमार वृत देवली एवं थानाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा कार्यवाही की गई, जिसमें श्रीमति राधा देवी सांसी को 40 पव्वे देशी मदिरा के ले जाते हुए हिरासत में लिया है।

# रोडवेज बस की टक्कर से बाइक चालक युवक की मौत

**मालपुरा, (निसं)।** जयपुर-भीलवाडा स्टेट हाईवे के मालपुरा केकडी सड़क मार्ग पर संवारिया गांव में बुधवार की शाम तकरीबन साढे तीन बजे तेज रफतार रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौके पर ही हुई दर्दनाक मौत के बाद ग्रामीणों ने दो घंटे राजमार्ग जाम कर दिया।

मिली जानकारी में सामने आया कि मृतक युवक जीतराम जाट निवासी मैन्दवास जो कि अपने ननिहाल संवारिया आया हुआ था। बुधवार को मामा के लड़के के साथ घर से बाईक

- गुस्साए ग्रामीणों ने शव के साथ सड़क पर बैठ दो घंटे तक जाम लगाया

लेकर निकला था। मुख्य सड़क मार्ग पर वैशाली नगर डीपो की रोडवेज बस चालक ने लापरवाही बरतते हुए बाईक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एक युवक उछल कर 50 फिट की दूरी पर जा गिरा। तो जीतराम जाट के सिर से रोडवेज का टायर निकल जाने से जीतराम की मौके पर ही मौत हो गई। धमाके की आवाज सुन दौड़ कर ग्रामीण घटनास्थल पहुंचे। लेकिन तब तक चालक बस को छोड भीड का हिस्सा बन मौके से भाग छूटा। गुस्साए ग्रामीणों ने शव के साथ सडक पर बैठ जाम लगा दिया। तकरीबन दो घंटे तक लगे जाम से सडक के दोनो और वाहनो की लम्बी कतारे लग गई। तो कई दुसरी रोडवेज बसे व अन्य वाहन जाम मे फंस गये। जाम की सुचना मिलने पर डीवाईएसपी सुशील व मोर थानाधिकारी रतन सिंह तंवर मय पुलिस जाप्ते के मौके पर पहुंच मृतक युवक के शव को पुलिस सुरक्षा मे ले ग्रामीणो से जाम हटाने की समझाईश की। मृतक के परिजन व ग्रामीणो ने पिडित परिवार को 50 लाख की आर्थिक सहायता व दोषी चालक के विरूद्ध कार्यवाही की मांग को लेकर शव के साथ ही प्रदर्शन व जाम लगाये रखे। मौके पर एसडीएम व रोडवेज डीपो के उच्चाधिकारियो को बुलाये जाने की ग्रामीणो की मांग पर टोंक जिला मुख्यालय से टोंक डीपो के चीफ मैनेजर दीपक कुमावत भी मौके पर पहुंचे तथा दोषी चालक के विरू द्ध विभागीय कार्यवाही एवं पिडित परिवार को विभाग के आलाधिकारियो से मिल हर सम्भव आर्थिक सहायता का विश्वास दिलाये जाने के बाद तकरीबन दो घंटे बाद मृतक युवक के शव का मालपुरा अस्पताल मे पोस्टमार्टम कर शव परिजनो को सौंपा गया।



मालपुरा के संवारिया गांव में रोडवेज बस की टक्कर से युवक की हुई मौत के बाद लोगों ने जाम लगाया।

### होनहार प्रतिभाओं को सम्मानित किया

**चाकसू, (निसं)।** बुधवार को उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर चाकसू में होनहार विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 10और 12वी में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले तथा कक्षा 5वीं और 8वीं में ए ग्रेड प्राप्त करने वाले भैया बहिनों का अतिथियों द्वारा तिलक निकाल कर एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में प्रबंध समिति के अध्यक्ष नाथू लालजी खंडेलवाल, व्यवस्थापक घनश्याम बाहेती, प्राथमिक विद्यालय के व्यवस्थापक मुकुट रावत ,समिति सदस्य सत्यनारायण सावरिया, जुगल गर्ग, सचिन लाभी द्वारा दुपट्टा व मुमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

उच्च माध्यमिक प्रधानाचार्य सुमेर सिंह शेखावत ने सभी भैया बहिनों व अभिभावकों को विद्यालय परिवार की ओर से बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए मंगल कामना की।

बालिका प्रधानाचार्य सीमा शर्मा ने बताया की बहिन सरिता मीणा ने 12 वी कला वर्ग 94.20, ईशा गुर्जर ने 92.40, बहिन हिमांशी सोनी 90.80, बहिन भावना सैनी कक्षा 10 में 89.33 भैया तेज वर्धन सिंह 88.50, कक्षा 12वी विज्ञान वर्ग में भैया रितिक खंड़ेलवाल 84.20, भैया आर्यन शर्मा 82.20 अंक प्राप्त कर टॉपर रहे।16 भैया बहिनों ने 80 से अधिक अंक प्राप्त किए।

## सार-समाचार

### सत्संग ज्ञानयज्ञ समारोह जारी



**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे के श्रीरामनगर पावर हाऊस सड़क स्थित श्रीदादू आश्रम पर महन्त संगीताचार्य संत रामप्रकाश स्वामी के सानिध्य में चल रहे द्वादशवां चतुर्मास सत्संग ज्ञानयज्ञ समारोह के दूसरे दिवस व्यासपीठ से संगीताचार्य संत रामप्रकाश स्वामी ने बुधवार को 10 बजे से 12 बजे तक ज्ञानयज्ञ, श्रीमद् दादूवाणी, प्रवचन, सत्संग एवं गुरु पूजन तथा 12 से दोपहर 1 बजे तक पूजा अर्चना के बाद महाआरती की गई। इससे पूर्व व्यासपीठ से संगीताचार्य स्वामी ने श्रीमद् दादू वाणी, पुराणों, ग्रंथों और गुरु के द्वारा प्रवचन सत्संग के दौरान बताया कि मानव जीवन में प्राणी को कम से कम एक बार श्रीमद् दादू वाणी सत्संग में बैठकर श्रवण करना चाहिए। जिससे मानव जीवन सफल होता है। वहीं उन्होंने बताया कि सत्पुरुष साधु, महात्मा और गुरु , इनकी संगत मानव जीवन का उत्थान और कल्याण करते है। हमें उनके द्वारा बताई गई राह पर चलने से हमारे जीवन की कठीनाइयां दूर हो जाती है। प्रवचन के बाद महाआरती की गई। उपरोक्त जानकारी देते हुए दादू आश्रम के व्यवस्थापक धर्मदास स्वामी ने बताया कि इस अवसर पर रमेश बिजारणियां, गोपाल नेतड, गंगाराम कुमावत, मोहन लाल, जगदीश प्रसाद भोडीवाल, रामवतार, ज्ञानू ,रामबाबू कुमावत, नाथू लाल सैनी, राजेन्द्र सैनी सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

### जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न

**टोंक, (निसं)।** जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस एस अग्रवाल ने चिकित्सा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में मौसमी बिमारीयों की समीक्षा, निरोगी राजस्थान, एमएनडीवाई व एमएनजेवाई की प्रगति की समीक्षा, मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम समीक्षा, शुद्ध के लिये युद्ध की समीक्षा, परिवार कल्याण के कार्यक्रम की समीक्षा, संस्थागत प्रसव, एएनसी, जननी शिशु सुरक्षा योजना, टीकाकरण की प्रगति, एनसीडी कार्यक्रम, राष्ट्रीय क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम, सम्पर्क पोर्टल निस्तारण, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस,शहरी स्वास्थ्य मिशन आदि पर क्रमवार समीक्षा कर कार्य में सुधार लाने के निर्देश दिये। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में 60 दिवसीय तंबाकू मुक्त युवा अभियान के अंतर्गत सभी प्रतिभागियों ने तंबाकू का सेवन न करने एवं अपने आसपास, कार्यालय, शहर, गांव आदि में लोगों को तंबाकू का सेवन ना करने हेतु प्रेरित करने की शपथ ली।

### दुर्घटना में अधेड़ की मौत

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा अजमेर सड़क मार्ग पर हाथगी मोड के पास मंगलवार की देर रात्री को अज्ञात वाहन की टक्कर से एक अधेड़ की मौत हो गई। बुधवार की सवेरे पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के बाद परिजनो को सौंपा। एसआई रामनारायण गुर्जर ने बताया कि बुधवार की सवेरे हाथगी मोड के पास लावारिस हालत में एक अधेड़ का शव पड़े होने की मिली सुचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में ले मालपुरा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। मृतक की शिनाख्त श्योजीराम पुत्र माधोलाल बैरवा निवासी बैरवा ढाणी राजपुरा के रूप में की गई। सुचना पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि मृतक श्योजीराम अपनी बेटी को ससुराल मालपुरा छोड़कर वापस गांव लौटते समय हाथगी मोड के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत का शिकार हो गया। बुधवार की सवेरे तक घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने तलाश की तो राहगीरों की मिली सुचना के बाद सडक हादसे की जानकारी मिली। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनो के सुपुर्द कर मृग मे मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

### स्वर्णकार समाज के नेता का स्वागत

**कोटपूतली, (निसं)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय संयोजक एवं स्वर्णकार समाज के नेता राधेश्याम सोनी गंगानगर के कोटपूतली पहुँचने पर स्थानीय सोनी मार्केट में स्वर्णकार समाज द्वारा माला व साफा पहनाकर तहसील अध्यक्ष दिलीप सोनी के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इस मौके पर राधेश्याम सोनी ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान में स्वर्णकार उधोग से जुड़े 9 लाख स्वर्णकारों को स्वर्ण रजत कला विकास बोर्ड बनाकर बड़ी सौगात दी है। जिससे प्रदेश भर में स्वर्णकार समाज में हर्ष का माहौल है। आने वाले दिनों में स्वर्णकार समाज के लोग हजारों की संख्या में एकत्रित होकर राजधानी जयपुर में मुख्यमंत्री गहलोत का सीएमआर पर आभार व्यक्त करेगें। तहसील अध्यक्ष दिलीप सोनी ने आभार व्यक्त किया।

### चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**टोंक, (निसं)।** पुरानी टोक थाना क्षैत्र स्थित अम्बेडकर स्टेण्डियम में निमार्णाधीन इण्डोर स्टेण्डियम से भवन निर्माण हेतु लाये गये लोहे के सरिये चोरी किये जाने का मामला ठेकेदार राजेश पुत्र कैलाश राजपूत निवासी मानसरोवर जयपुर द्वारा मामला दर्ज कराया गया था, जिस पर तत्परता से कार्यवाही करते हुए वृताधिकारी सलेह मोहम्मद, थानाधिकारी ओमप्रकाश ने दबिश देकर जिला मुख्यालय स्थित पुरानी थाना क्षैत्र के स्थित अम्बिका कॉलोनी निवासी किशन प्रजापत पुत्र भेरूलाल को माल बरामद कर गिरफ्तार किया।

### 50 यूनिट रक्त एकत्रित

**कोटपूतली, (निसं)।** स्थानीय राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में बुधवार को सामाजिक कार्यकर्ता महेश छेपट गोरिया के द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें युवाओं ने बढ़-चढकर रक्तदान करते हुए कुल 50 यूनिट रक्त एकत्रित किया। इस दौरान गुड्डू छेपट, युवा नेता जयसिंह पायला, भोलाराम नेताजी, विनोद मीणा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### जिला बनाने की मांग को लेकर आज मालपुरा बंद

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा को जिला बनाये जाने की मांग को लेकर बीते चार माह से चल रहे जनआंदोलन के तहत गुरूवार को जिला बनाओ कोर कमेटी के आव्हान पर सम्पूर्ण मालपुरा शहर व ग्रामीण क्षेत्र बंद रख विशाल रैली व प्रदर्शन का आयोजन होगा। जिला बनाओ कोर कमेटी के सदस्य जतन लाल जाट ने बताया कि 15 जुलाई से पूर्व आयोजित होने वाले विधानसभा सत्र में मालपुरा को जिला बनाने की घौषणा के लिए राज्य सरकार तक मालपुरा की मांग मजबूती से रखने के उदेश्य को लेकर आज गुरूवार को मालपुरा बंद का आ ान किया गया है। कोर कमेटी के आ ान को कृषि उपज मंडी सहित सभी व्यापारिक संगठनो एवं राजनैतिक संगठनो,सामाजिक संगठनो तथा आमजन अपना समर्थन दे मालपुरा बंद रखने का निर्णय लिया है। प्रातः 11 बजे गांधी पार्क से विशाल रैली के साथ प्रदर्शन करते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंच व्यास सर्किल पर चार दिन से चल रहै धरना स्थल पर राज्य सरकार के नाम ज्ञापन दिया जायेगा।

# कोटपूतली के राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय में हिन्दी माध्यम के प्रवेश बंद

- 11 वीं कक्षा में प्रवेश के लिए दर-दर भटक रहे हिन्दी माध्यम के विद्यार्थी
- राज्य सरकार द्वारा दो वर्ष पूर्व विद्यालय को महात्मा गांधी विद्यालय योजना के तहत अंग्रेजी माध्यम में किया गया था रूपान्तरित

**कोटपूतली, (निसं)।** एक ओर जहां राज्य सरकार द्वारा कस्बे से लेकर गांव-ढ़ाणी तक गरीब वर्ग के विद्यार्थियों को अंग्रेजी माध्यम की आधुनिक शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए महात्मा गांधी विद्यालय नाम से योजना शुरू कर राजकीय विद्यालयों को अंग्रेजी माध्यम में रूपान्तरित कर क्रमोन्नत कर दिया वहीं दूसरी ओर यही योजना हिन्दी माध्यम के विद्यार्थियों के लिए गले का फांस बन चुकी है।

ऐसा ही नजारा यहां के राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय का है। जिसे दो वर्ष पूर्व राज्य सरकार द्वारा महात्मा गांधी विद्यालय योजना के तहत अंग्रेजी माध्यम में रूपान्तरित किया गया था। तब विद्यालय के नाम को परिवर्तित करने का विरोध हुआ तो सरकार ने उक्त विद्यालय का नाम यथावत् ही रखा। लेकिन अब इससे भी आगे बढ़कर विधार्थियों के भविष्य का संकट खड़ा हो गया है। दरअसल उक्त विधालय को कक्षा 1 से 8 व 9 से 12 के दोनों वर्गों में चलाया जाता है। रूपान्तरण के बाद विधालय में कक्षा 1 से 8 तक अंग्रेजी माध्यम में ही प्रवेश लिये जा रहे हैं जबकि हिन्दी माध्यम में पूर्व में कक्षा 9 व 10 एवं इस वर्ष से कक्षा 11 में प्रवेश बंद कर दिया गया है। जिससे हिन्दी माध्यम के विधार्थियों के सामने संकट खड़ा हो गया है।

इसके चलते बुधवार को बड़ी संख्या में विधार्थी व अभिभावक प्रवेश के लिए राजकीय सरदार विधालय पहुंचे, जहां विधालय की प्रधानाचार्या मनोरमा यादव ने प्रवेश लेने से इंकार कर दिया। जिससे विधार्थियों एवं उनके परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। गुस्सायें लोगों ने विधालय के बाहर जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि, हिन्दी माध्यम के विधार्थी अध्ययन के लिए कहां जायें। गरीब परिवारों से आने वाले लोग निजी विधालयों में मोटी फीस नहीं दे सकते। राज्य सरकार ने राजकीय उच्च प्राथमिक विधालय बड़ाबास को क्रमोन्नत कर हिन्दी माध्यम में उच्च माध्यमिक तो किया है लेकिन उक्त विधालय में केवल 5 कमरे है, ऐसे में 12 वीं तक की कक्षाओं का संचालन किस प्रकार हो पायेगा। प्रदर्शन कर रहे पार्षद प्रमोद गुरूजी, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष कमल सैनी व राजेश रावत, दयाराम कुमावत, रमन सैनी एवं अभिभावक मुकेश सैनी, लालचंद, रचना देवी समेत विधार्थियों ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा जयपुर के झोटवाड़ा स्थित जयसिंहपुरा खोर एवं जालसू के आमेर स्थित रोजदा के राजकीय उच्च माध्यमिक विधालयों को अंग्रेजी के साथ-साथ हिन्दी माध्यम में भी दो पारियों में संचालित किये जाने के निर्देश दिये गये है। ऐसे में इस विधालय में भी आसानी से दो पारियों में कक्षाओं का संचालन किया जा सकता है। ताकि गरीब विधार्थी आसानी से पढ़ाई कर सकें। आपको बता दें कि हिन्दी माध्यम को पुनः शुरू करने के लिए पिछले दो वर्षों से निरन्तर मांग चली आ रही है। लेकिन राज्य सरकार द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जबकि राजकीय सरदार विधालय में पूर्व में भी कई वर्षो तक दो पारियों में विधालय का संचालन किया जा चुका है।

वहीं इस दौरान विधालय में विधार्थियों व अभिभावकों के जमावड़े से विधालय की प्रधानाचार्या मनोरमा यादव का गुस्सा भी फूट पड़ा। जब उनसे लोगों ने प्रवेश ना लेने का कारण जानना चाहा तो प्रधानाचार्या ने सभी को कार्यालय से बाहर जाने की बात कहते हुए कहा कि राज्य सरकार के आदेशानुसार ही कार्य किया जायेगा। इस दौरान उन्होंने वीडियो बना रहे एक अभिभावक को धमकाते हुए विडियो भी बंद करवा दिया। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी माध्यम में प्रवेश जारी है लेकिन हिन्दी माध्यम अब यहां बंद कर दिया गया है। इस विधालय में हिन्दी माध्यम के लिए किसी भी प्रकार के आदेश नहीं है।

# 'महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं पर गहलोत सरकार की बर्बरतापूर्ण कार्रवाई दुर्भाग्यपूर्ण'

- भाजपा नेत्री रत्नाकुमारी ने जयपुर में महिला आक्रोश आंदोलन में पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज और दुर्व्यवहार को दुर्भाग्यपूर्ण बताया

**जयपुर/पावटा, (निसं)।** जयपुर में भारतीय जनता पार्टी और महिला मोर्चा के नेतृत्व में राजस्थान में महिलाओं के विरुद्ध हो रहे अत्याचार के खिलाफ किए जा रहे महिला आक्रोश आंदोलन में पुलिस द्वारा महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं के साथ किए गए लाठीचार्ज और दुर्व्यवहार को भाजपा नेत्री रत्नाकुमारी ने दुर्भाग्यपूर्ण बताया है।

रत्नाकुमारी ने बताया कि शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से किए जा रहे प्रदर्शन को दबाने के लिए गहलोत ने पुलिस लगाकर मोर्चाबंदी की तथा महिला पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस द्वारा दुर्व्यवहार किया गया। मीराबाई और पद्मावती की धरती राजस्थान में न्याय की मांग कर रही महिला कार्यकर्ताओं पर पुलिस द्वारा ऐसी कार्रवाई करना शर्मशार करने वाला है। घायल महिलाओं को पुलिस और प्रशासन ने अस्पताल ले जाना भी मुनासिब नहीं समझा जिसके चलते एक घायल महिला को कार्यकर्ताओं द्वारा स्ट्रेचर पर लिटा कर अस्पताल ले जाना पड़ा।

गहलोत सरकार पूरी तरह से असंवेदनशील हो गई।उन्हें अपनी पुलिस को महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं की घेराबंदी करने के बजाए महिलाओं के विरुद्ध हो रहे अपराध और अत्याचार रोकने के लिए तैनात करना चाहिए। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री आवास की ओर कूच कर रही महिला कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस द्वारा धक्का-मुक्की और लाठीचार्ज किया गया जिससे कई महिलाओं को चोटें आई।

राजस्थान में महिलाओं के साथ बढ़ते अपराध और अत्याचार के खिलाफ पूरे राजस्थान भर से महिलाओं ने भाग लिया. विराटनगर विधानसभा से भी बड़ी संख्या में महिलाएं आक्रोश रैली में शामिल हुई. पावटा, विराटनगर, मेड़, प्रागपुरा, तेवड़ी सहित अनेक गांवों से महिला कार्यकर्ता प्रदर्शन में पहुंची।

### सावन के दूसरे दिन झमाझम बरसे मेघा

**फुलेरा, (निसं)।** फुलेरा कस्बे में सावन माह के दूसरे दिन बुधवार की शाम को इन्द्रदेव ने बारिश का श्रीगणेश किया। जबकि पिछले कई दिनों से क्षेत्र वासियों को भारी उमस और गर्मी का कहर झेलना पड़ रहा था। इसको लेकर लोगों ने तो यह भी कहना शुरू कर दिया था कि अधिकमास का पहला श्रावण तो सूखा जायेगा। परन्तु भगवान की लीला के आगे सबका अनुमान फेल हो जाता है। क्षेत्र में बारिश होने से उमस से तो राहत मिली है ही, साथ ही किसानों के खेत की फसल भी अच्छी होने की उम्मीद जागी है।

### प्रधान ने गौ सेवा कर जन्मदिन मनाया

**पावटा, (निसं)।** पंचायत समिति पावटा प्रधान पूजा चौधरी ने पाश्चात्य संस्कृति को छोड भारती संस्कृति को अपना कर गौशाला मे जाकर गायों की पूजा व उन्हे गुड व हरा चारा गौ सेवा करते हुए अपना जन्मदिन मनाया।

लोगों को जिस मुकाम को हासिल करने में लंबा वक्त लग जाता है उसे पूजा ने केवल 21 वर्ष की उम्र में हासिल किया है। वह सबसे कम उम्र की ग्राम प्रधान हैं। पूजा उम्र में भले ही कम हों लेकिन उनके इरादे बुलंद हैं। गांव के विकास के लिए वह पूरी तरह जुटी हुई हैं।

प्रधान पूजा चौधरी ने बताया कि अपना जन्मदिन फालतू खर्च में ना करके विभिन्न सेवाओं के प्रकल्प द्वारा मनाया गया है। इसी प्रक्रिया का निर्वाहन करते हुए अपना जन्मदिन गौ माता की सेवा करके मनाया है।

गौ माता की सेवा से बढकर कोई पुण्य नहीं है। लोगों को होटलों में जाकर पार्टी मनाने की बजाए गौशाला में जाकर गौ माता की पूजा व सेवा कर मनाना चाहिए। इससे बच्चों में संस्कार आते हैं। जन्मदिन के मौके पर पावटा प्रधान पूजा चौधरी ने अपने हाथों से गायों को गुड व चारा खिलाया। इस दौरान उन्होंने गौ सेवको द्वारा किए की जा रही गायों की सेवा कार्य के प्रशंसा की।

# सड़कों पर मारे-मारे फिर रहे गौवंश, दुर्घटना में रोज जा रही है जान

**पावटा, (निसं)।** शहर हो या गांव, सभी जगह गौ-वंश की दुर्दशा हो रही है। ऐसा कोई दिन नहीं बीतता जिस दिन गौ-वंश सड़क दुर्घटना का शिकार न हो, जिस दिन किसी गाय की तड़प-तड़प कर मौत न होती हो। दो वक्त के दाना-पानी के बदले दूध देने वाली गाय, सडकों पर मारी-मारी इसलिए फिर रही हैं, क्योंकि उनके रहने-खाने का इंतजाम

- चक्रतीर्थ गांव में गौशाला में खुले में फेंके कई मृत गौवंश व उनके कंकाल

इंसान ने छीन लिया। गाय सड़कों पर आ गई, बस यहीं से गाय सडक दुर्घटना की वजह और शिकार बनने लगी हैं।

बुधवार सुबह पावटा कस्बे में राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर बैठी एक गाय की मौत अज्ञात वाहन की टक्कर से हो गई, लेकिन किसी के द्वारा उसकी सुध नहीं ली गई। मौके पर पहुंचे टीम भगत सिंह प्रागपुरा युवा संगठन गौ सेवकों द्वारा पावटा प्रागपुरा नगरपालिका के जिम्मेदार लोगों व एनएचएआई अधिकारियों को फोन किया गया। लेकिन 3-4 घंटे तक गाय का चिथडे-चिथडे हुआ शव सड़क पर पडा रहा लेकिन प्रशासन द्वारा मृत गौ वंश को उठाने के लिए साधन तक उपलब्ध नहीं करवाये गये। जिस पर गौ सेवकों में आक्रोश व्यापत हो गया। अंत में एनएचएआई के अधिकारियों द्वारा साधन उपलब्ध करवाने पर मृत गौ वंश को गौ सेवकों द्वारा मिट्टी दी गई।

वहीं पावटा कस्बे के पास चक्रतीर्थ गांव में गौ शाला में कई मृत गौवंश व उनके कंकाल मिलने पर टीम भगत सिंह प्रागपुरा युवा संगठन गौ सेवकों द्वारा आक्रोश जताया गया। मौके पर पहुंची टीम भगत सिंह प्रागपुरा युवा संगठन गौ सेवकों ने सभी मृत गौवंश व कंकालों को मिट्टी दी। इस दौरान गौ सेवक व बजरंग दल उपखंड संयोजक रूपसिंह शेखावत ने बताया कि चक्रतीर्थ गांव में गौशाला में बडी संख्या में मृत गौवंश मिला। जिनमें कुछ कंकाल थे व कुछ गौ वंश में कीडे पड़े हुए थे तो कुछ जानवरों के द्वारा नोंचे गए थे। सभी मृत गौवंश को जेसीबी मशीन बुलाकर गड्ढा खुदवाकर उन्हें मिट्टी दी गई। रूपसिंह शेखावत ने बताया कि आए दिन गाय हादसों का शिकार हो रहीं हैं, कई गाय बारिश के मौसम में सूखे स्थान पर बैठना पसंद करतीं हैं, जिसके लिए उनके पास एक ही विकल्प बचता हैं सड़कों पर बैठना। ऐसे में कई गांव हाइवे के किनारे बसे हुए हैं, जिसके चलते गाय गांव से निकलकर आवारा पशुओं की तरह हाइवे पर बैठ जाती हैं और कभी भी हादसे शिकार होकर उनकी मौत हो जाती हैं।



गांव चक्रतीर्थ की गौशाला में खुले में पड़े मृत गौवंश।

### गर्भकल्याणक जोर सोर से मनाया

**फागी, (निसं)।** कस्बे में स्थित मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन नया मंदिर जी में आज जैन समाज के 20 वें तीर्थकर मुनि सुव्रतनाथ भगवान का गर्भ कल्याणक महोत्सव जोर सोर से मनाया गया।

जैन समाज के मीडिया प्रवक्ता राजाबाबू गोधा ने इस कार्यक्रम में शिरकत करते हुए अवगत कराया कि कार्यक्रम में प्रातः जी का अभिषेक, शांतिधारा , एवं अष्टद्रव्यों से पूजा के बाद भगवान शांतिनाथ की शांति धारा कर धर्म लाभ प्राप्त किया, बाद में सारे समाज ने सामूहिक रूप से मुनि सुव्रतनाथ भगवान के समक्ष सुख समृद्धि और शांति की मनोकामना करते हुए गर्भ कल्याणक का अर्घ चढाया, साथ ही चौबीस तीर्थंकरों, विभिन्न आचार्यों, आर्यिकाओं के भी विभिन्न मंत्रोचारणों के द्वारा अर्घ्य चढ़ाये गये।कार्यक्रम में कपूरचंद नला, नारायण लाल सिंघल, मोहनलाल झंडा, भागचंद टीबा वाले, कैलाश कासलीवाल, सोभागमल सिंघल, हरकचंद झंडा, रमेश बजाज, पं.संतोष बजाज, भागचंद कासलीवाल, पारस चौधरी, महेंद्र गोधा, महेंद्र कासलीवाल, महावीर बजाज, महावीर मोदी, ओमप्रकाश कासलीवाल, राजकुमार कागला, कमलेश झंडा, विनोद झंडा, कमल झंडा, सुशील कासलीवाल, बिज्जू कासलीवाल, कालू कासलीवाल, त्रिलोक पीपलू तथा राजाबाबू गोधा सहित सभी श्रावक श्राविकाएं मोजूद थे ।

# पूर्व कैबिनेट मंत्री के बेटे के जन्मदिन पर रक्तदान किया

**बहरोड़/ अलवर, (निसं)।** पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. जसवंत यादव एवं पूर्व जिला प्रमुख डॉ. किरण यादव ने अपने बेटे मोहित का जन्म दिवस राजाशाही अंदाज में बहरोड़ के खेल स्टेडियम के पास भर्तृहरि मेला ग्राउंड में भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय एवं राज्य स्तरीय पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं सहित रक्तदान शिविर लगाकर मनाते हुए गौशालाओं में लाखों रुपए का दान करने के साथ ही पौधे लगाकर मनाया गया।

आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय संसदीय बोर्ड की सदस्य सुधा यादव एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सांसद अलवर सांसद बालक नाथ, पूर्व जिला प्रमुख डॉक्टर किरण, अलवर विधायक संजय शर्मा, मुंडावर विधायक मनजीत चौधरी, पूर्व मंत्री हेमसिंह भड़ाना, पूर्व विधायक रामहेत यादव, मामन सिंह यादव, जयराम जाटव, बनवारी लाल सिंघल, राम किशन मेघवाल, सुखवंत सिंह, संदीप दायमा, भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, महा सिंह चौधरी जिला महामंत्री, जिला उपाध्यक्ष कपिल वैद्य बहरोड़, कमल यादव, जिला पार्षद रामनरेश, मनोज, वेद प्रकाश खबरी पंचायत समिति सदस्य व अधिकांश कार्यकारिणी सदस्य एवं जिला अलवर उत्तर के भाजपा कार्यकारिणी के सदस्यों सहित बहरोड़ के भाजपा के सभी मंडल अध्यक्ष एवं पूर्व जिला अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह भाटी, संजय मीर पार्षद, राधेश्याम बोहरा, सुनील मास्टर, सुरेश मेहता एवं कई अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष तथा सरपंच एवं पंच सहित अनेक गणमान्य लोगों द्वारा मौके पर पहुंचने के साथ ही फोन के माध्यम से भी एक के बाद एक जन्मदिवस की शुभकामनाएं देने के साथ ही लंबी उम्र की कामना की गई।

वहीं कार्यक्रम में बड़ी तादाद में लोगों के पहुंचने से कार्यक्रम में एक साथ ही उम्मीद से अधिक लोगों एवं वाहनों एवं मौसम की गर्मी के वजह कस्बे का माहौल घुटन जैसा होने के साथ ही लोगों को यहां वहां से दाएं बाएं बाहरी रास्तों से आवश्यक कार्यवश जैसे तैसे एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने में मार्ग बदलना पड़ा।

आयोजित जन्म दिवस कार्यक्रम के दौरान एक तरफ जहां रक्तदान शिविर के आयोजन में लोगों ने रक्तदान किया वहीं कार्यक्रम में भोजन की विशाल व्यवस्था के चलते अधिक संख्या में लोगों के पहुंचने से खाने में मारामारी रही।



मुझे लगता है कि जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं को तलाशने और तराशने में आमतौर पर अनदेखी होती है। इसलिए खिलाड़ियों को खेलों में आने के लिये प्रेरित करने की जरूरत है।

-दिलीप टिर्की

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष, युवाओं को खेल से जोड़ने को लेकर।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**



## श्रेयंका पाटिल

**युवा** ऑफ स्पिनर श्रेयंका पाटिल से गुयाना एमेजॉन वारियर्स ने करार किया है जिससे वह महिला कैरेबियाई प्रीमियर लीग (डब्ल्यूसीपीएल) में खेलने वाली पहली भारतीय बन गयीं। महिला कैरेबियाई प्रीमियर लीग 31 अगस्त से 10 सितंबर तक खेली जायेगी। बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) ने भारतीय महिला क्रिकेटरों को विदेशी लीग में खेलने की अनुमति दी है जिसमें शीर्ष खिलाड़ी जैसे कप्तान हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा और ऋचा घोष समय समय पर आस्ट्रेलिया में डब्ल्यूबीबीएल और इंग्लैंड में 'द हंड्रेड' से खेलती रही हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** क्रिकेट विश्व कप के इतिहास में पहली गेंद 7 जून 1975 को लार्ड्स के मैदान पर भारत के मदनलाल द्वारा इंग्लैण्ड के डैनिश एमिस को फेंकी गई थी।

# वेस्टइंडीज दौरे के लिए प्रैक्टिस सेशन में जमकर पसीना बहा रहे विराट कोहली

## टीम इंडिया वेस्टइंडीज दौरे की शुरुआत 2 मैचों की टेस्ट सीरीज के साथ करेगी, जिसका पहला मैच 12 जुलाई से खेला जाएगा

नई दिल्ली, 5 जुलाई। टीम इंडिया वेस्टइंडीज दौरे की शुरुआत 2 मैचों की टेस्ट सीरीज के साथ करेगी, जिसका पहला मैच 12 जुलाई से खेला जाएगा। इसके लिए खिलाड़ियों ने बारबाडोस में प्रैक्टिस सेशन के दौरान पसीना बहना शुरू कर दिया है।

इस बीच विराट कोहली ने नेट सेशन के दौरान रविचंद्रन अश्विन के खिलाफ एक जबरदस्त रिवर्स स्वीप खेला, जिसका वीडियो किंग कोहली के फैंस के बीच काफी पसंद किया जा रहा है।

विराट कोहली ने बैक-टू-बैक चार गेंद का किया सामना - दरअसल, नेट सेशन के दौरान कोहली को चार अलग-अलग तरह की गेंदबाजी का सामना करना पड़ा, उन्होंने पहले जयदेव उनादकट की बाएं हाथ की गेंद को खेला, इसके बाद अश्विन की ऑफ-स्पिन फिर जडेजा की बाएं हाथ की स्पिन और बाद में एक स्थानीय नेट गेंदबाज की दाएं हाथ की गेंद को कोहली ने बैक-टू-बैक खेला।

वेस्टइंडीज के खिलाफ अभी और करनी होगी तैयारी - हालांकि कोहली अच्छी लय में दिख रहे थे, लेकिन भारत को तेज गेंदबाजों के नेतृत्व वाले वेस्टइंडीज आक्रमण के खिलाफ टेस्ट सीरीज में ऐसी सूखी पिच की उम्मीद नहीं होगी। भारत 12 जुलाई से डोमिनिका में शुरू होने वाले दो टेस्ट मैचों में वेस्टइंडीज का सामना करने के लिए तैयार है। वेस्टइंडीज के खिलाफ खास नहीं है कोहली का रिकॉर्ड - दरअसल, विराट कोहली का वेस्टइंडीज के खिलाफ कोई अच्छा रिकॉर्ड नहीं है। उन्होंने 14 टेस्ट मैचों में 43.26 की औसत से 822 रन बनाए हैं, जो कि इस फॉर्मेट में उनके द्वारा सामना किए गए सभी विरोधियों के बीच उनका दूसरा सबसे खराब स्कोर है। इसके अलावा जिन देशों में उन्होंने कम से कम पांच टेस्ट खेले हैं, उनमें वेस्टइंडीज में उनका औसत दूसरा सबसे खराब (35.62) है। भारत के लिए पिछले 11 मुकाबलों



में से किसी में भी उनका औसत 50 से अधिक नहीं रहा है। दाएं हाथ का यह बल्लेबाज इसे बेहतर करना चाहेगा और 2023-25 विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र शुरू करने के लिए कुछ निरंतरता बनाना चाहेगा।

# अगरकर होंगे भारतीय टीम के नये मुख्य चयनकर्ता

मुंबई, 5 जुलाई। भारत के पूर्व गेंदबाज़ अजीत अगरकर सीनियर पुरुष चयनकर्ता समिति के अध्यक्ष बन गये हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को इसकी आधिकारिक पुष्टि की।

बोर्ड ने एक विज्ञप्ति में कहा, "सुलक्षणा नाइक, अशोक मल्होत्रा और जतिन परांजपे की क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) ने पुरुष चयन समिति में एक चयनकर्ता के पद के लिये आवेदकों का साक्षात्कार लिया। तीन सदस्यीय सीएसी ने सर्वसम्मति से उक्त पद के लिये अजीत अगरकर की सिफारिश की है।"

विज्ञप्ति में कहा गया, "समिति ने वरिष्ठता (टेस्ट मैचों की कुल संख्या) के आधार पर पुरुष चयन समिति के अध्यक्ष की भूमिका के लिये भी श्री अगरकर की सिफारिश की।"

उल्लेखनीय है कि एक समाचार चैनल के स्टिंग ऑपरेशन के बाद फरवरी में चेतन शर्मा ने मुख्य चयनकर्ता के पद से इस्तीफा दे दिया था। पिछले पांच महीनों से यह पद खाली था।

इस पद के लिए आवेदन आमंत्रित करने वाली बीसीसीआई की अधिसूचना के अनुसार, कम से कम सात टेस्ट या 30 प्रथम श्रेणी मैच या 10 एकदिवसीय और 20 प्रथम श्रेणी मैच खेल चुका व्यक्ति ही चयनकर्ता के पद के लिये आवेदन कर सकता था। साथ ही कम से कम पांच साल पहले संन्यास ले चुका व्यक्ति ही आवेदन के लिये पात्र था।

अगरकर ने 110 प्रथम श्रेणी, 270 लिस्ट-ए और 62 टी20 मैच खेलने के अलावा 26 टेस्ट, 191 वनडे और चार टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया। वह 2007 में दक्षिण अफ्रीका में आयोजित उद्घाटन टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा भी थे।

एकदिवसीय क्रिकेट में किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा बनाये गये सबसे तेज अर्द्धशतक का रिकॉर्ड अब भी अगरकर (21 गेंदें) के पास है। उन्होंने केवल 23 मैचों में 50 एकदिवसीय विकेट लेकर ऐसा करने वाले सबसे तेज गेंदबाज का रिकॉर्ड भी करीब एक दशक तक अपने नाम रखा था।

साल 2013 में क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद अगरकर को सीनियर मुंबई टीम का मुख्य चयनकर्ता नियुक्त किया गया। इसके अलावा उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के साथ कोचिंग की जिम्मेदारियां भी निभाईं।

अगरकर का पहला काम वेस्टइंडीज दौरे के लिये भारत की टी20 टीम का चयन करना होगा, जबकि अंतरिम अध्यक्ष शिव सुंदर दास के नेतृत्व वाले पैनल ने टेस्ट और वनडे टीमों का चयन पहले ही कर लिया है। पुरुष चयन समिति : अजीत अगरकर (अध्यक्ष), शिव सुंदर दास, सुब्रतो बनर्जी, सलिल अंकोला, श्रीधरन शरथ।

इस बीच क्रिकेट वेबसाइट क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, चीफ सिलेक्टर अगरकर को 1 करोड़ की जगह सालाना 3 करोड़ रुपए की राशि मिलेगी। वहीं, अन्य सिलेक्टर्स का वेतन भी सालाना 90 लाख रुपए से बढ़ ाया जाएगा। सितंबर में की एन्युअल मीटिंग (एजीएम) में सैलरी पर चर्चा हो सकती है।

चेतन शर्मा को मिलते थे 1 करोड़ रुपए अजीत अगरकर ने चेतन शर्मा की जगह ली, जिन्होंने एक विवादास्पद स्टिंग ऑपरेशन के बाद मुख्य चयनकर्ता के पद से इस्तीफा दे दिया था। चेतन शर्मा बतौर चीफ सिलेक्टर 1 करोड रुपए का वेतन पाते थे। अगरकर पहले 2023 इंडियन प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स के साथ सहायक कोच के रूप में जुडे थे। कुछ दिन पहले फ्रेंचाइजी ने उन्हें रिलीज कर दिया था।



■ **एक समाचार चैनल के स्टिंग ऑपरेशन के बाद फरवरी में चेतन शर्मा ने मुख्य चयनकर्ता के पद से इस्तीफा दे दिया था। पिछले पांच महीनों से यह पद खाली था।**

# टीम इंडिया के खिलाफ सीरीज के लिए बांग्लादेश टीम का ऐलान

## भारतीय महिला क्रिकेट टीम इसी महीने बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज में भिड़ने वाली है

नई दिल्ली, 5 जुलाई। भारतीय महिला क्रिकेट टीम इसी महीने बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज में भिडने वाली है। इस सीरीज की शुरुआत 9 जुलाई से हो रही है। इस सीरीज के लिए भारतीय स्क्वॉड का ऐलान पहले ही हो चुका है। वहीं इसी बीच बांग्लादेश की टीम का भी इस सीरीज के लिए ऐलान किया जा चुका है।

बांग्लादेश की टीम का ऐलान - तेज गेंदबाज जहांआरा आलम और टॉप आर्डर की बल्लेबाज फरगाना हक को भारत के खिलाफ 9 जुलाई से शेर-ए-बांग्ला नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में शुरू होने वाली आगामी महिला टी20 सीरीज के लिए बांग्लादेश टीम से बाहर कर दिया गया है।

जहांआरा और फरगाना के अलावा, ऑलराउंडर लता मंडल, बाएं हाथ की तेज गेंदबाज फरिहा त्रिस्ना और बाएं हाथ की बल्लेबाज रूबिया हैदर को भी मई में श्रीलंका के खिलाफ सीरीज के लिए टीम में रहने के बाद बाहर किया गया है। स्टैंड-बाय खिलाड़ियों में इन्हें मिला मौका - बीसीबी द्वारा जारी बयान में, हालांकि, फरगाना, लता और फरिहा को शर्मिन अख्तर सुप्ता के साथ श्रृंखला के लिए स्टैंड-बाय खिलाड़ियों की सूची में शामिल किया गया है। इन पांच खिलाड़ियों के स्थान पर, अनुभवी ऑलराउंडर सलमा खातून, बल्लेबाज दिलारा अख्तर, शाथी रानी और शोर्ना अख्तर, साथ ही तेज गेंदबाज मारुफा अख्तर हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली मेहमान भारतीय टीम के खिलाफ सीरीज के लिए मुख्य टीम में आए हैं, जो 6 जुलाई को देश में पहुंचेंगे। 9 जुलाई से शुरू हो रही सीरीज - भारत और बांग्लादेश के बीच तीन टी20 मैच 9, 11 और 13 जुलाई को ढाका समय के अनुसार दोपहर 2 बजे से शुरू होंगे। गौरतलब है कि बांग्लादेश 2024 महिला टी20 विश्व कप का मेजबान भी है। टी-20 सीरीज के समापन के बाद, भारत और बांग्लादेश 16, 19 और 22 जुलाई को एक ही स्थान पर तीन वनडे मैच खेलेंगे। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने आखिरी बार अंतरराष्ट्रीय सर्किट पर तब खेला था जब वह फरवरी में दक्षिण अफ्रीका में महिला टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से पांच रन से हार गई थी।

भारत के खिलाफ टी20 के लिए बांग्लादेश टीम:- निगार सुल्ताना (कप्तान और विकेटकीपर), नाहिदा अख्तर, दिलारा अख्तर, शाथी रानी, शमीमा सुल्ताना, शोभना मोस्तरी, मुर्शिदा खातून, शोर्ना अख्तर, रितु मोनी, दिशा बिस्वास, मारुफा अख्तर, संजीदा अख्तर माघला, राबेया, सुल्ताना खातून, सलमा खातून, फाहिमा खातून

स्टैंडबाय खिलाडी: फरगाना हक पिंकी, लता मंडल, शर्मिन एक्टर सुप्ता, फरिहा इस्लाम त्रिस्ना।

## प्रवीण कुमार की गाड़ी को कैंटर ने मारी टक्कर, बाल-बाल बचे

नई दिल्ली, 5 जुलाई। टीम इंडिया के पूर्व खिलाडी प्रवीण कुमार मंगलवार रात कार मेरठ में एक्सीडेंट की चपेट में आ गए। तेज रफ्तार से आ रहे कैंटर ने उनकी कार लैंड रोवर डिफेंडर को टक्कर मार दी। गाडी में हादसे के वक्त प्रवीण के साथ उनका बेटा भी था। हालांकि, अच्छी खबर ये है की दुर्घटना में दोनों सुरक्षित हैं और उन्हें चोट भी नहीं आई है. इस हादसे की खबर सामने आते ही पुलिस हरकत में आई और फौरन कैंटर चालक को हिरासत में ले लिया। पूर्व भारतीय खिलाड़ी प्रवीण कुमार मंगलवार देर रात अपने बेटे के साथ मेरठ में पांडव नगर की तरफ से आ रहे थे। जैसे ही गाडी कमिश्नर आवास के पास पहुंची, तब उनकी गाडी कैंटर से भिड़ गई। इस हादसे में गाड़ी बुरी तरह क्षितग्रस्त हो गई। मगर, सुकून की बात ये है की प्रवीण और उनका बेटे को कोई चोट नहीं आई है और वह पूरी तरह से सुरक्षित हैं। हादसे की खबर मिलते ही सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची और कैंटर चालक को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि कैंटर ड्राइवर को हिरासत में ले लिया गया है और अच्छी बात ये है कि प्रवीण कुमार और उनका बेटा सुरक्षित हैं। साल 2007 में प्रवीण कुमार पहले भी हादसे का शिकार हो चुके हैं।

# स्टीव स्मिथ ने लगाई लम्बी छलांग

ऑस्ट्रेलिया, 5 जुलाई। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ इस समय अपने बल्ले से धमाका कर रहे हैं। वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल मैच में शतकीय पारी खेलने के बाद उन्होंने एशेज सीरीज में भी धमाका किया है। एशेज सीरीज के दूसरे टेस्ट में उनके बल्ले से शतकीय पारी देखने को मिली। यह पारी लॉर्ड्स में आई थी।

बल्लेबाजी में धाकड प्रदर्शन के बाद स्टीव स्मिथ की टेस्ट रैंकिंग में भी तेजी से उछाल आया है। वह चार स्थानों की छलांग के साथ दूसरे स्थान पर आ गए हैं। उनसे आगे अब कीवी कप्तान केन विलियमसन हैं। केन विलियमसन टॉप पोजीशन पर हैं।

स्मिथ और केन विलियमसन के पॉइंट्स में कोई ज्यादा अंतर नहीं है। स्मिथ के 882 रेटिंग पॉइंट हैं और विलियमसन महज एक पॉइंट आगे हैं। इंग्लैंड के जो रूट को बड़ा झटका लगा है। उनकी रैंकिंग नीचे गिर गई। रूट चार स्थानों की गिरावट के साथ टॉप से पांचवें स्थान पर आ गए हैं।

स्मिथ के पास टॉप पर आने का मौका - इससे पहले स्मिथ ने केन विलियमसन को 2021 में कुछ समय के लिए टॉप से हटाकर पहला स्थान प्राप्त किया था। हालांकि कीवी कप्तान अभी चोट के कारण बाहर हैं। न्यूजीलैंड की टीम कोई सीरीज फ़िलहाल नहीं खेल रही है। विलियमसन रिकवरी के दौर से गुजर रहे हैं। स्मिथ के पास उनको हटाने का मौका है।

रूट के लिए लॉर्ड्स टेस्ट खराब रहा- रूट की रैंकिंग एक लॉर्ड्स टेस्ट ने खराब कर दी। वह पहली पारी में 10 और दूसरी पारी में 18 रन बना पे। इसका फायदा स्मिथ को मिला। वह चौथे से दूसरे स्थान पर आ गए क्योंकि उनके बल्ले से शतक आया था। हालांकि एशेज सीरीज में अभी तीन मुकाबले और हैं। रूट के पास फिर से ऊपर जाने का मौका है।

ऋषभ पन्त टॉप 10 में एकमात्र भारतीय - टेस्ट रैंकिंग में टॉप दस में एकमात्र भारतीय ऋषभ पन्त है। उनका नाम दसवें स्थान पर शामिल है।

उनके अलावा भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की टेस्ट रैंकिंग 12 है। पूर्व कप्तान विराट कोहली भी टेस्ट रैंकिंग में 14वें स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के लाबुशेन तीसरे और हेड चौथे स्थान पर हैं। दोनों के बीच एक अंक का फासला है। गेंदबाजी में अश्विन और ऑल राउंडर रैंकिंग में जडेजा टॉप पर बने हुए हैं।

## 2018 की तरह इस बार भी वर्ल्ड कप से बाहर हुआ जिम्बाब्वे

नई दिल्ली 5 जुलाई। जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम के लिए वर्ल्ड कप से बाहर होना निश्चित तौर पर बहुत बडा झटका है। जिम्बाब्वे ने अपनी धरती पर हो रहे आईसीसी वर्ल्ड कप 2023 क्वालीफायर टूर्नामेंट में धमाकेदार प्रदर्शन करके अपनी सबको प्रभावित किया था। इस टीम की ओर सीन विलियम्स और सिकंदर रजा खास खिलाडी थे और उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन करके जिम्बाब्वे के फैन बेस का और विस्तार किया। लेकिन जब सबको जिम्बाब्वे से लाइन पार करने की उम्मीद थी, तब अफ्रीकी टीम धराशाई हो गई।

जिम्बाब्वे को सुपर 6 में ओमान के खिलाफ मिली फीकी जीत के बाद पहले श्रीलंका ने धोया और फिर स्कॉटलैंड ने भी हरा दिया। निश्चित तौर पर वेस्टइंडीज के बाद ये एक और दिल तोड़ने वाली विदाई है। जिम्बाब्वे ने जबकि इस टूर्नामेंट की शुरुआत बहुत धमाकेदार करते हुए लीग स्टेज में चारों मैच जीते थे। लेकिन सुपर 6 की हार निर्णायक थी। इस प्रतियोगिता में जिम्बॉब्वे को अंतिम दो मैचों में मिली हार ने तबाह कर दिया। ये कुछ ऐसा है जो 2018 में भी वर्ल्ड कप क्वालीफायर टूर्नामेंट के दौरान हुआ था। उस टूर्नामेंट में जिम्बॉब्वे के प्रदर्शन और मौजूदा क्वालीफायर में जिम्बॉब्वे के प्रदर्शन में जबरदस्त समानता है।

## दो मैच हारते ही इंग्लैंड टीम से 3 स्टार खिलाड़ी हुए बाहर

नई दिल्ली। एशेज सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड की टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक रोमांचक मुकाबले के बाद 43 रनों से हार का सामना करना पड़ा। वहीं सीरीज के पहले टेस्ट में इंग्लैंड की टीम 3 विकेट से हार गई थी।

सीरीज का तीसरा मुकाबला लीड्स में खेला जाएगा। इंग्लैंड की टीम को हर हाल में जीत की जरूरत है, नहीं तो उनके हाथ से एक और एशेज सीरीज निकल जाएगी। तीसरे टेस्ट से पहले इंग्लैंड की टीम का ऐलान किया जा चुका है, जिसमें कई बड़े बदलाव किए गए हैं।

तीसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड का ऐलान- तीसरे एशेज टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम में ऑली पोप का नाम नहीं है। बता दें कि पोप दूसरे टेस्ट के दौरान चोटिल हो गए थे। जिसके बाद ये खिलाड़ी पूरी सीरीज से ही बाहर हो गया। वहीं दूसरे टेस्ट में शानदार प्रदर्शन करने वाले जोश टंग को भी रेस्ट पर रखा गया है। इसके अलावा दिग्गज तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन को भी तीसरे टेस्ट की टीम से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है। एंडरसन का प्रदर्शन इस सीरीज के पहले दो टेस्ट में ज्यादा खास नहीं रहा।

इन तीन खिलाड़ियों की टीम में एंट्री- तीसरे टेस्ट के लिए टीम में तीन नए खिलाड़ियों को एंट्री दी गई है। पहले टेस्ट में खेलने वाले ऑलराउंडर मोइन अली की टीम में वापसी हुई है।

अली को दूसरे टेस्ट में ड्रॉप किया गया था। इसके अलावा घातक तेज गेंदबाज मार्क वुड को भी इंग्लैंड की प्लेइंग 11 में शामिल किया गया है। वहीं टीम में स्टार ऑलराउंर क्रिस वोक्स की एंट्री भी हो चुकी है। बता दें कि एशेज का तीसरा टेस्ट 6 जुलाई से खेला जाना है।

तीसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग 11: - जैक क्रॉली, बेन डकेट, हैरी ब्रूक, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो (विकेटकीपर), बेन स्टोक्स (कप्तान), मोइन अली, क्रिस वोक्स, मार्क वुड, ओली रॉबिन्सन और स्टुअर्ट ब्रॉड

# मोदी ने भारतीय फुटबाल टीम को बधाई दी

नयी दिल्ली, 5 जुलाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रिकॉर्ड नौवीं बार सैफ चैंपियनशिप जीतने पर भारतीय फुटबॉल टीम को बुधवार को बधाई दी। मोदी ने ट्वीट किया, भारत एक बार फिर चैंपियन बना! ब्लू टाइगर्स ने सैफ चैंपियनशिप 2023 में सर्वोच्च स्थान हासिल किया! हमारे खिलाड़ियों को बधाई।

ट्वीट में कहा गया, "इन एथलीटों के दृढ़ संकल्प और दृढ़ ता से संचालित भारतीय टीम की उल्लेखनीय यात्रा, आगामी खिलाड़ियों को प्रेरित करती रहेगी।" इस बीच, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने भी भारतीय टीम को बधाई दी।

बनर्जी ने ट्वीट किया, सैफ चैंपियनशिप खिताब 2023 जीतने के लिये भारतीय फुटबॉल टीम को बधाई। उन्होंने कुवैत को हराकर नौ बार इसे जीतने का रिकॉर्ड बनाया! हमारे विजयी खिलाड़ियों को बधाई। केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने ट्वीट किया, हमने एक बार फिर कर दिखाया! फाइनल में कुवैत के साथ इतने रोमांचक मुकाबले में धैर्य बनाए रखने और शानदार प्रदर्शन करते हुए रिकॉर्ड आठवीं बार सैफ चैंपियनशिप जीतने के लिये ब्लू टाइगर्स को बधाई। आपकी जीत पर रोमांचित हूं, चमकते रहिए!

उल्लेखनीय है कि मंगलवार रात बेंगलुरु के श्री कांतीरवा स्टेडियम में भारतीय टीम ने पेनल्टी पर कुवैत को 5-4 से हराकर नौवीं बार दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ (सैफ) चैंपियनशिप जीती।

अब तक की सबसे बड़ी और सबसे अधिक प्रतिस्पर्धी सैफ चैंपियनशिप के शिखर मुकाबले में 120 मिनट खत्म होने के बाद खेल 1-1 पर समाप्त हुआ, लेकिन पेनल्टी शूटआउट में गुरप्रीत सिंह संधू के विजयी बचाव ने भारत को नौंवा उपमहाद्वीप खिताब जिताया।

# भारत ने नौंवी बार जीती सैफ चैंपियनशिप

बेंगलुरु, 5 जुलाई। भारत ने सैफ चैंपियनशिप के सांस रोक देने वाले फाइनल में मंगलवार को कुवैत को शूटआउट में 5-4 (फुल टाइम 1-1) से हराकर नौवीं बार दक्षिण एशियाई चैंपियन बनने का सम्मान हासिल किया। कांतीरवा स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में कुवैत ने 14वें मिनट में शबीब अल-खालिदी के गोल से बढ त बनायी, लेकिन लल्लिंज़ुआला छंगटे 35वें मिनट में गोल दागकर भारत को बराबरी पर ले आये। इसके बाद 120वें मिनट तक दोनों ही टीमें गेंद को नेट में नहीं पहुंचा सकीं, जिसके कारण विजेता का फैसला पेनल्टी शूटआउट से हुआ।

शूटआउट में सुनील छेत्री, संदेश झिंगन, छंगटे, सुभाशीष बोस और महेश सिंह ने भारत के गोल किये, जबकि कुवैत के लिये फवाज अल-ओतैबी, अहमद अल जफीरी, महरान और अल-खालिदी ही गेंद को नेट में दाग सके। यह भारत का कुल नौंवा और लगातार दूसरा सैफ चैंपियनशिप खिताब है। वह इस टूर्नामेंट की सबसे सफल टीम है, जबकि उसके बाद मालदीव ने यह चैंपियनशिप दो बार जीती है। पिछले मुकाबले में भारत को ड्रॉ पर रोकने वाला कुवैत इस बार पहले मिनट से ही आक्रामक नज़र आया। संदेश झिंगन और अनवर अली से सजे भारतीय रक्षण ने चौकसी का प्रदर्शन किया, लेकिन कुवैत ने आखिरकार 14वें मिनट में भारत के गोल तक जगह बना ली। कुवैत के लिये प्रत्याक्रमण करते हुए मुबारक अल-फनीनी ने भारतीय गोल की ओर कदम बढ़ ाते हुए अब्दुल्लाह अल-बलूशी की ओर पास खेला। अल-बलूशी ने भारतीय बॉक्स में अकेले खड़े शबीब अल-खालिदी को क्रॉस दिया, जिन्होंने गेंद को नेट में पहुंचाकर कुवैत का खाता खोल दिया। भारतीय टीम 16वें मिनट में अपना पहला गोल करने के करीब आयी, लेकिन उसे स्कोर बराबर करने के लिये 38वें मिनट तक इंतज़ार करना पड़ा। कप्तान छेत्री ने कुवैत के डिफेंस को भेदते हुए सहल अब्दुल-समद को पास दिया। सहल का क्रॉस कुवैत के बॉक्स में खडे लल्लिंज़ुआला छंगटे के पास गया और कुछ घंटे पहले अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ द्वारा साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाडी चुने गये छंगटे ने स्कोर बराबर कर दिया। पहले हाफ में स्कोर बराबर होने के बाद कुवैत ने दूसरे हाफ में आगे निकलने के कई प्रयास किये, लेकिन भारतीय डिफेंस और विशेषकर गोलकीपर गुरप्रीत सिंह ने गेंद को नेट में नहीं पहुंचने दिया। मैच के 53वें मिनट में अल-खालिदी अपना और कुवैत का दूसरा गोल कर सकते थे, लेकिन झिंगन ने अब्दुल्लाह के पास को अल-खालिदी तक नहीं पहुंचने दिया। इंजरी टाइम के दूसरे मिनट में कुवैत दूसरा गोल कर जीत ही गया होता लेकिन गुरप्रीत ने यहां दर्शनीय रक्षण कर भारत को हार से बचा लिया। भारत के पास भी 62वें मिनट में आगे निकलने का मौका था लेकिन छेत्री के पास पर छंगटे का शॉट सीधा कुवैत के गोलकीपर मजरूक के दस्तानों में जा समाया। स्कोर बराबर रहने पर मैच में अंततः अतिरिक्त समय जोडा गया। थोडे विश्राम के बाद दोनों टीमें मैदान पर लौटीं, लेकिन 30 मिनटों की खींचातानी के बाद भी स्कोर 1-1 ही रहा। भारत के लिये 119वें मिनट में गोल की संभावनाएं बनीं भी लेकिन छंगटे का शॉट इस बार क्रॉसबार के ऊपर से निकल गया।

## स्वदेश लौटे जोसेफ, होल्डर

डॉमिनिका। वेस्ट इंडीज के तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ और जेसन होल्डर भारत के विरुद्ध 12 जुलाई से शुरू होने वाली टेस्ट शृंखला की तैयारी के लिये विश्व कप क्वालीफायर छोड़कर स्वदेश लौटेंगे। क्रिकेट वेस्ट इंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने बुधवार को यह जानकारी दी। सीडब्ल्यूआई ने ट्वीट किया, "जेसन होल्डर और अल्ज़ारी जोसेफ आईसीसी क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर से जल्दी प्रस्थान करेंगे। कैरेबियन लौटने पर वे आखिरी दो सुपर सिक्स मैच नहीं खेल पाएंगे। यह फैसला भारत के विरुद्ध टेस्ट सीरीज़ से पहले उनके कार्यभार को प्रबंधित करने की दृष्टि से लिया गया है।" उल्लेखनीय है कि वेस्ट इंडीज भारत में अक्टूबर-नवंबर में होने वाले विश्व कप की दौड से बाहर हो चुकी है, लेकिन ओमान (5 जुलाई) और श्रीलंका (सात जुलाई) के खिलाफ उसके मुकाबले बाकी हैं।

## ख्वाजा को दुर्व्यवहार का निशाना बनाया

लंदन। लॉर्ड्स के लॉन्ग रूम की नवीनतम वीडियो ने खुलासा किया है कि दूसरे एशेज टेस्ट के पांचवें दिन रविवार को लंच के लिये जाते हुए ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा को लगातार दुर्व्यवहार का निशाना बनाया गया था। उल्लेखनीय है कि इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो के विवादित रनआउट के बाद लंच के लिये पवेलियन लौटते ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के खिलाफ मेरिलबोर्न क्रिकेट क्लब (एमसीसी) के सदस्यों द्वारा नारेबाज़ी की गयी। एक वीडियो में एमसीसी सदस्य को ख्वाजा को विशेष रूप से कुछ बोलते हुए देखा गया। ऑस्ट्रेलियाई अखबार द एज द्वारा प्राप्त एक नयी वीडियो में देखा जा सकता है कि एमसीसी के एक सदस्य द्वारा बार-बार कुछ कहे जाने के बाद पाकिस्तानी मूल के खिलाडी ख्वाजा ने एमसीसी के प्रबंधक और टीम के सुरक्षा अधिकारी फ्रैंक डिमासी को उस सदस्य के बारे में जानकारी दी। उस सदस्य ने ख्वाजा से क्या कहा, इसकी अभी पुष्टि नहीं हुई है।

## इंडियन सुपरक्रॉस लीग की पहली फ्रेंचाइजी

पुणे । रियल एस्टेट व्यापार कंपनी पंचशील रियल्टी ने इंडियन सुपरक्रॉस रेसिंग लीग में फ्रेंचाइजी के मालिकाना अधिकार प्राप्त किये हैं। आयोजकों ने बुधवार को इसकी घोषणा की। अतुल छोडिया की स्वामित्व वाली इस फ्रेंचाइजी को पंचशील रेसिंग के नाम से पहचाना जायेगा। पेशे से रेसर रहे छोडिया ने इस अवसर पर कहा, पंचशील रेसिंग में हम इंडियन सुपरक्रॉस रेसिंग लीग में शामिल होने वाली अग्रणी टीम बनकर रोमांचित हैं। एक एथलीट के रूप में मेरे अनुभव और खेल के प्रति गहरे जुनून के साथ हम भारत में सुपरक्रॉस की अपार संभावनाओं को समझते हैं।



*विश्व का एक मात्र एल्बीनो जाएंट एन्टईटर जंगल में खूब फल फूल रहा है। एल्विन नाम का यह एन्टईटर पहली बार गत वर्ष देखा गया था और हाल ही में वैज्ञानिकों ने इसकी तस्वीरें जारी की हैं। माना जाता है कि, यह एक साल का है। एन्टईटर एण्ड हाईवे प्रोजेक्ट (ए.एच.पी.) के शोधकर्ताओं ने 2022 दिसम्बर को इसे ब्राज़ील के मातो ग्रोसो दो सूल राज्य के एक बाड़े में देखा था, उन्होंने ही इसे एल्विन नाम दिया। ब्राज़ील के वाइल्ड एनिमल कंज़र्वेशन इंस्टीट्यूट द्वारा शुरु किए गए प्रोजेक्ट का लक्ष्य था एन्टईटर और वाहनों की टक्कर का आकलन करना। वैज्ञानिकों ने जब पहली बार इसे देखा था उस समय यह अपनी सामान्य रंग की मां की पीठ पर चढ़ा हुआ था। दस माह से कम उम्र के एन्टईटर इसी तरह अपनी मां की पीठ पर चढ़े रहते हैं। टीम ने एल्विन की गतिविधियों पर नज़र रखने के लिए उसके ऊपर जी.पी.एस. सिस्टम लगाया। हाल ही में दस मई को वैज्ञानिकों ने एल्विन की नई तस्वीरें सोशल मीडिया पर जारी कीं। एल्विन का वजन 14 किलो और लम्बाई डेढ़ मीटर बताई गई है। इसका अर्थ है कि, वह एक साल से ऊपर का है और जल्दी ही पूर्ण वयस्क हो जाएगा। एल्विन का पुराना जी.पी.एस. सिस्टम भी छोटा हो गया है इसलिए उसे नया जी.पी.एस. सिस्टम पहनाया गया है। वैज्ञानिकों ने बताया कि, अगस्त 2021 में उन्हें इसी क्षेत्र में एक अन्य अवयस्क नर एल्बीनो जाएंट एन्टईटर का शव मिला था। शव की हालत से लग रहा था कि, उसका शिकार किया गया है। टीम उस एल्बीनो के डी.एन.ए. की तुलना एल्विन के डी.एन.ए से करेगी ताकि पता चले कि उनके बीच कोई प्रत्यक्ष रिश्ता है या नहीं। अगर नहीं तो इससे यह संकेत अवश्य मिलेगा कि, अन्तः प्रजनन के कारण इनका जीन पूल घट गया है, इसलिए एल्बिनिज़्म जैसी दुर्लभ विकृति नज़र आने लगी हैं।*

# देवली में एक बार फिर बुजुर्ग दंपत्ति से लूट की वारदात

## बेखौफ लुटेरों ने 75 वर्षीय बुजुर्ग दंपत्ति व एक अन्य महिला के सोने चांदी के आभूषण लूटे

देवली, 5 जुलाई (निसं)। इन दिनों लगातार लूट और चोरी की वारदातों के बढ़ते मामलों से लोगों में यहां भय बना हुआ है। इतनी वारदातें हो रही हैं लेकिन एक भी आरोपी की अभी तक गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस चोरों का सुराग लगा पाने में पूरी तरह से नाकाम साबित हो रही है। लूट और चोरी की बढ़ती वारदातों से यहां चोर और लुटेरों में पुलिस का भय मानो जैसे पूरी तरह समाप्त हो गया है।

शहर के गणेश रोड स्थित अग्रसेन स्कूल में रह रहे दंपति व उनकी बहन जिनके साथ मंगलवार रात 12 बजे अज्ञात बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया। बेखौफ लुटेरों ने सबसे पहले तीनों जनों को बुरी तरह से पीटा, उसके बाद उनके शरीर पर पहने और घर में रखें सोने और चांदी के आभूषण लूट कर ले गए।

- **लुटेरों ने पीट-पीटकर वृद्ध महिला की कलाइयाँ तोड़ दीं।**

पीड़ित मोहन लाल मीणा ने बताया कि, वह स्वयं उनकी पत्नी मोत्या देवी व बहन मथरा देवी अग्रसेन स्कूल के मुख्य गेट स्थित पोर्च में सो रहे थे। इस दौरान स्कूल के दांई ओर से अज्ञात तीन बदमाश आए। जिन्होंने आते ही उन पर सोते हुए लाठियों से हमला कर दिया। पीड़ित वृद्ध दंपत्ति ने बताया कि, बदमाशों ने सबसे पहले उनका गला दबा दिया तथा सिर पर ईंट की दे मारी। इसके बाद पीड़ित अपना सिर पकड़ कर बैठ गए। वहीं एक अन्य जने ने पीड़ित की बहन मथरा देवी की कलाइयों पर लकड़ी से कई बार वार किए और दोनों हाथों की कलाई को बुरी तरह से जख्मी कर दिया। इससे मथरा देवी की कलाइयां टूट गई। इसी तरह बेखौफ लुटेरों ने मोत्या देवी के सिर व गले पर भी वार किया और उन्हें बुरी तरह घायल कर लूट की वारदात को अंजाम दिया।

उल्लेखनीय है कि, इन दिनों शहर और आसपास के क्षेत्रों में बाहरी क्षेत्र और अन्य स्टेट के अनजान लोग यहां पर आकर रह रहे हैं। यहां रह रहे अन्य राज्यों और बाहरी क्षेत्र के लोगों का पुलिस द्वारा सत्यापन शायद नहीं किया जा रहा है। इसी प्रकार औद्योगिक इकाई और बांध में तालाबों में मत्स्य कार्यों के लिए भी यूपी-बिहार आसाम इत्यादि क्षेत्रों से मजदूर वर्ग के लोग यहां आए हुए हैं जो शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में किराए के मकान लेकर रह रहे हैं। यहां देखने वाली बात तो यह है कि, मकान मालिकों द्वारा भी उक्त किरायेदारों की जानकारी पुलिस तक को नहीं दी जाती है और पुलिस को भी बाहरी क्षेत्र से आए लोगों की जांच वे सत्यापन करते हुए कभी नहीं देखा गया है। पुलिस प्रशासन को चाहिए कि, वह देवली शहर एवं आसपास के क्षेत्र में रहने वाले बाहरी लोगों की जांच पड़ताल कर उनका सत्यापन करना चाहिए। ताकि लूट चोरी जैसी बढ़ती वारदातों को अंजाम देने वाले अपराधियों तक कानून का हाथ पहुंच सके।

वृद्ध दंपत्ति ने बताया कि, अज्ञात बदमाशों ने उनकी बहन का सोने का मांदलिया व चांदी की पायजेब तथा इसी तरह उनकी पत्नी मोत्या देवी की चांदी की पायजेब व सोने का मादलिया लूटकर ले गए। सोने के आभूषण आधा-आधा तोले के थे, जबकि पायल 250-250 ग्राम वजनी थी।

## ए.आई.सी.सी...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

की उम्मीद है। इस मीटिंग में राहुल गांधी के उपस्थित होने की भी संभावना है, जबकि गहलोत ज़ूम पर रहेंगे क्योंकि उनके दोनों टाँगों पर प्लास्टर चढ़ा हुआ है। उम्मीद की जा रही है कि दिन की समाप्ति तक कोई समाधान सामने आ जायेगा क्योंकि चुनाव नज़दीक आ रहे हैं तथा समय एवं धैर्य चुकता जा रहा है।

## सुप्रीम कोर्ट को मिलेंगे दो और जज

नयी दिल्ली, 5 जुलाई (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने बुधवार को तेलंगाना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति उज्जवल भुइयां और केरल उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एस वेंकटनारायणन भट्टी को शीर्ष अदालत का न्यायाधीश बनाने की सिफारिश की। शीर्ष अदालत की ओर से जारी एक बयान में दोनों उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों को पदोन्नत करने की सिफारिश करने के फैसले से संबंधी जानकारी दी गई। बयान के मुताबिक, शीर्ष अदालत में न्यायाधीश बनाने के लिए सिफारिश करने संबंधी फैसला मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति सूर्य कांत की कॉलेजियम की बुधवार को हुई बैठक में लिया गया।

- **कोलीजियम ने तेलंगाना और केरल के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति उज्जवल भुइयां और न्यायमूर्ति एस वेंकटनारायणन भट्टी को सुप्रीम कोर्ट का जज बनाने की सिफारिश की।**

# ‘कन्हैयालाल हत्याकांड के आरोपियों को इलैक्ट्रॉनिक साक्ष्य मुहैया कराए एन.आई.ए.’

## एन.आई.ए. मामलों की विशेष अदालत ने आरोपियों की याचिका पर यह निर्देश दिया है

जयपुर, 5 जुलाई (का.सं.)। एन.आई.ए. (नैशनल इन्वैस्टिगेशन एजेंसी) मामलों की विशेष अदालत ने उदयपुर के कन्हैयालाल टेलर हत्याकांड मामले में एन.आई.ए. को निर्देश दिए हैं कि वह आरोपियों को इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य मुहैया कराए। कोर्ट ने कहा है कि एन.आई.ए. दस्तावेज डी-19 के साथ शामिल मेमोरी कार्ड व डी-86 के साथ दी गई सीडी व मोबाइल मैसेज, जिस डिवाइस में स्टोर किए गए थे उसकी कॉपी उन्हें दे दे। कोर्ट ने यह आदेश आरोपी मोहम्मद गौस, रियाज अत्तारी सहित मोहसिन, मोहम्मद मोहसिन, आसिफ, वसीम अली, मोहम्मद जावेद व मुस्लिम खान के प्रार्थना पत्र पर दिया। वहीं कोर्ट ने आरोपियों की मौके के रंगीन फोटोग्राफ दिलाए जाने की प्रार्थना को खारिज कर दिया।

- **आरोपियों ने कहा था कि, उन्हें मृतक कन्हैयालाल की दुकान की सी.सी.टी.वी. फुटेज, फोटो व आवाज के नमूने उपलब्ध करवाए जाएं। कोर्ट ने रंगीन फोटो दिलवाने की आरोपियों की प्रार्थना खारिज कर दी।**

आरोपियों ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र दायर कर कहा था कि उन्हें मृतक कन्हैयालाल की दुकान के सीसीटीवी फुटेज व फोटो और अनुसंधान के दौरान आरोपी मुस्लिम खान, मोहम्मद रियाज अत्तारी व गौस मोहम्मद की आवाज़ के जो नमूने लिए थे उनकी सीडी दिलवाई जाए। इसके जवाब में एनआईए के विशेष लोक अभियोजक तेज प्रकाश शर्मा ने कहा कि आरोपियों को रंगीन फोटोग्राफ मुहैया कराना संभव नहीं है, क्योंकि इनका उपयोग आरोपी आगामी पेशियों में कर सकते हैं। वहीं दस्तावेज डी-19 के साथ पेश किए गए साक्ष्य भी सीलबंद हैं और डी 86 के साथ दी गई सीडी भी कोर्ट में सील बंद हालत में है। ऐसे में आरोपियों की ओर से दायर प्रार्थना पत्र केवल मामले में देरी करने के लिए हैं। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनकर एनआईए को निर्देश दिया कि वह दस्तावेज डी-19 के साथ शामिल मेमोरी कार्ड व डी-86 के साथ दी गई सीडी व मोबाइल मैसेज जिस डिवाइस में स्टोर किए गए थे उसकी कॉपी आरोपियों को दे। गौरतलब है कि बीते मंगलवार को अदालत ने आरोपियों के प्रार्थना पत्र को स्वीकार करते हुए आरोप पत्र की हिंदी प्रतिलिपि देने को कहा था।

# मोदी राजस्थान सहित चार राज्यों को देंगे 50 हजार करोड़ रु. की सौगात

## प्र.मंत्री मोदी 8 जुलाई को बीकानेर में कई परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन करेंगे

नयी दिल्ली, 5 जुलाई (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार और शनिवार को चार राज्यों छत्तीसगढ, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना और राजस्थान के दौरे पर जायेंगे जहां वह लगभग 50,000 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।

- **गौरतलब है कि, राजस्थान में आसन्न विधानसभा चुनावों के मद्देनजर यहां भाजपा नेताओं का आवागमन बढ़ गया है। इसी सप्ताह अमित शाह और केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी का प्रदेश के विभिन्न हिस्सों का दौरा हो ही चुका है।**

गौरतलब है कि, राजस्थान में आसन्न विधानसभा चुनावों के मद्देनजर यहां भाजपा नेताओं का आवागमन तेज हो गया है। इसी सप्ताह अमित शाह और केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी का प्रदेश के विभिन्न हिस्सों का दौरा हो ही चुका है।

प्रधानमंत्री 8 जुलाई को सुबह तेलंगाना के वारंगल पहुंचेंगे और एक सार्वजनिक कार्यक्रम में शामिल होंगे, जहां वह विभिन्न परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। प्रधानमंत्री शाम को बीकानेर पहुंचेंगे, जहां वह राजस्थान की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे।

प्रधानमंत्री 7 जुलाई को छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश की यात्रा पर रहेंगे। वह 8 जुलाई को तेलंगाना और राजस्थान का दौरा करेंगे। रायपुर में सार्वजनिक कार्यक्रम में विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करने के बाद प्रधानमंत्री दोपहर को उत्तर प्रदेश के गोरखपुर पहुंचेंगे, जहां वह गीता प्रेस, गोरखपुर के शताब्दी समारोह के समापन समारोह में भाग लेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत ट्रेनों को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। प्रधानमंत्री शाम को वाराणसी पहुंचेंगे, जहां वह एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लेंगे।

## कैप्टन अमरिंदर ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पार्टी उन्होंने कांग्रेस से निष्कासित कर दिये जाने के बाद बनाई थी। भाजपा सूत्रों ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल के रूप में उनका नाम विचाराधीन है। ज्ञातव्य है कि इस पद को 2020 से मनोज सिन्हा सँभाले हुये हैं।

सूत्रों ने कहा कि मोदी दो-तीन राज्यपालों को उनके पद से हटाकर लोकसभा चुनावों में खड़ा कर सकते हैं। इन राज्यपालों में केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान (71) भी शामिल हैं। चूँकि जो कुछ मोदी के दिमाग में चल रहा होता है, उसे वे किसी के साथ साझा नहीं करते हैं, इसलिये यह सोचकर पार्टी नेता ऐसी बातों पर माथापच्ची नहीं करते कि वे कहीं मोदी के कापभाजन ने बन जायें।

सूत्रों ने कहा कि कैप्टन को ऐसा संकेत दिया गया था कि भाजपा पंजाब में कुछ लोकसभा सीटें पाने के लिये उन पर भरोसा करेगी। लेकिन उन्होंने उस समय स्वयं को तिरस्कृत महसूस किया। जब पंजाब का भाजपाध्यक्ष पद सुनील जाखड़ को दे दिया गया। कांग्रेस से आए जाखड़ कांग्रेस के पुराने नेता तथा पूर्व लोकसभा अध्यक्ष बलराम जाखड़ के बेटे हैं। सूत्रों ने कहा कि मोदी अमरिन्दर सिंह को जम्मू-कश्मीर का राज्यपाल बनाकर, उन्हें साँत्वना देने की कोशिश कर रहे हैं।

## महाराष्ट्र व गोवा, कर्नाटक...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

उचित एवं आवश्यक महत्व देना ही चाहिये। अर्थशास्त्री राज्य के आर्थिक विकास में क्षेत्रीय असंतुलन पर दुख व्यक्त करते रहते है तथा कहते हैं कि इस मुद्दे पर जितना जल्दी विचार कर लिया जाये, उतना ही श्रेयस्कर होगा।

अगर व्यवसायियों तथा उद्योगपतियों को मजबूर किया गया तो उन्हें निश्चित रूप से अन्य विकल्पों की तलाश करनी ही होगी।

फैडरेशन ऑफ कर्नाटक चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इण्डस्ट्रीज (एफ.के.सी.सी.आई.) के अध्यक्ष बी. विजय कुमार ने कहा, “मैं नहीं मानता कि कोई उद्योग राज्य से बाहर चला जायेगा, और अगर किसी ने ऐसे बयान दिये हैं, तो वे किसी क्षण के तात्कालिक आवेश में दे दिये गये होंगे।” जो भी है, लेकिन कर्नाटक के लोगों की औद्योगिक इकाइयाँ तमिलनाडु के होसुर नगर में तथा महाराष्ट्र के सीमावर्ती क्षेत्र में हैं।

बिजली की दरें बढ़ने की स्थिति को लेकर औद्योगिक प्रतिष्ठान दोनों ही काम कर रहे हैं- वे जहाँ राज्य सरकार के साथ भी लामबंदी कर रहे हैं, वहीं वे विरोध करने के लिये सड़क पर उतर आये हैं तथा बिजली दरों में एकाएक हुई बड़ी वृद्धि, जिसके कारण राज्य में उद्योग संचालित करना मुश्किल हो गया है, को वापस लेने की माँग कर रहे हैं।

उद्योगपतियों के एक गुट में भावना है कि ऊर्जा लागत में वृद्धि कृषकों और परिवारों को मुफ्त बिजली के लिए अनुदान जुटाने को की गई है। मुख्यमंत्री एस. सिद्धारमैया ने पहले ही ऊर्जा शुल्क में संशोधन की मांग ठुकरा दी है।

मुख्यमंत्री रविवार को कहा कि सरकार को उद्योग की परेशानी का पता है और उसका विश्वास जीतने के प्रयास किए जाएंगे। उद्योग जगत इससे प्रभावित नहीं हुआ और कल बंद का आ ान किया और उत्तर कर्नाटक सहित कई भागों में मार्च भी निकाला गया।

बंद का आ ान कर्नाटक चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने किया था और विभिन्न क्षेत्रों के चैम्बर इसमें शामिल हुए। हुबली और धारवाड़ से प्राप्त खबरों के अनुसार वहां औद्योगिक इकाइयां सूनी पड़ी रहीं। हुबली में प्रदर्शनकारियों ने कहा कि अधिक वृद्धि से उद्योग चलाना मुश्किल हो जाएगा।

## पेन्नियार नदी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

तो लड़ने लगेंगे।

जस्टिस बोपन्ना कर्नाटक से और जस्टिस सुंद्रेश तमिलनाडू से हैं।

तमिलनाडू द्वारा 2018 में दायर किए गए इस मुकदमे में एक संक्षिप्त शपथ पत्र पेश करते हुए जलशक्ति मंत्रालय ने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय जल विवाद अधिनियम 1956 के तहत पेन्नियार जल विवाद ट्रिब्यूनल का गठन करने का प्रस्ताव मंत्रिमंडलीय सचिवालय और केन्द्रीय मंत्रिमंडल को स्वीकृति के लिए भेज दिया गया है। इसमें कहा गया है कि केन्द्रीय मंत्रिमंडल को अभी इसमें अंतिम निर्णय लेना है।

तमिलनाडू सरकार अपने मूल केस के साथ सुप्रीम कोर्ट पहुंची जो उक्त नदी पर चैक डैम्स बनाने व जल प्रवाह का रूख मोड़ने के खिलाफ दर्ज किया था।

तमिलनाडू सरकार ने कहा कि अन्तर्राज्यीय नदी एक राष्ट्रीय सम्पदा है और कोई राज्य इस पर एकाधिकार नहीं जता सकता। उसने कहा कि 1892 का नदी जल समझौता संबंधित राज्यों पर लागू है और कर्नाटक बिना तमिलनाडू की स्वीकृति के चैक डैम्स और जल मार्ग परिवर्तन का निर्माण नहीं कर सकता।

# ‘पैट्रोल की कीमत 15 रू. तक हो सकती है’

प्रतापगढ़/ नई दिल्ली, 5 जुलाई। प्रतापगढ़ में मंगलवार को हुये एक सार्वजनिक कार्यक्रम में नितिन गडकरी ने दावा किया है कि, जल्द ही देश में पेट्रोल सिर्फ 15 रुपए प्रति लीटर मिल सकेगा।

- **नितिन गडकरी ने प्रतापगढ़ की सभा में इसके लिए फॉर्मूला स्पष्ट किया कि, पैट्रौल में 60 प्रतिशत एथेनॉल मिलाने की योजना को मूर्त दिया जा रहा है।**
- **गडकरी ने इस कार्यक्रम में कहा, अब सब गाड़ियां किसानों के तैयार किए एथेनॉल से चलेंगी। पैट्रोल में 60 प्रतिशत एथेनॉल और 40 प्रतिशत इलैक्ट्रिक इंजन, अगर इसका अगर औसत निकला जाए तो 15 रुपये लीटर पेट्रोल का भाव होगा, और जनता का भला होगा।**

दरअसल, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी राजस्थान के प्रतापगढ़ में मंगलवार को हुए एक कार्यक्रम में शिरकत की थी। कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि किसान केवल अन्नदाता नहीं, ऊर्जादाता भी बनेगा। ये हमारी सरकार की सोच है। गडकरी ने इस कार्यक्रम में कहा, अब सब गाड़ियां किसानों के तैयार किए इथेनॉल से चलेंगी। 60 प्रतिशत इथेनॉल और 40 प्रतिशत बिजली, उसका अगर औसत निकला जाए तो 15 रुपये लीटर पेट्रोल का भाव होगा, जनता का भला होगा।

उन्होंने कहा कि किसान ऊर्जा दाता बनेगा। देश की जनता का भला होगा। देश का प्रदूषण कम होगा। आयात कम होगा। 16 लाख करोड़ का आयात है। उसके बजाय ये पैसा किसानों के घर में जाएगा। किसानों के घर समृद्ध होंगे। रोजगार मिलेगा। बताते चलें कि इथेनॉल एक अलग तरह का ईंधन है। इसके इस्तेमाल से प्रदूषण कम होता है। गन्ने के रस के जरिये इथेनॉल बनाया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 में विश्व जैव ईंधन दिवस के अवसर पर हरियाणा के पानीपत में टूजी इथेनॉल संयंत्र देश को समर्पित किया था। इस जगह से हर साल तीन करोड़ लीटर इथेनॉल का उत्पादन करने का लक्ष्य रखा गया था।

सरकार की ओर से कहा गया था कि इस परियोजना से ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा में सालाना लगभग तीन लाख टन कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन के बराबर की कमी लाने में योगदान देगी।

## कोर्ट के बाहर वकीलों के दो गुटों में विवाद, गोलियां भी चलीं

नयी दिल्ली, 5 जुलाई (वार्ता)। राष्ट्रीय राजधानी के तीस हजारी न्यायालय में बुधवार को दो वकीलों के गुटों के बीच किसी मुद्दे पर बहस होने के बाद गोलीबारी की घटना सामने आयी। पुलिस के मुताबिक दोपहर करीब एक बजकर 35 मिनट पर सब्जी मंडी में गोलीबारी होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने बताया कि पदाधिकारियों सहित वकीलों के दो अलग-अलग गुटों द्वारा हवा में गोलियां चलाई गईं। घटना में कोई घायल नहीं हुआ। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि स्थिति नियंत्रण में है और मामले में जांच की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि वकीलों दो गुटो में कुछ मुद्दों पर बहस शुरू हुई और बात तब ज्यादा बिगड़ गई जब एक व्यक्ति ने कथित तौर पर हवा में गोलियां चला दीं। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें एक व्यक्ति हवा में गोलियां चलाता हुआ दिख रहा है।

## शरद पवार ने ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

शरद पवार गुट ने 3 जुलाई को चुनाव आयोग के समक्ष केवियट प्रस्तुत किया था यह सुनिश्चित करने के लिए कि वह प्रतिद्वंदी अजीत गुट की अपील के आवेदन पर एकतरफा सुनवाई न करे। चुनाव आयोग को अजीत गुट का 30 जून को लिखा पत्र 5 जुलाई को मिला जिसमें दावा किया गया है कि उसमें पार्टी के 40 विधायकों एवं सांसदों के हस्ताक्षर हैं। आयोग ने यह पत्र “विवादित मामला” मानते हुए शरद पवार को उनके जवाब के लिए भेजा है।

# एम.पी में गरीब व्यक्ति पर पेशाब करने के आरोपी का घर ढहाया गया

## मध्यप्रदेश प्रशासन ने अमानवीय और बेहद आपत्तिजनक व्यवहार के मामले में कार्रवाई करते हुये आरोपी के मकान का एक तिहाई हिस्सा बुलडोजर से ढहा दिया

सीधी, 5 जुलाई (वार्ता)। मध्यप्रदेश के सीधी जिले में जनजाति समुदाय से आने वाले एक गरीब व्यक्ति पर पेशाब करने के बेहद आपत्तिजनक और अमानवीय व्यवहार के एक वायरल वीडियो के मामले के आरोपी प्रवेश शुक्ला के अवैध मकान को बुधवार को बुलडोजर से ढहा दिया गया।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार आरोपी प्रवेश शुक्ला के बहरी थाना क्षेत्र के कुबरी गांव स्थित मकान के एक तिहाई हिस्से को प्रशासन ने अवैध मानते हुए बुलडोजर के माध्यम से ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान जिला एवं पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

जिले में जनजाति समुदाय से आने वाले एक व्यक्ति के साथ बेहद आपत्तिजनक और अमानवीय व्यवहार का कल एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को कल रात्रि गिरफ्तार कर लिया और आज उसके खिलाफ एनएसए के तहत कार्रवाई भी की गयी है।

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान गुरुवार को भोपाल में सीधी जिले की दुखद घटना के पीड़ित और उसके परिजनों से मुलाकात करेंगे।

आधिकारिक सूत्रों ने आज बताया कि सीधी की दुखद घटना में पीड़ित एवं उनके परिवारजनों से मुख्यमंत्री चौहान कल यहां सीएम हाउस में मुलाकात करेंगे।

- **गौरतलब है कि, मंगलवार को एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें नशे में धुत एक व्यक्ति खुलेआम सड़क किनारे एक गरीब और जनजाति समुदाय के व्यक्ति पर पेशाब करते दिखाई पड़ रहा था। इस वीडियो के सामने आने के बाद से ही लोग उस आरोपी के खिलाफ भारी रोष व्यक्त कर रहे थे।**

इस बीच सीधी से मिली खबरों के अनुसार पूर्व मंत्री और कांग्रेस विधायक कमलेश्वर पटेल करोंदी निवासी पीड़ित दशमत रावत के परिजनों से मिलने पहुंचे। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाया और पुलिस पर पीड़ित को अपनी कस्टडी में रखने का आरोप लगाया।

पटेल ने प्रशासन से पीड़ित को तुरंत परिजनों से मिलाने की मांग करते हुए कहा कि ऐसा नहीं होने पर वे धरना देंगे। इस बीच पुलिस भी दल बल के साथ मौके पर पहुंची और एहतियातन कदम उठाए।

इस बीच सूत्रों ने कहा कि पीड़ित को भोपाल ले जाया गया है। इस मामले को लेकर जमकर राजनीतिक बयानबाजी भी हो रही है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मध्य प्रदेश में एक युवक के साथ भारतीय जनता पार्टी विधायक के करीबी द्वारा किए गये व्यवहार को शर्मनाक बताते हुए कहा है कि राज्य में भाजपा के 18 साल के शासन में आदिवासियों पर अत्याचार हुए हैं।

गांधी ने ट्वीट किया,भाजपा-राज में आदिवासी भाइयों और बहनों पर अत्याचार बढ़ते ही जा रहे हैं। मध्य प्रदेश में एक भाजपा नेता के अमानवीय अपराध से सारी इंसानियत शर्मसार हुई है। यह भाजपा का आदिवासियों और दलितों के प्रति नफ़रत का घिनौना चेहरा और असली चरित्र है।

श्रीमती वाड्रा ने कहा,मध्य प्रदेश में भाजपा विधायक के एक करीबी द्वारा आदिवासी युवक से की गई अमानवीय व घृणित हरकत बेहद शर्मनाक है। प्रदेश में भाजपा शासन के 18 साल में आदिवासियों पर अत्याचार के 30,400 मामले सामने आए हैं। भाजपा राज में आदिवासी हितों पर केवल कोरे दावे और कोरी बातें हैं। आदिवासियों पर अत्याचार रोकने के असल कदम क्यों नहीं उठाती सरकार।

इस बीच पार्टी ने अपने ट्विटर पेज पर इस संबंध में टिप्पणी करते हुए कहा, आदिवासियों पर अत्याचार के मामलों में मध्य प्रदेश नंबर एक है। साल 2019 में 1,922 मामले, 2020 में 2,401 और 2021 में 2,627 मामलों के आंकड़ों से जाहिर है कि मध्य प्रदेश में आदिवासियों पर अत्याचार साल दर साल बढ़ रहा है। सनद रहे कि ये वो मामले हैं जो तमाम अवरोधों के बाद दर्ज हो सके। न जाने कितने ऐसे मामले होंगे जो पुलिस की फाइलों तक नहीं पहुंचे होंगे। पार्टी ने कहा,हाल ही में मध्य प्रदेश के भजपा नेता का एक वीडियो वायरल है। भाजपा नेता ने पूरी इंसानियत को शर्मसार कर दिया। एक आदिवासी युवक के साथ जो कृत्य किया गया उसके लिए उसे कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा। आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908